जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBiT



**Fast & Melting Moments**

The Hindu Verma Bakery and the adjoining Sardar Bakery on Mirza Ismail Road had trained bakers. They had learnt to make beautiful crunchy sweet biscuits with some added cashewnuts.

**Of Love, Sin and Life**

**Ultimate Summer Hangout**



*प्रदेश में हुई राजनैतिक नियुक्तियों के लिए धन्यवाद देने पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के आवास पर उनके समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, यहां तक कि पुलिस को बैरिकेडिंग भी करनी पड़ी।*

# पायलट के निवास पर धन्यवाद जताने के लिये भीड़ उमड़ी

- **इनमें प्रमुख थे, गजराज खटाना, सुरेश मोदी, अभिमन्यु पूनिया, सुचित्रा आर्य, करण सिंह, उचियारड़ा व हरीश यादव।**

जयपुर, 3 मार्च (का.प्र.)। सचिन पायलट के निवास पर गुरुवार को समर्थकों की भीड़ के चलते पुलिस को बैरिकेडिंग कर रास्ते रोकने पड़े।

सचिन पायलट कोटे से मिली राजनीतिक नियुक्तियों के लिए नेता उनका धन्यवाद और आभार जताने अपने समर्थकों के साथ उनके निवास पर पहुंचे। इस दौरान गजराज खटाना, सुरेश मोदी, अभिमन्यु पूनिया, सुचित्रा आर्य, करण सिंह उचियारड़ा और हरीश यादव अपने समर्थकों के साथ उनके आवास पर पहुंचे।

सुचित्रा आर्य को राजस्थान स्टेट एग्रो इंडस्ट्रीज डवलपमैंट बोर्ड उपाध्यक्ष बनाये जाने पर कांग्रेस कार्यकर्ता पार्टी के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट सिविल लाइन्स स्थित सरकारी आवास पहुंचे और आभार जताने के साथ ही उनका अभिनंदन किया। उन्होंने कहा "कि वे कांग्रेस हाईकमान व पायलट साहब के आभारी हैं जिन्होंने किसान नेता सुचित्रा आर्य को राजस्थान सरकार में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देकर प्रदेशभर के किसान वर्ग की जनभावनाओं का सम्मान किया। यह कदम कांग्रेस पार्टी व कमेरे वर्ग में आशा एवं उत्साह का संचार करेगा। इस अवसर पर आर्य ने अपने समर्थकों सहित पायलट का आभार जताते हुए कहा कि राहुल गांधी की किसानों की आय बढ़ाने की सोच को लेकर उनका मानना है कि कृषि को उद्योग का दर्जा मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# 'आदित्यनाथ तो भोगी हैं, मैं हूँ असली योगी'

## ममता बनर्जी ने वाराणसी में आयोजित सपा की चुनाव अभियान की आमसभा में "हर, हर, महादेव" का उद्घोष किया

- **पर, ममता बनर्जी को सपा के मंच पर इतना महत्व देना विपक्ष की एकता का प्रतीक माना जाये या अखिलेश का वोट बटोरने का हताश भरा प्रयास।**
- **अखिलेश, अपनी विशालहृदयता इस लिये भी दिखा सकते हैं, क्योंकि ममता की पार्टी यू.पी. में एक भी सीट पर चुनाव नहीं लड़ रही।**
- **परन्तु ममता के राज्य, प. बंगाल में थोड़ी सी अटपटी स्थिति बन रही है। एक मुस्लिम युवक की छत से गिरने से मृत्यु हो गयी और मुस्लिम संगठन इस दुर्घटना की बंगाल की पुलिस से नहीं, बल्कि किसी अन्य पुलिस संगठन से जांच की मांग कर रहे हैं।**

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 3 मार्च। एक विडम्बनापूर्ण मोड़ लेते हुये, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश के चुनावों में तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी के साथ अपना चुनावी मंच साझा किया। इसे विपक्षी एकता का प्रदर्शन माना जाये या फिर यह वोटों के लिये अखिलेश यादव का अंतिम क्षणों में लिया जाने वाला सहारा है।

तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने आज वारावणी की एक जनसभा में, सपा के एक बहुत बड़े चुनावी "शो" में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

पवित्र नगर वाराणसी में ममता ने यू.पी. में मुख्यमंत्री को नीचा दिखाने की कोशिश की और स्वयं को उनसे बड़ा योगी बताया। उन्होंने आदित्यनाथ को "योगी" के ठीक विपरीत एक "भोगी" बताया। फिर उन्होंने भगवान शिव की इस नगरी में अपनी आध्यात्मिकता का बखान करते हुये "हर-हर महादेव" से वातावरण गुंजायमान कर दिया।

ममता बनर्जी, ममता बनर्जी ही हैं। वे जहाँ भी होती हैं, वे स्वयं को हर तरह से सर्वश्रेष्ठ दिखाती हैं। पिछले सप्ताह, जब बेहद लोकप्रिय बंगाली गायिका संध्या मुखर्जी का निधन हुआ था तो ममता ने जोर देते हुये कहा था कि स्वर्गीय संध्या मुखर्जी ममता के लिखे गीतों को बहुत पसंद करती थीं तथा उन्होंने उनके लिये गीत गाये थे।

वस्तुतः, उत्तर प्रदेश के चुनावों से ममता बनर्जी का प्रत्यक्ष लेना-देना नहीं है क्योंकि उनकी पार्टी वहाँ चुनाव मैदान में नहीं है। इसलिये, उनकी अखिलेश से किसी प्रकार की कोई प्रतिस्पर्द्धा नहीं है। वे तो एक सर्वाधिक महत्वपूर्ण राज्य के चुनाव में सिर्फ अपनी उपस्थिति दर्ज कराने आई थीं। ज्ञातव्य है कि उत्तर प्रदेश के चुनाव को 2024 के संसदीय जनादेश की पूर्व सूचना माना जा रहा है।

दरअसल, उन्होंने आज वाराणसी के अपने चुनावी उद्बोधन में काफी कुछ कहा है। उत्तर प्रदेश के चुनाव परिणाम कुछ भी क्यों न रहें, वे तो पश्चिम बंगाल के बाहर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के हर संभव प्रयास कर रही हैं। लेकिन उनकी विश्वसनीयता पर बार-बार प्रश्न चिन्ह लगते आ रहे हैं।

कांग्रेस सभी राज्यों के चुनावों में, ममता बनर्जी को पूरी तरह दूर रख रही है तथा ममता विभिन्न राज्यों में कांग्रेसजनों को छीनकर, राष्ट्रीय परिदृश्य में अपनी मौजूदगी दर्ज कराने की कोशिश कर रही हैं। गोवा में उन्होंने कांग्रेस नेताओं को ठीक उसकी तरह तोड़कर अपनी पार्टी में लिया था, जैसा उन्होंने मेघालय में किया था।

राहुल गांधी के खिलाफ उनकी बार-बार की जाने वाली तीखी टिप्पणियों से यह तो सुनिश्चित हो गया है कि एकीकृत विपक्ष में उन्हें कोई जगह नहीं मिलेगी। वस्तुतः ऐसा भी माना जा रहा है कि वे भाजपा की मदद करने के लिये, एकीकृत विपक्षी मोर्चे को तितर-बितर करने की कोशिश कर रही हैं।

जैसी कि उनकी आदत है, उनका तौर तरीकों में साम्प्रदायिकता का पुट था। उत्तर प्रदेश की वाराणसी नगरी में उन्होंने "हर हर महादेव" उच्चारित किया। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें गंगा नदी के किनारे कई आध्यात्मिक अनुभव हुये हैं।

लेकिन उनके अपने राज्य में सब-कुछ ठीक-ठाक नहीं है। एक मुस्लिम युवा की मृत्यु, जो टी.एम.सी. की सहअपराधिकता का संदेह पैदा कर रही है, के कारण, उन्हें मुस्लिमों के प्रहारों का सामना करना पड़ रहा है।

कलकत्ता के पास आमटा में, एक युवक को उसके मकान की छत से धक्का देकर नीचे गिरा दिया गया था। इसके बाद, इंडियन सेर्कुलर फ्रंट, जो अनेक इस्लामिक संगठनों का विशिट मुखपत्र हैं, ने इस युवक की मृत्यु की निष्पक्ष जाँच के लिये अभियान छेड़ रखा है। फ्रन्ट की माँग है कि इसकी जाँच राज्य पुलिस से नहीं, बल्कि किसी अनय एजेंसी से कराई जाये।

राज्य भाजपा ने इस युवक की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया था।

# सुप्रीम कोर्ट के जजों की गुहार!

- **अपने बंगलों में घूमते बंदरों के झुण्डों से घबरा कर जजों ने निविदा आमंत्रित की, बंदरों को डराने व भगाने वालों के लिये।**

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 3मार्च। सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश संसद भवन के बिल्कुल नजदीक स्थित अपने बँगलों में बंदरों के उत्पात से इतने भयभीत हैं कि सर्वोच्च न्यायालय ने निविदा जारी करके हाउस कीपिंग एजेंसियाँ आमंत्रित की हैं ताकि वे "मंकी स्केअरर्स" की सेवाएं उपलब्ध कराके उन्हें सुरक्षा एवं राहत दे सकें।

निविदा सूचना में कहा गया है कि बंदर भगाने वाले इन लोगों को जब और जैसी जरूरत के मुताबिक शुरू में 6 माह के लिए तैनात किया जायेगा। ये लोग सर्वोच्च न्यायालय से 3-4 किलोमीटर की दूरी पर स्थित 35-40 बँगलों पर तैनात किये जायेंगे।

बंदरों के संकट का सामना उस क्षेत्र में रहने वाले मंत्री तथा सांसद तथा सरकारी स्टाफ के लोग भी कर रहे हैं। बंदर सचिवालय तथा अन्य सरकारी

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# 2 जी स्कैम

- **सुप्रीम कोर्ट ने स्कैम में लिप्त पार्टियों की "एन्ट्री फीस" वापस करने से इंकार किया।**

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 3 मार्च। एस्सार ग्रुप के लूप टेलीकॉम और ट्रेडिंग लिमिटेड की ओर से "एंट्री फीस" को लेकर दायर एक अपील को सुप्रीम कोर्ट ने गुरूवार को खारिज कर दिया। अपील में कहा गया था कि वर्ष 2007 में उन्होंने 21 सर्विस क्षेत्रों में 2 जी मोबाइल फोन लायलैंस के लिए 1454.94 करोड़ रूपए एंट्री फीस के रूप में जमा कराए थे, लेकिन उन्हें प्रदत्त सभी लायसैंसों को सुप्रीम कोर्ट के वर्ष 2012 के एक निर्णय में रद्द कर दिया गया, जिसे देखते हुए उन्हें उक्त एंट्री फीस रिफण्ड की

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# राजस्थान के जादूगर की जादूगरी, अपने ही उपमुख्यमंत्री को गायब कर दियाः डॉ. सतीश पूनिया

## रीट पेपर लीक मामले में सी.बी.आई. जांच की मांग भी पूनिया ने दोहराई

- **भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि आमेर आने वाला हर पर्यटक पूछता है कि, नाथी का बाड़ा कहां है, हमें वह देखना है।**
- **पूनिया के अनुसार, कांग्रेस सरकार को कर्जा लेकर घी पीने की आदत पड़ चुकी है।**

जयपुर, 3 मार्च (वि.सं.)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने विधानसभा में बजट अभिभाषण पर बहस में भाग लेते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और उनकी सरकार पर जमकर प्रहार किए। उन्होंने कहा कि राजस्थान में जादू करते-करते राजस्थान सरकार ने अपने ही उपमुख्यमंत्री को गायब कर दिया। इस दौरान पूनिया ने प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था से लेकर मौजूदा बजट की खामियों को गिनाया और साथ ही रीट पेपर लीक मामले में एक बार फिर सीबीआई जांच की मांग की।

पूनिया ने कहा कि "महिला उत्पीड़न, बढ़ते क्राइम के बाद अब आत्मदाह के मामले में भी राजस्थान नंबर वन हो गया है। बजट में केंद्र सरकार की जल जीवन मिशन योजना जिसके तहत साल 2024 तक राजस्थान के 86 लाख लोगों तक पानी पहुंचाना था, उसकी गति का जिक्र नहीं किया।

आज राजस्थान सरकार के चलते इस योजना की गति बेहद धीमी है। साल 2024 तक महज 60 लाख लोगों तक यह पानी पहुंच पाएगा।"

उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार कर्जा लेकर बजट पेश कर रही है। यह निर्भरता कम करने वाला नहीं निर्भरता बढ़ाने वाला बजट है। उन्होंने कहा कि अभी तीन साल में राजस्थान सरकार ने डेढ़ लाख करोड़ रुपए का कर्जा लिया, जो इस वर्ष दो लाख करोड़ को पार कर गया।

पूनिया के अनुसार कांग्रेस सरकार को कर्जा लेकर घी पीने की आदत पड़ चुकी है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान में 60 लाख किसान हैं, जिनपर 1 लाख 20 हजार करोड़ का कर्जा है, जिसे गहलोत सरकार माफ करे।

पूनिया ने कहा कि राजस्थान में देश का हर तीसरा पर्यटक घूमने आता है और उनकी विधानसभा क्षेत्र आमेर में भी जो पर्यटक आता है, वो पूछता है "नाथी का बाड़ा कहां हैं, हमें वह देखना है।

सरकार ने बजट में आमेर विधानसभा को कुछ नहीं दिया, एकमात्र उपहार जो आईफोन दिया था, वह भी मैंने लौटा दिया।

सरकार को यदि डर नहीं है, तो वह रीट परीक्षा की अनियमितता की सीबीआई जांच करवाने से बच क्यों रही है।

# फिटनेस सर्टिफिकेट

- **अब यह अनिवार्य होगा कि, सभी वाहनों पर फिटनेस सर्टिफिकेट इस तरह चिपका हो, जिससे साफ पढ़ा जा सके कि, सर्टिफिकेट कब तक वैध है।**

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 3 मार्च। सरकार ने प्रस्तावित किया है कि वाहन पर उसके रजिस्ट्रेशन नम्बर के साथ ही, मान्य फिटनैस सर्टिफिकेट प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा। नीले बैकग्राउन्ड पर पीले रंग के बोल्ड अक्षरों वाला यह प्रमाण पत्र विन्ड स्क्रीन के ऊपरी हिस्से

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# 'मैं पुतिन को आदेश दूं युद्ध बन्द करने के लिये?'

- **सुप्रीम कोर्ट के मु.न्यायाधीश रमन्ना ने यूक्रेन से भारतीयों को वापस लाने के लिये दर्ज याचिका की सुनवाई के दौरान झुंझला कर कहा।**

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 3 मार्च। मुख्य न्यायाधीश एन.वी. रमना ने गुरुवार को उस पी.आई.एल., जिसमें युद्ध-पीड़ित यूक्रेन से भारतीय विद्यार्थियों को निकाले जाने का अनुरोध किया गया था, पर खीजते हुये कहा कि कोर्ट रूस और यूक्रेन में चल रहे युद्ध के मामले में कुछ नहीं कर सकता।


जब यह पी.आई.एल. उनकी बैंच के समक्ष शीघ्र सुनवाई के लिये रखी गई तो उन्होंने कहा, "क्या मैं रूस के राष्ट्रपति को युद्ध रोकने के निर्देश दे

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# पेंशन का टेंशन बताया राज्य बजट को पूर्व मुख्य सचिव राजीव महर्षि ने

## महर्षि केन्द्र में वित्त सचिव और सी.ए.जी. के भी प्रमुख रहे हैं और कई बार राज्य का वार्षिक बजट बनाने का अनुभव है

- **पुराने पेंशनर और फैमिली पेंशनरों की संख्या 5.6 लाख**
- **प्रतिवर्ष ऐसे पेंशनरों की संख्या में 30,000 की वृद्धि**
- **वर्तमान एन.पी.एस. पेंशनरों की संख्या 5.5 लाख**
- **पेंशन भुगतान पर प्रतिवर्ष भार 23,000 करोड़**
- **पेंशन भुगतान पर प्रतिवर्ष वृद्धि 7.5 प्रतिशत वर्ष 2030 तक**
- **राज्य का वर्तमान घाटा 29,400 करोड़**
- **वर्ष 2035 तक राज्य सरकार के पास पेंशन भुगतान के लिए धनराशि नहीं रहेगी**



*राजीव महर्षि*

**-प्रकाश भण्डारी-**

जयपुर, 3 मार्च। अशोक गहलोत सरकार द्वारा पेश किए गए वर्ष 2022-2023 के राज्य बजट, जिसे राज्य के पहले कृषि बजट का नाम और रूप भी दिया गया था, का सबसे चौंकाने वाला पक्ष राज्य कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना से लाभान्वित करने का निर्णय था और 23 हजार 488 करोड़ 56 लाख रूपए के घाटे के इस बजट के बाद, न्यू पेंशन स्कीम (एन.पी.एस.) का पल्ला झाड़कर पुरानी डिफाइन्ड पेंशन बेनेफिट स्कीम (डी.पी.बी.एस.) को अपनाकर, कर्ज में दबी राज्य सरकार ने अपने उपर कर्ज के बोझ को और अधिक बढ़ाने का निर्णय लिया है।

पुरानी पेंशन स्कीम को अपनाने से राज्य कर्मचारियों में खुशी की लहर दौड़ गई और कर्मचारी वर्ग राज्य सरकार को इस निर्णय के लिए धन्यवाद दे रहा है। अर्थशास्त्री राज्य सरकार द्वारा कर्मचारियों को दिए गए इस मंहगे उपहार की आलोचना कर रहे हैं और उनका यह मानना है कि यह योजना युवाओं की जेब खाली कर बुजुर्गों की जेबें भरने की है।

पेंशन के इस टेंशन का आकलन और विश्लेषण पद्म भूषण राजीव महर्षि ने किया है। राज्य के पूर्व मुख्य सचिव रहे महर्षि, जिन्होंने राज्य के वित्त सचिव के अलावा आगे चलकर केन्द्र सरकार में वित्त सचिव के अलावा गृह सचिव और भारत के नियंत्रक और महालेखाकार जैसे महत्वपूर्ण पदों को संभाला है, ने गहलोत सरकार के इस निर्णय की कटु आलोचना की है। राजीव महर्षि ने नैशनल इन्स्टीट्यूट ऑफ पब्लिक फाइनेन्स एण्ड पॉलिसी (एन.आइ.पी.एल.पी.) की एसोसिएट प्रोफेसर रेणुका साने के साथ गहलोत सरकार के इस लोक लुभावन उपहार का विश्लेषण किया है। उनका यह विचारोत्तेजक लेख का सार प्रस्तुत हैः

पेंशन का टेंशन विश्वव्यापी है। डिफाइन्ड पेंशन बेनेफिट स्कीम (डी.पी.बी.एस.) एक ऐसा रोग है जिससे भारत सहित विश्वभर के सभी समृद्ध देश ग्रस्त है। पेंशन देने के लिए या पेंशन योजना को पोषित करना एक ऐसी चुनौती बन गया है कि इसका समाधान ही नहीं निकल रहा है। आधुनिक चिकित्सा व्यवस्था, बेहतर खान-पान और अधिक जीने की चाह से अवकाश प्राप्त संवर्ग की जीवित रहने की दर पूर्व के मुकाबले काफी बढ़ गई है। अब लंबी उम्र तक लोग जीवित रहने लगे हैं। नतीजा यह हुआ कि जवान लोगों को अब वृद्धों की पेंशन के लिए अपनी जेबें हल्की करनी पड़ रही है। यह सब पूर्ति टैक्स के मार्फत हो रही है।

वर्ष 2003 से पूर्व सेवा में आने वाले कर्मचारियों को डी.पी.बी.एस. के अंतर्गत पेंशन देने का दायित्व केन्द्र और राज्य सरकारों पर है और सेना के जवानों और अधिकारियों को भी इस स्कीम के तहत ही पेंशन भुगतान होता है। लेकिन पेंशन का भुगतान बुजुर्गों के लिए युवा वर्ग टैक्स के जरिए करता है। आज के युवा वर्ग के अलावा कल जन्मने वाली संतानों को भी यह भुगतान भरने का दायित्व बना रहेगा।

वर्ष 2004 में केन्द्र सरकार ने एक नई पेंशन योजना से पेंशन स्कीम चालू की। पश्चिम बंगाल सरकार के अलावा देश के सभी राज्यों ने इस स्कीम को अपनाया। इस स्कीम के अंतर्गत पेंशन

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## विचार बिन्दु

थोड़ा सा झूठ भी मनुष्य का नाश कर सकता है। –महात्मा गाँधी

# सरकारी स्कूलों में जहां यूनिफार्म के नियम हैं, वहां हिज़ाब पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है।

गयारह दिन बहस के बाद कर्नाटक हाईकोर्ट की फुल बैंच ने शिक्षा संस्थानों पर हिजाब के प्रतिबंध को चुनौती देने वाली रिट् याचिकाओं के निर्णय को सुरक्षित (रिजर्व) रखा है। इन पिटीशन्स की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश रितुराज अवस्थी, न्यायाधीश कृष्णा एस. दीक्षित व न्यायाधीश जे.एम. काजी की पीठ ने की है। माननीय हाईकोर्ट ने इस केस में जो अन्तरिम निषेधाज्ञा आदेश जारी की थी कि कोई भी छात्र/छात्रा ऐसी कोई वेशभूषा क्लास में नहीं पहनेगा जिसका संबंध किसी धर्म से माना गया है। केस में यह महत्वपूर्ण प्रश्न उठाया गया कि क्या हिजाब पहनना इस्लाम में आवश्यक धार्मिक प्रेक्टिस (प्रथा) है तथा क्या स्टेट को इस मामले में दखल का अधिकार है? याचिका में यह प्लीड किया है कि हिजाब पहनना अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की भांति है जो संविधान के अनुच्छेद 19(1) में दिया गया है इस अधिकार पर अंकुश केवल अनुच्छेद 19(2) में दी गई परिस्थितियों में ही हो सकता है। याचिका में राज्य सरकार के दिनांक 05.02.2022 के आदेश को, इस आधार पर चुनौती दी गई है कि कॉलेज डेवेलपमेंट कमेटी को यूनिफार्म निर्धारण के अधिकार हस्तान्तरित नहीं किये जा सकते। यह भी आपत्ति की गई है कि राज्य के एजूकेशन एक्ट में ऐसी किसी कमेटी के अस्तित्व का उल्लेख नहीं है। स्टेट ने अपने रेजिडूअरी पावर के तहत्, उसे इस प्रकार के अधिकार प्राप्त होना बहस में बतलाया है।

एडवोकेट मुछाला ने बहस के समय तर्क दिया कि पिटीशनर ने अपनी पिटीशन में घोषणा की रिलीफ की प्रार्थना नहीं की है, उसने यह रिलीफ चाहा है कि सरकार के आदेश दिनांक 05.02.2022 को निरस्त (Quash) किया जावे और छात्राओं को हिजाब पहने कक्षा में उपस्थित होने की अनुमति दी जावे। ये पिटीशन्स प्री–यूनिवर्सिटी स्कूलों जो सरकारी अनुदान नहीं लेते उनके आन्तरिक मामलों में सरकार को दखल देने का अधिकार नहीं है।

अन्तरिम आदेश के प्रभावित होने पर भी हिजाब का विवाद बरकरार है। छात्राओं ने कुछ दिनों पूर्व ही सोमवार को यह आरोप लगाया कि उडुपी के सरकारी महिला पीयू कॉलेज में हिजाब पहनकर पहुंची तीन छात्राओं को प्रेक्टिकल परीक्षा में प्रवेश नहीं दिया।

हिजाब को लेकर जगह जगह आन्दोलन हो रहे हैं और अन्तरिम आदेश की अवज्ञा भी हो रही है स्थिति चिन्ताजनक है, इसका समाधान ढूँढना आवश्यक है कानूनी बहस हो चुकी है, हाईकोर्ट को अपना निर्णय देना है। केस की परिस्थितियों में न्यायिक निर्णय आवश्यक है; किन्तु निर्णय ऐसा होना चाहिये जो प्रेक्टिकल हो और समस्या का समाधान हो, जिससे देश में समता, समानता व समरसता का वातावरण बने और देश विकास और उन्नति की ओर आगे बढ़े।

पिटीशन्स में पिटीशनर व प्रतिपक्षीगण की ओर से बहस हो चुकी है। केस में राज्य सरकार की दिनांक 05.02.2022 के आदेश को चुनौती दी गई है। राज्य सरकार का बचाव क्या है, इस पर ए.जी. ने प्रकाश डाला है, स्पष्टीकरण दिया है, उसे हम पहले समझने का प्रयत्न करें। पिटीशनर के एडवोकेट ने विस्तार से अपना पक्ष रखा है और रेस्पोडेण्टस् की ओर से सीनियर एडवोकेट युसूफ मुछाला, रविन्द्र कुमार और मोहम्मद ताहिर ने बहस की है। मुस्लिम छात्राओं की ओर से उनके पक्ष का समर्थन देवदत्त कामत एडवोकेट और कुछ छात्राओं की ओर से ए.एम. दर व सीनियर एडवोकेट गुरू कृष्णा कुमार ने किया है। बहस का स्तर बहुत अच्छा रहा और माननीय न्यायाधीशों ने शालीनता के साथ सबको सुनवाई का पूर्ण अवसर दिया और सबकी ओर से ए.जी. ने न्यायाधीशों के प्रति आभार अभिव्यक्त किया। बहस में क्या तर्क दिये इस पर हम यहाँ विचार करेंगे।

सबसे प्रथम हम कर्नाटक राज्य के आदेश दिनांक 05.02.2022 पर विचार करें, जिसकी वैधानिकता को चुनौती दी गई है। फुल कोर्ट ने भी राज्य सरकार को इस हेतु स्पष्टीकरण देने को कहा था। ए.जी. ने कहा कि राज्य सरकार का आदेश दिनांक 05.02.2022 किसी भी प्रकार हिजाब के पहनने पर प्रतिबंध नहीं लगाता है वह तो एक Innocuous Order है जिसमें केवल छात्राओं से आग्रह किया है कि वे शिक्षा संस्थानों में यूनिफार्म के नियमों की पालना करें। माननीय कोर्ट ने दिनांक 10 फरवरी 2022 को यह स्पष्ट किया है कि अन्तरिम आदेश केवल डिग्री कॉलेज व प्री–यूनिवर्सिटी कॉलेजों पर लागू होता है जहाँ यूनिफार्म के अपने नियम हैं।

**माननीय हाईकोर्ट ने इस केस में जो अन्तरिम निषेधाज्ञा आदेश जारी की थी कि कोई भी छात्र/छात्रा ऐसी कोई वेशभूषा क्लास में नहीं पहनेगा जिसका संबंध किसी धर्म से माना गया है। केस में यह महत्वपूर्ण प्रश्न उठाया गया कि क्या हिजाब पहनना इस्लाम में आवश्यक धार्मिक प्रेक्टिस (प्रथा) है तथा क्या स्टेट को इस मामले में दखल का अधिकार है?**

सीनियर एडवोकेट देवधर कामत ने मुस्लिम छात्राओं के पक्ष को रखते हुये तर्क दिया कि राज्य सरकार की आज्ञा दिनांक 05.02.2022 जिससे हिजाब पहनने पर पाबन्दी लगाई है, उसका विपरीत प्रभाव छात्राओं के शिक्षा प्राप्त करने के मूल अधिकार का हनन करता है। राज्य का आदेश छलावा मात्र है। शिक्षा प्राप्त करना मूल अधिकार है, वह किसी प्रकार के बंधन की या निषेध की बात नहीं करता। इस तर्क के विरोध में स्टेट के दृष्टिकोण पर कि संविधान के अनुच्छेद 19(2) में Constitutional Morality अपवाद है और प्रतिबंध लगाया जा सकता है। ए.जी. ने अपने तर्क के समर्थन में सबरी माला व नवतेज जौहर के सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों की अपने समर्थन में रखे। एडवोकेट ताहिर ने राज्य के आदेश को Discriminatory माना; कोर्ट ने स्पष्ट किया कि अनुच्छेद 14 के आधार पर राज्य आदेश को चुनौती नहीं दी है और बहस को आगे बढ़ने नहीं दिया।

एडवोकेट मुछाला ने अपनी बहस में स्पष्ट किया और तर्क दिया कि हिजाब पहनना इस्लाम धर्म की प्रेक्टिस है और धर्म का अभिन्न व महत्वपूर्ण भाग है। हिजाब एक स्कार्फ है जिससे सिर को ढका जाता है और मुंह खुला रहता है इसे निषेध नहीं किया जा सकता। संविधान के अनुच्देद 25 के अनुसार यह इस्लाम धर्म की Bonafide Practice of Conscience है और यह मूल अधिकार है, इसे धर्म की महत्वपूर्ण प्रेक्टिस माने या न माने इसका कोई प्रभाव अनुच्छेद 25 के द्वारा दिये गये अधिकार को प्रभावित नहीं करता। एडवोकेट मुछाला ने प्रसिद्ध विद्वान Muhammad Pickthall के मत को रेफर किया कि इस्लामिक ट्रेडीशन के लिये सिर ढकना आवश्यक है। Hadiths में भी यही कहा है कि हिजाब पहनना आवश्यक है, मुंह ढकने की आवश्यकता नहीं है। सुयोग्य एडवोकेट ने अयोध्या केस का आलम्बन लेते हुये कहा कि ऐसे मामलों में हमें Theological Discussions में नहीं फंसना चाहिये, हमें तो केवल यह देखना चाहिये कि हमारी आस्था और विश्वास सदभाविक हैं या नहीं। अपने तर्कों के समर्थन में विद्वान एडवोकेट मुछाला ने कहा कोर्ट को भी कुरान, हदीथ व Ima को मानना चाहिये। डा. विनोद कुलकर्णी ने स्वयं बहस करते हुये कहा कि हिजाब न पहनना Public Order के विरूद्ध है। उन्होंने कहा कि टर्की की कोर्ट का आदेश जिसे प्रतिपक्षी ने रेफर किया है स्पष्ट है कि हिजाब पर प्रतिबंध उचित है और भारतीय संविधान ही सुप्रीम लॉ है। यहाँ यह कहना भी उचित होगा कि सीनियर एडवोकेट देवदत्त कामत ने कोर्ट को सूचित किया कि टर्कीश कोर्ट का निर्णय Over Rule हो गया है यों कोर्ट का मत यह प्रतीत हो रहा था विदेश कोर्ट के निर्णय हमारे यहाँ लागू नहीं होते। एडवोकेट झा ने केरल न्यायालय के निर्णय का उल्लेख करते हुये कहा कि हाईकोर्ट ने वकीलों के ड्रेस कोड को उचित बन्धककारी माना है। यह भी बहस के दौरान आया कि नमाज इस्लाम धर्म की अभिन्न प्रथा है इसका यह अर्थ नहीं है कि जो नमाजी नहीं है वे इस्लामी नहीं कहे जा सकते।

संक्षेप में हम कह सकते हैं कि दोनों पक्षों की बहस के आधार पर यह माना जा सकता है कि हिजाब पहनना इस्लाम धर्म की महत्वपूर्ण प्रेक्टिस नहीं है। हिजाब पहनना अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का भाग नहीं कहा जा सकता। राज्य सरकार की आज्ञा दिनांक 05.02.2022 में यूनिफार्म के हेतु नियम बनाने के अधिकार जो कॉलेज डेवेलपमेंट कमेटी को दिये हैं वे Education के अनुसार माने जा सकते हैं। राज्य सरकार का कथन कि हिजाब पहनना Constitutional Morality के टेस्ट पर खरा नहीं है, उचित कहा जा सकता है।

अतः निष्कर्ष यह है कि जिन सरकारी स्कूलों में यूनिफार्म के नियम हैं, वहाँ हिजाब पर प्रतिबंध उचित है। माननीय कर्नाटक हाईकोर्ट का जो निर्णय होगा वही बाध्यकारी होगा।

लेख लेखक के व्यक्तिगत मत पर आधारित है। यों कर्नाटक हाईकोर्ट का निर्णय भी सबरीमाला के 9 जजों के रेफरेंस के निर्णय पर निर्भर होगा।

सत्यमेव जयते!

**–अतिथि सम्पादक**
**पानाचन्द जैन**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट**

# दवा असली है या नकली इसे जांचना अब होगा आसान

**आपने** केमिस्ट या ऑनलाइन पोर्टल से जो दवा खरीदी है, वो असली है या नकली, ये पहचानना अब और भी आसान हो जाएगा। मोदी सरकार ने घटिया और नकली दवाओं पर लगाम लगाने का फैसला किया है। हालाँकि केंद्र सरकार का यह फैसला जनवरी 2023 से प्रभावी होगी। केंद्र सरकार ने हर दवाई पर कोड बनाए जाने का फैसला किया है, जिसके जरिए नकली और घटिया दवाइयों की बिक्री पर लगाम लगाई जा सकती है।

इसके तहत सरकार ने पैकेजिंग के नियमों में बड़ा बदलाव किया है। नए नियमों के मुताबिक अब दवाओं को बनाने में इस्तेमाल होने वाले एक्टिव फार्मास्यूटिकल इनग्रेडिएंट्स पर अब कोड लगाना अनिवार्य कर दिया है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक सबसे अधिक मात्रा में दवाइयां बनाने में भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा देश है। देश में सबसे तेज गति से बढ़ रहे इस कारोबार के 55 बिलियन डॉलर तक पहुंचने के साथ ही नकली और घटिया की दवाओं का अवैध कारोबार भी बढ़ रहा है। एसोचैम ने अपनी एक रिपोर्ट में देश में बनने वाली कुल दवाओं का 25 प्रतिशत नकली और खराब गुणवत्ता



बाल मुकुन्द ओझा

वाली दवाएं बनने और बिकने का खुलासा किया था, जो विश्व की कुल नकली दवाओं का 35 प्रतिशत है।

आये दिन देश के विभिन्न भागों में घटिया और अमानक दवाऐं पकड़ी जा रही है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक भारत सहित विभिन्न देशों में नकली दवाओं का कारोबार लगभग तीस अरब डॉलर तक पहुंच गया है। सैनिटाइजर

**■ एसोचैम की रिपोर्ट के अनुसार देश में बनने वाली कुल दवाओं का 25 प्रतिशत नकली हैं**

और मास्क के नाम पर अब कुछ भी बेचा जा रहा है। दवाइयों का क्षेत्र एक ऐसा क्षेत्र हैं जहां असली व गुणवत्ता की पहचान करना बेहद कठिन होता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारत नकली दवाओं का दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा बाजार है।

आप दवाई खरीदने के लिए बाजार में जा रहे हैं तो अपनी दवाइयों को डॉक्टर को एक बार जरूर दिखा दें। देश में हर बीमारी के लिए नकली दवाएं उपलब्ध हैं। इन नकली दवाओं की पहचान करना आप और हमारे लिए बेहद मुश्किल और लगभग असंभव है। बाजार में साधारण से लेकर असाध्य बीमारियों के टीके तक नकली दवा की कमी नहीं है। उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, हिमाचल, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, गुजरात, महाराष्ट्र और पंजाब समेत कई राज्यों में इस अवैध कारोबार का नेटवर्क खूब फलफूल रहा है। इन राज्यों में 10 से 20 फीसदी तक नकली दवाइयों का कारोबार है।

हमारे देश में अंग्रेजी दवाइयों ने घर–घर में अपना साम्राज्य स्थापित कर लिया है। जिसे देखो अंग्रेजी दवाइयों के पीछे भागता मिलेगा। सामान्य बीमारियों से लेकर असाध्य बीमारियों की दवा आज घरों में मिल जाएगी। इनमें चिकित्सकों द्वारा लिखी दवाइयों के अलावा वे दवाइयां भी शामिल है जो मेडिकल स्टोर्स से बीमारी बताकर खरीदी गई है अथवा गूगल से खोजकर निकाली गई है। ये दवाइयां असली है या घटिया अथवा नकली ये भी आम लोगों को मालूम नहीं है। इन नकली दवाइयों के सेवन से साधारण खांसी बुखार और जुखाम को ठीक होने में एक पखवाड़ा या महीना लग जाता है। इसके बावजूद ऐसी दवाइयां खरीदने में हमें कोई हिचकिचाहट नहीं हो रही है। अनेक बार बड़े मुनाफे के चक्कर में दुकानदार घटिया दवाएं लोगों को थमा देते है जो आगे जाकर स्वास्थ्य के लिए खतरनाक साबित होती है। पढ़े लिखे लोगों को भी बिना डॉक्टर को दिखाएं ऐसी दवाएं खरीदते देखा जा सकता है। सरकारी दुकानों पर मिलीभगत से ब्रांडेड दवा के नाम से नकली दवा बेचने का खेल भी चल रहा है। अंग्रेजी दवाओं के इस चक्रव्यूह में फंसना तो आसान है मगर निकलना दूभर।

एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में लगभग 200 बिलियन डॉलर का घटिया और नकली दवाओं एवं वैक्सीन का धंधा है। एशिया में बिकने वाली 30 प्रतिशत दवाएँ नकली या घटिया हैं। भारत में बिकने वाली हर पाँच गोलियों के पत्तों में में से एक नकली है। इन दवाइयों से हर वर्ष लगभग 5 प्रतिशत धनहानि देश को होती है और ये धंधा असली दवाइयों के व्यापार से भी ज्यादा तरक्की कर रहा है। दवा कंपनियां अपने मुनाफा एवं विपरण में सहुलियत के लिए इन रसायनों को अलग से अपना ब्रांड नाम देती है। जैसे परासिटामोल एक साल्ट अथवा रसायन का नाम है लेकिन कंपनिया इसे अपने हिसाब से ब्रांड का नाम देती हैं और फिर उसकी मार्केटिंग करती है। ब्रांड का नाम ए हो अथवा बी अगर उसमें परासिटामोल साल्ट है तो इसका मतलब यह है कि दवा परासिटामोल ही है।

**– बाल मुकुन्द ओझा,**
**वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार**

## पीएम मोदी की मौजूदगी में होगा युद्धाभ्यास ऑपरेशन वायुशक्ति

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। भारतीय वायु सेना के सबसे बड़ी एक्सरसाइज वायुशक्ति 7 मार्च सोमवार को चांधन फील्ड फायरिंग एरिया जैसलमेर में होगी। प्रत्येक तीन वर्ष में होने वाले ऑपरेशन वायुशक्ति को देखने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी आ रहे हैं।

इंडियन एयरफोर्स के पायलट पिछले एक माह से ऑपरेशन वायुशक्ति की तैयारियों में जुटे हुए हैं। देश का सबसे एडवांस फाइटर जेट राफेल भी पहली बार ऑपरेशन वायुशक्ति में अपनी मारक क्षमता दिखाएगा। ऑपरेशन वायुशक्ति में 109 फाइटर, जिनमें राफेल, सुखोई, मिराज, जगुआर व मिग –29 उड़ान भरके चांधन में दुश्मन के काल्पनिक ठिकानों पर अटैक करेंगे। इसके अलावा 24 अपाचे, चिनूक, लाइट कॉम्बैट हेलिकॉप्टर, सात ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट, चार रिमोट कंट्रोल एयरक्राफ्ट भी इस ऑपरेशन वायुशक्ति का हिस्सा होंगे। वहीं आकाश व स्पाइडर मिसाइल की क्षमता भी इस युद्धाभ्यास में देखने को मिलेगी। पिछले एक महीने से एयरफोर्स के जांबाज इस युद्धाभ्यास की तैयारी कर रहे हैं। फाइटर जेट जोधपुर, फलौदी, जैसलमेर, उत्तरलाई, नाल, बठिंडा, आगरा, हिंडन व अंबाला एयरबेस से उड़ान भरके चांधन फायरिंग रेंज में आसमान से जमीन पर निशाना साध रहे हैं। पायलट्स को उनके टारगेट मैप पर समझाए जाते हैं। उड़ान भरने के बाद वे अपने टारगेट को हिट करते हैं। उनका टारगेट कंट्रोल रूम में सीधे स्क्रीन पर देखा जा सकता है।



उदयपुर में कसारों की पोल में कलाकारों द्वारा तैयार की गई धातु शिल्प की मूर्तियां।

## शिक्षक ने शादी की सालगिरह पर बगीचा तैयार करने का संकल्प लिया



शिक्षक दंपती ने विद्यार्थियों व स्कूल स्टॉफ की मदद से इक्यावन पौधे लगाकर बगीचा तैयार करने शुरूआत की।

**झुंझुनूं,**(निसं)। निकटवर्ती ग्राम पंचायत लाम्बा के शहीद मनीराम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लाम्बा में गुरूवार सुबह एक खूबसूरत गार्डन का शुभारम्भ हुआ।

प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार डूडी ने अपनी धर्म पत्नी संतोष डूडी प्रधानाध्यापिका रा.मा.विद्यालय भूरासर का बास की प्रेरणा से अपनी शादी की सालगिरह के अवसर पर एक और अनूठा नवाचार करते हुए स्कूल परिसर में 70 बाई 70 फिट का एक बगीचा तैयार करने का निश्चय किया और एक ही दिन में विद्यार्थियों व स्कूल स्टॉफ सदस्यों की मदद से इक्यावन पौधे लगाकर इसकी शुरूआत की। बगीचे में प्रमुख रूप से अशोक, फाइकस, मोर पंखी व चम्पा जैसे फूलदार व सौंदर्यकरण वाले पेड लगाए गए। एसडीएम के सघन औचक निरीक्षण के दौरान स्कूल में पधारी एसीबीइइओ प्रथम चन्द्रकला ने भी

**■ शिक्षक दंपती ने स्कूल परिसर में 70 बाई 70 फिट का एक बगीचा तैयार करने का संकल्प लिया**

अपने कर कमलों से एक पौधा लगाकर लाम्बा टीम का इस पुनीत कार्य के लिए धन्यवाद देकर हौंसला बढाया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि भरत सिंह शेखावत, पूर्व प्रधानाचार्य मनेष कृष्णियां, बहादुर सिंह नूनियां, बिशम्बर बिजारणियां, शिवराज सिंह शेखावत व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उपस्थित सभी लोगों ने स्कूल में हो रहे इन विकास कार्यों का श्रेय प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार डूडी की लगन व उनकी मेहनत को दिया।

## राजस्थान में धातु शिल्प का कार्य मध्यप्रदेश व उत्तर प्रदेश से आया

**प्राचीन** काल से आन्ध्रप्रदेश, पश्चिम बंगाल, उडीसा, बिहार, झारखंड, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश एवं राजस्थान में धातु शिल्प का कार्य किया जाता है। बिहार में बेतिया, पश्चिमी चंपारण एवं वैशाली धातु की मूर्तियों के निर्माण के लिए प्रसिद्ध हैं। झारखंड ढोकरा पात्रों के निर्माण के लिए प्रसिद्ध हैं। मध्यप्रदेश में दतिया और सागर में बेल धातु का कार्य किया जाता है। मध्यप्रदेश के शिल्पकार लोहे से उपयोगी वस्तुएं बनाने में दक्ष हैं। यहां पर गोंड, मुरिया, ध्रुव और भात्रा समुदाय के लोग इस कला में निपुण हैं। बुंदेलखंड में धातु के आभूषण, बक्से, दीपक, कटोरे, रायगढ़ की पशु मूर्तियां, बस्तर की मूर्तियां कारीगरों की रचनात्मक उत्कृष्टता के उदाहरण हैं।

राजस्थान में धातु शिल्प का कार्य मध्यप्रदेश एवं उत्तर प्रदेश से आया। यहां जयपुर, जोधपुर, बीकानेर एवं उदयपुर में धातु शिल्प की पारंपरिक मूर्तियों का निर्माण किया जाता था। पहले उदयपुर में जगदीश मंदिर के सामने कसारों की ओल में अधिकांश परिवार धातु की मूर्तियां बनाने का कार्य करते थे, लेकिन अब यह कार्य 5–6 परिवारों में सिमट गया है। ये परिवार धातु शिल्प की मूर्तियां मध्यप्रदेश से लाकर बेचते हैं।

कसारों की ओल निवासी गौरव कसारा मूर्ति निर्माण कार्य में संलग्न हैं। उनकी चार पीढियां धातु शिल्प की सिद्धहस्त शिल्पकार रही हैं।

गौरव कसारा ने बताया कि धातु की कलात्मक वस्तुएं बनाने से पूर्व वांछित वस्तु की आकृति बनाई जाती है। यह आकृति बारीक चिकनी मिट्टी से तैयार की जाती है। इसके बाद मिट्टी से बनी आकृति को सुखाकर मेण चढ़ाया जाता है। मेण से ही वांछित वस्तु का श्रृंगार किया जाता है।



पन्नालाल मेघवाल

इसमें मूर्ति के हाथ, मुंह, आंखें आदि बनाई जाती हैं। यह कार्य शिल्पकार अपने हाथ से करता है, लेकिन आवश्यकता पड़ने पर लकडी के बने औजारों की सहायता ली जाती है।

उन्होंने बताया की इस प्रक्रिया के बाद आकृति पर कपड़े की छनी मिट्टी एवं बालू मिश्रित मिट्टी का लेप चढ़ाया जाता है। इस आकृति के नीचे एक छेद रखा जाता है। इस छेद पर मेण लगाया जाता है। इसके बाद इस आकृति को पुनः धूप में सुखाया जाता है। फिर उस आकृति में मेण को आंच से पिघलाकर बाहर निकाल दिया जाता है। और दोनों मिट्टी के बीच के खोखले स्थान में चार सौ डिग्री सेल्सियस तापक्रम पर पीतल, तांबा या लोहा पिघलाकर डाल दिया जाता है। इस प्रकार धातु शिल्प की विभिन्न कलाओं पर आधारित वस्तुएं तैयार की जाती है।

उनके पिता विष्णुचंद्र कसारा ने अब तक पीतल, तांबा एवं लोहे की बनी अनेक कलात्मक वस्तुओं का निर्माण किया है। वे धातु शिल्प से बने गणेशजी, शिवजी,

**■ उदयपुर आने वाले पर्यटक धातु शिल्प की मूर्तियां खरीदकर साथ ले जाते हैं**

पार्वतीजी, लक्ष्मीजी, सरस्वतीजी, नटराज, कृष्णअवतार, विष्णु भगवान का सिंहासन, रथ, नागकन्या, मंदिर की घंटियां, दरवाजे पर लगाने वाले शेर एवं विभिन्न प्रकार के मुखौटे बनाने में निपुण हैं। विष्णुचंद्र कसारा पारंपरिक मूर्तियों के अलावा शेर, हाथी, घोड़े, दीपक, आरतियां, फ्रेम, पिंजरा, ढाल, फरसे आदि भी बखूबी बना लेते हैं। उनका कहना है कि कई बार किसी आकृति के निर्माण के लिए अलग–अलग पार्ट्स तैयार किए जाते हैं फिर वेल्डिंग कर आपस में जोड़े जाते हैं।

उदयपुर में मुखर्जी चौक स्थित रामजी तंबोली एवं मादडी इंडस्ट्रियल एरिया निवासी अय्यूब भाई भी धातु शिल्प के सिद्धहस्त शिल्पकार हैं। देसी पर्यटक इन धातु शिल्प की मूर्तियों को अपनी मनोकामनाएं पूरी करने के लिए देवालय में प्रतिष्ठापित करने के लिए ले जाते हैं। और अन्य कलाकार कलात्मक मूर्तियों को चाव से खरीद कर अपने घरों को सुसज्जित करने के लिए खरीदते हैं। उदयपुर आने वाले विदेशी पर्यटक भी धातु शिल्प की मूर्तियां बड़े पैमाने पर खरीदकर साज–सज्जा के लिए अपने साथ ले जाते हैं।

**– पन्नालाल मेघवाल**
**वरिष्ठ लेखक एवं**
**स्वतंत्र पत्रकार।**

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

### शुक्रवार 4 मार्च, 2022

फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष, द्वितीया तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2078, उत्तरा भाद्रपद नक्षत्र रात्रि 1:51 तक, शत्रु योग रात्रि 1:44 तक, बालव करण प्रातः 9:11 तक, चन्द्रमा मीन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–कुम्भ, चन्द्रमा–मीन, मंगल–मकर, बुध–मकर, गुरू–कुम्भ, शुक्र–मकर, शनि–मकर, राहु–वृष, केतु–वृश्चिक राशि में।

आज राजयोग सूर्योदय से रात्रि 1:51 तक है। सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग रात्रि 1:51 से सूर्योदय तक है।

आज चन्द्र दर्शन, उत्तर श्रृंगोन्नति, फुलेरा दोज (स्वयं सिद्ध अबूझ मुहूर्त) है। आज श्री रामकृष्ण परमहंस जयन्ती, पंचक है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर सूर्योदय से 8:19 तक, लाभ–अमृत 8:19 से 11:12 तक, शुभ 12:39 से 2:05 तक, चर 4:59 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 6:52, सूर्यास्त 6:25

**मेष**
घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। मन में असंतोष और भय बना रहेगा।

**वृष**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। नवीन कारोबारी अनुबंध प्राप्त हो सकते हैं।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सुसंदेश प्राप्त होंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। नवीन कार्यकारी योजना का क्रियान्वयन होगा। परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**कर्क**
धार्मिक–मांगलिक कार्य के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। परिवार में शुभ कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। चलते कार्यों में प्रगति होगी।

**सिंह**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

**कन्या**
परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। शुभ–मांगलिक कार्यों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**तुला**
व्यावसायिक विवादों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ रहेगी। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक मामलों में परिचितों से सहयोग मिल सकता है। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**धनु**
घर–परिवार के कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। परिवार में आपसी अनबन–मतभेद बढ़ने का भय बना रहेगा। परिवार में स्वास्थ्य संबंधित परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**मकर**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**कुंभ**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**मीन**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित यात्रा संभव है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। धार्मिक–सामाजिक कार्यों पर धन खर्च हो सकता है।

# यूक्रेन में फंसे 21 और विद्यार्थी उदयपुर पहुंचे

## डूंगरपुर के 7, बांसवाड़ा के 6, उदयपुर के 4, चित्तौड़गढ़ के 2 एवं भीलवाड़ा व प्रतापगढ़ के 1-1 बच्चे शामिल



उदयपुर एयरपोर्ट पहुंचे बच्चों के साथ एडीएम अशोक कुमार नजर आए।

**■ डबोक एयरपोर्ट पर एडीएम अशोक कुमार ने सभी बच्चों का सकुशल स्वदेश पहुंचने पर स्वागत किया**

**उदयपुर, (कासं)।** यूक्रेन में फंसे भारतीयों में से गुरुवार को उदयपुर संभाग के 21 विद्यार्थी उदयपुर के डबोक एयरपोर्ट पर पहुंचे। इनमें डूंगरपुर के 7, बांसवाड़ा के 6, उदयपुर के 4, चित्तौड़गढ़ के 2 एवं भीलवाड़ा व प्रतापगढ़ के 1-1 बच्चे हैं।

डबोक एयरपोर्ट पर एडीएम अशोक कुमार ने इन सभी बच्चों की अगवानी की और सकुशल स्वदेश पहुंचने पर स्वागत किया। एयरपोर्ट पर समाजसेवी पीयूष कच्छावा और पीयूष सुखवाल की तरफ से अल्पाहार पैकेट भेंट किए गए। एडीएम कुमार ने बच्चों से बातचीत की।

सकुशल अपने घर लौटने पर बच्चों और अभिभावकों ने सरकार और प्रशासन का आभार जताया। इस अवसर पर वल्लभनगर एसडीएम श्रवणसिंह राठौड़, धरियावद एसडीएम रामचंद्र खटीक और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# ढूकिया ने कमलेश के परिजनों का हौंसला बढ़ाया



कमलेश के परिवार जनों को ढूकिया ने वापसी का विश्वास दिलाया।

**झुंझुनूं, (निसं)।** मण्डावा विधानसभा क्षेत्र के गांव पहाडसर में ताराचन्द जाखड़ के पोते व रघुवीर सिंह के पुत्र कमलेश जाखड़ यूक्रेन में पढाई के कारण रोमानिया में फंसे हुए हैं, उसकी जानकारी जुटाने व बच्चों को सकुशल घर पहुंचने का भरोसा दिलाने के लिए उनके घर पहुंचे। ढूकिया ने कमलेश जाखड़ की पूरी जानकारी, पासपोर्ट नम्बर, मोबाईल नम्बर लेकर भारतीय जनता पार्टी राजस्थान को मेल किया तथा केन्द्र सरकार द्वारा किये जा रहे सराहनीय प्रयासों की जानकारी दी। इस अवसर पर कमलेश के दादा-दादी, माता-पिता व चाचा डॉ. राजेश जाखड, जयसिंह जाखड उपस्थित रहे।



यूक्रेन से कोटा पहुंचने वाले विद्यार्थियों की अगवानी की।

# यूक्रेन से सात विद्यार्थी कोटा पहुंचे, जिला कलेक्टर ने अगवानी की

**कोटा, (निसं)।** यूक्रेन में अध्ययनरत जिले के सात विद्यार्थी गुरूवार को ट्रेन के माध्यम से कोटा पहुंचे, जिला कलेक्टर हरिमोहन मीना एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने अगवानी की। जिला कलेक्टर ने सभी विद्यार्थियों से कुशलक्षेम पूछकर यूक्रेन के हालातों के बारे जानकारी ली। राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही निःशुल्क आवागमन, रहवास, भोजन आदि की जानकारी देकर उन्होंने सभी विद्यार्थियों को बेहतर भविष्य के लिए निरंतर अध्ययनरत रहने की बात कही।

कलेक्टर ने बताया कि गुरूवार को कोटा पहुंचने वाले विद्यार्थियों में अनुराग अग्रवाल, तन्मय शर्मा, दिनेश मोर्य, विदित गौत्तम, हर्षिता, आदित्य व्यास व नीरज मेहता जनशताब्दी तथा तेजस राजधानी के द्वारा कोटा पहुंचे।

# यूक्रेन से लौटी मैडीकल फाइनल ईयर की छात्रा मुस्कान अग्रवाल

**सुजानगढ़, (निसं)।** युक्रेन के उज्जहोरोड नेशनल युनिवर्सिटी से एमबीबीएस की पढाई कर रही मुस्कान अग्रवाल सुरक्षित अपने घर पहूंच गई है। मुस्कान के घर पंहूचने पर दादी मंजूदेवी और मां विनीता देवी अग्रवाल

**■ मुस्कान मैडीकल की पढाई के लिए वर्ष 2016 में यूक्रेन गई थी**

सहित परिजनों एवं भाजपा मण्डल अध्यक्ष पवन माहेश्वरी, पार्षद ममता ओझा ने मिठाई खिला कर स्वागत किया। मुस्कान ने बताया कि वह मैडीकल की पढाई के लिए वर्ष 2016 में युक्रेन गई थी तथा वर्तमान में उसका फाइनल ईयर चल रहा था। दो महीने बाद परीक्षा के पश्चात उसे डॉक्टर की डिग्री मिलने वाली थी।

मुस्कान ने बताया कि 28 फरवरी की रात को वह अपने साथियों के साथ बस में सवार होकर हंगरी पहुंची, जहां पर भारत सरकार के विशेष विमान से उन्हे दो मार्च को दिल्ली पहुंची और दिल्ली से देर शाम सुजानगढ़ पहुंची। मुस्कान ने बताया कि देश में मैडीकल पढाई के लिए प्रति वर्ष 15 लाख रूपये से अधिक का खर्च आता है, साथ ही डोनेशन खर्च अलग है। वहीं यूक्रेन में मेडीकल की पूरी पढाई ही 25 से 30 लाख रूपये में हो जाती है तथा डोनेशन का कोई झंझट नहीं है। मुस्कान ने भारत सरकार का आभार व्यक्त करते हुए उसकी एवं यूक्रेन में रह कर अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों की पढाई की भारत में ही व्यवस्था करने की मांग की है।



यूक्रेन से मुस्कान के लौटने पर परिवार के सदस्यों ने स्वागत किया।

# लोक परिवहन की बस ने शादी से लौट रहे तीन चचेरे भाइयों को रौंदा

## युवक शादी समारोह में शामिल होकर अपने गांव तूंगा के पाटन में लौट रहे थे

**■ तीनों की मौके पर ही मौत**

**बस्सी, (निसं)।** उपखंड बस्सी में गुरुवार को जयपुर-आगरा हाईवे पर लोक परिवहन की बस द्वारा बाइक सवार तीन चचेरे भाइयों को रौंद देने का मामला सामने आया है।

लोक परिवहन की बस व बाइक के बीच टक्कर इतनी तेज थी की बस तीनों को 50 फीट तक घसीटती ले गई। मौके पर ही बाइक सवार तीनों युवकों ने दम तोड़ दिया। जानकारी मुताबिक ये तीनों युवक शादी समारोह में शामिल होकर अपने गांव तूंगा के पाटन में लौट रहे थे। हादसा जयपुर जिले में बस्सी के पास आगरा रोड पर मोहनपुरा पुलिया के पास हुआ। मरने वालों में पाटन (तूंगा) निवासी पंकज बैरवा (20), हीरालाल बैरवा (28) और अजय बैरवा (18) शामिल हैं।

मौके पर लोगों ने बताया कि बस तेज स्पीड में आ रही थी। बाइक सवार युवक दौसा से बस्सी की तरफ आ रहे थे। इस दौरान बाइक सवार युवकों ने अचानक से स्पीड कम की और राइट टर्न लेने की कोशिश की। इतने में पीछे से आ रही बस ने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिसके बाद बाइक सवार उछलकर सड़क पर जा गिरे। इसके बाद बस तीनों को घसीटती हुई डिवाइडर से टकरा गई। हादसे के बाद ड्राइवर मौके से फरार हो गया। बस्सी पुलिस ने बताया कि हीरालाल बैरवा के साले की दौसा में शादी थी। तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर दौसा से पाटन लौट रहे थे।

# भीण्डर की बेटी तसनीम बोहरा से मिले केन्द्रीय मंत्री किरेन रिजिजू



भीण्डर की बेटी तसनीम बोहरा से मिले केन्द्रीय मंत्री किरेन रिजिजू।

**■ यूक्रेन से स्लोवाकिया पहुंची तसनीम बोहरा से मिले रिजिजू, भारत आने का जल्द होगा प्रबंध**

**भीण्डर, (निसं)।** रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच फंसी भीण्डर की बेटी तसनीम बोहरा से भारत सरकार के केन्द्रीय मंत्री किरेन रिजिजू मिलने पहुंचे। वहां पर उन्होंने तसनीम सहित अन्य भारतीय छात्रों से मुलाकात करते हुए उनको आश्वस्त किया कि जल्द ही अपने वतन भेजने का प्रबंध किया जायेगा।

उल्लेखनीय हैं कि रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच फंसी भीण्डर की बेटी तसनीम बोहरा यूक्रेन से बाहर निकल करके पडोसी देश स्लोवाकिया पहुंच गई थी । लेकिन वहां से भारत सरकार के ऑपरेशन गंगा के तहत 8 मार्च तक स्लोवाकिया तक कोई भी फ्लाइट नहीं थी। इस बीच गुरूवार को केन्द्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने स्लोवाकिया पहुंच करके भारतीय छात्रों से मुलाकात करते हुए उनसे बातचीत की और उनको जल्द भारत भेजने के लिए प्रबंध में जुट गये।

तसनीम बोहरा ने बताया कि स्लोवाकिया में वह आराम से रह रही हैं । गुरूवार को केन्द्रीय मंत्री किरेन रिजिजू हमसे मुलाकात करने के लिए पहुंचे। भीण्डर निवासी शब्बीर हुसैन की बेटी तसनीम बोहरा पिछले साढे चार वर्षों से यूक्रेन के विनित्सिया शहर में राष्ट्रीय चिकित्सा विवि में मेडिकल पढ ाई कर रही थी।

# हरियाणा से गुजरात शराब की तस्करी करते एक गिरफ्तार

**जयपुर, (कासं)।** सीआईडी क्राइम ब्रांच की टीम ने शहर के दौलतपुरा थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए स्थानीय पुलिस के सहयोग से अंग्रेजी दवाइयों की आड़ में हरियाणा से गुजरात कन्टेनर में शराब की तस्करी करते थाना सदर सोनीपत हरियाणा निवासी तस्कर सुखचैन उर्फ सचिन पुत्र कृष्ण (47) को डिटेन कर 30 लाख रुपये कीमत की विभिन्न ब्रांडों की अंग्रेजी शराब के 268 कार्टन जब्त किये हैं।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध डॉ. रवि प्रकाश ने बताया कि हरियाणा से गुजरात अवैध शराब की तस्करी के बारे में मुखबिर से सूचना मिलने पर क्राइम ब्रांच के पुलिस उप अधीक्षक पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ के सुपर विजन में बुधवार को दौलतपुरा थाना क्षेत्र के पास टीम ने टोल प्लाजा पर नाकाबंदी की। नाकाबंदी के दौरान बुधवार देर रात संदिग्ध हरियाणा नंबर का 6 चक्का कंटेनर आया। जिसे रोक कर चालक से पूछताछ की तो वह घबरा गया और हिचकिचाने लगा। ट्रक कंटेनर को थाने लाकर तलाशी ली गई तो उसमें दवाइयों की आड में हरियाणा निर्मित विभिन्न महंगी ब्रांड की अंग्रेजी शराब मिली। डॉ. प्रकाश ने बताया कि इस संबंध में थाना दौलतपुरा में मुकदमा दर्ज कर कंटेनर को जब्त किया जाकर तस्कर को गिरफ्तार किया है।



सीआईडी क्राइम बांच द्वारा बरामद की गई शराब।

# मारवाड़ में छाया रहा कोहरा

**जोधपुर, (कासं)।** प्रदेश में बुधवार रात को हुए मौसमी बदलाव के साथ ही मारवाड़ में भी मौसम परिवर्तन देखने को मिला है। रात को मारवाड़ में अचानक से बारिश हुई। गुरूवार को मारवाड़ में अधिकांश स्थानों पर कोहरा छाया जाने के साथ सर्द हवाएं चली। प्रदेश में पांच जिलों में धूलभरी आंधी चलने के साथ बारिश हुई। गंगानगर में ओले भी गिरे। यहां बिजली गिरने की भी सूचना है। बीकानेर में आंधी के कारण पेड़ गिरने से नीचे दबे बाइक सवार युवक की मौत हो गई। प्रदेश में नागौर, बीकानेर, जोधपुर, गंगानगर, सीकर में धूलभरी आंधी चलने के साथ कई जगह बूंदाबांदी हुई। मौसम में बदलाव का असर हनुमानगढ़, चूरू और नागौर में भी हुआ। सूर्यनगरी में फलौदी में गरज के साथ कई जगह बारिश हुई।

# 12 घंटे में ही फिरौती मांगने वाले चार गिरफ्तार

**■ 50 लाख की फिरौती न देने पर मारने की दी थी धमकी**

**तारानगर, (निसं )।** 50 लाख की फिरौती मांगने वाले 4 अभियुक्तों को घटना के मात्र 12 घण्टे के भीतर भीतर गिरफ्तार कर चूरू पुलिस टीम ने बड़ी सफलता हासिल की है। चूरू एसपी दिगन्त आनन्द ने प्रेस वार्ता कर मामले का खुलासा किया ।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार एक मार्च को तारानगर चौधरी मेडिकल के संचालक रामधन चौधरी ने तारानगर थाने में अज्ञात व्यक्ति द्वारा व्हाट्सएप कॉल कर 50 लाख नकद राशि की फिरौती मांगने तथा न देने पर चौधरी व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज करवाया था। 50 लाख की फिरौती की बड़ी मांग को देखते हुए पुलिस ने मामले को तुरंत संज्ञान में लेते हुए मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया।

तारानगर थानाधिकारी द्वारा दी गई सूचना पर एसपी ने डीएसटी चूरू, क्यूआर्टी की अलग-अलग टीमें गठित कर तुरंत आरोपियों की तलाश में रवाना की। इसी दौरान परिवादी ने बताया कि आरोपी के द्वारा व्हाट्सएप कोल पर बार- बार पैसे लेकर आने की मांग की धमकी दी जा रही है । आरोपियों ने परिवादी के पुत्र जो दिल्ली में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं उनको भी जान से मारने की धमकी दी । आरोपियों द्वारा पैसे मांगने को लेकर उच्च अधिकारियों ने आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार करने को लेकर 50,000 असली रुपए वह बाकी मनोरंजन बैंक के रुपयों से भरा एक बैग आरोपियों द्वारा बताए गए स्थान पर रखा गया और इस अभियान में जुटी टीमों को अलग-अलग रास्तों पर खड़ा कर दिया गया परिवादी को पूर्ण सुरक्षा के साथ आरोपी के बताए अनुसार प्राइवेट वाहन में आरोपियों को रंगे हाथ गिरफ्तार करने हेतु बैग देकर भेजा तो आरोपी ने बैग सेउआ रोड पर एक खेत के पास रखने हेतु कहा जिस पर परिवादी ने उक्त को आरोपी के बताए अनुसार रख दिया और सभी टीमों को रखे गए बेग के आस-पास सक्रिय किया गया लेकिन आरोपी उस स्थान पर खेत की फसल में छुपे हुए थे जो बैग लेकर खेतों की ओर भाग निकले । टीमें आरोपियों की तलाश में पूरी रात लगी रही घटनास्थल का डॉग स्क्वायड, एमओबी व साइबर टीमो द्वारा निरीक्षण किया गया । आरोपीयों के पद चिन्हों के आधार पर पीछा किया गया इसी दौरान कांस्टेबल वीरेंद्र द्वारा अहम सुराग दिए गए। सुराग द्वारा चार आरोपीयो को पुलिस पकड़ने में कामयाब रही

आरोपियों को दस्तयाब कर पूछताछ की तो कड़ियां जुड़ती गयी और पुलिस मामले की तह तक पहुच गयी साहवा एसएचओ सुरेश कुमार ने डीएसटी टीम के सहयोग से हरियाणा के अनिल कुमार पुत्र ओमप्रकाश सिवानी, विकाश पुत्र सुरेश कुमार सिवानी को दस्तयाब किया। एसएचओ तारानगर गोविंद राम द्वारा अरुण पुत्र बाबूलाल निवासी तारानगर सुनील पुत्र हनुमाम ओजरिया को दस्तयाब करने में सफलता हासिल की। 5 वां आरोपी विकास पुत्र मोहर सिंह आर्य कॉलनी सिवानी जो हत्या के मामले में वांछित है जो अभी फरार है।

# मालपुरा में सरस डेयरी बूथों की आड़ में पालिका की जमीनों पर अतिक्रमण

## बिना चयन समिति व तकनिकी अधिकारी की मौका रिपोर्ट के ही जारी की गई 27 बूथों की स्वीकृति अतिक्रमियों के लिए बनी वरदान

**मालपुरा, (निसं)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की बजट घोषणा को अमलीजामा पहनाने के लिए राज्य सरकार व उच्चाधिकारियों की जल्दबाजी के चलते बिना चयन समिति व तकनिकी अधिकारियों की मौका रिपोर्ट के ही नगरपालिका प्रशासन व डेयरी प्रबंधक द्वारा मालपुरा शहर में जारी की गई 27 बूथों के स्वीकृतियों की आड़ में पालिका की लाखों रुपयों की बेसकिमती जमीनों पर अतिक्रमण का खेल शुरू होने का मामला सामने आया है। मामले में चार सदस्यों की चयन समिति का गठन तो किया गया लेकिन राज्य सरकार व जिला प्रशासन की जल्दबाजी व दबाव के चलते चयन समिति द्वारा डेयरी बूथ स्थापित किये जाने के लिए बिना मौका रिपोर्ट बनाये तथा बिना स्थान निर्धारित किये ही आनन-फानन में पहली सूची में 13 व दूसरी सूची में 14 डेयरी बूथों की स्वीकृतियां जारी कर दी गई।

आवेदकों को बूथ लगाने की नगरपालिका प्रशासन द्वारा स्वीकृति जारी कर एनोसी भी जारी कर दी गई। जिनका फायदा उठाते हुए लाभार्थीयों ने शहर के प्रमुख चौराहों व मुख्य सड़क किनारे रिक्त पड़ी पालिका की जमीनों पर अपनी सुविधा के मुताबिक रातों-रात लौहे की केबिने रख कब्जा जमा लिया। डेयरी बूथ आंवटन नियमावली की मालपुरा शहर में उडी धज्जियों को लेकर की गई पड़ताल में सामने आया कि नियमानुसार डेयरी बूथ आंवटन से पूर्व आवेदनकर्ता की पारिवारिक रिपोर्ट जांचना, बेरोजगार युवाओं को प्राथमिकता देना, बूथ लगाने वाले 6 गुना 6 अर्थात 12 फीट का स्थान चिन्हित कर ट्रैफिक पुलिस प्रभारी के अनापत्ति प्रमाण पत्र के बाद उक्त स्थान पर पालिका द्वारा स्वीकृति दी जाती है लेकिन नियम कायदों व नियमावली को अनदेखा कर स्थानीय प्रशासन व चयन समिति द्वारा शहर के प्रभावशाली व सक्षम परिवारों से होने के बावजूद उन्हें परिवार के महिला सदस्य के नाम से बूथ आंवटन कर दिया गया।

जहां बूथ आंवटन किया गया उस स्थान के बजाय लाभार्थियों ने मुख्य सड़क किनारे बेसकिमती जमीन पर निर्धारित नाप से अधिक जमीन पर अपने बूथ स्थापित कर लिये । जयपुर भीलवाडा स्टेट हाईवे की 200 मीटर सड़क सीमा क्षेत्र में ही लोहे की केबिने रख कब्जा जमा लिए गए हैं।

जयपुर रोड सांवरकर सर्किल से ट्रक स्टेण्ड चौराहे के एक किमी. के दायरे में एक दर्जन लोहे की केबिन सड़क किनारे रख बूथ बना लेने के बावजूद ना तो उपखण्ड प्रशासन और ना ही पालिका प्रशासन व पुलिस एवं डेयरी प्रशासन द्वारा इन अवैध बूथों पर किसी प्रकार की कोई कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।




एसडीएम आवास के सामने जयपुर भीलवाड़ा स्टेट हाईवे की सड़क सीमा में अनाधिकृत रूप से रखा गया डेयरी बूथ।

# यूक्रेन में फंसी भीलवाड़ा की आकृति घर लौटी

**भीलवाड़ा, (निसं)।** यूक्रेन से भीलवाड़ा की रहने वाली आकृति कांकरवाल भी गुरुवार को अपने घर लौट आई है। आकृति ने बताया कि वह युक्रेन के ओडेसा में रहकर ओडेसा नेशनल मेडिकल यूनिर्वसिटी में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही थी । मुकेश कांकरवाल की बेटी आकृति ने कहा कि आज वह इतने दिनों बाद जब भीलवाड़ा अपने घर पहुंची और परिजनों से मिली तो बहुत खुशी हुई।

**■ आकृति ने कहा कि उसने बम फटते देखे गोलियां चलती देखी**

आकृति ने कहा कि उनकी पूरी यात्रा सात-आठ दिन की थी। उसके पास खाना, पीना आदि कुछ भी नहीं था।

आकृति ने कहा कि उसने बम फटते देखे। गोलियां चलती देखी। आकृति ने कहा कि जब भी बम फटते, उन्हें बंकर में जाना पड़ता था। आकृति ने कहा कि वह चौथे वर्ष की मेडिकल स्टूडेंट हैं। यूनिर्वसिटी की ओर से उन्हें काफी स्पोर्ट किया जाता था। आकृति ने कहा कि सबसे बड़ा काम उनको ओडेसा से बॉर्डर क्रॉस करने वाला था। वह हंगरी के बॉर्डर से आई है। वहां से निकलने के लिए सबसे पहले ट्रेन से सफर शुरू किया। जैसे-तैसे हंगरी पहुंची। वहां अंबेसी ने काफी मदद की थी। सभी आवश्यक वस्तुएं भी उपलब्ध करवाई।

# यूक्रेन से सकुशल लौटने पर राजस्थान हाउस में स्वागत किया



दिल्ली स्थित बीकानेर हाउस में मंत्री जूली ने यूक्रेन से आए विद्यार्थियों का स्वागत किया।

**■ राजस्थान हाउस दिल्ली में यूक्रेन से आए अलवर के छात्रों का माला पहनाकर मंत्री जूली ने स्वागत किया**

**■ मुख्यमंत्री ने केबिनेट मंत्री टीकाराम जूली, ममता भूपेश एवं सुभाष गर्ग तीन मंत्रियों के दल को दिल्ली भेजा है**

**अलवर, (निसं)।** राजस्थान प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश के विद्यार्थियों को सकुशल अपने घर पहुंचाने के लिए केबिनेट मंत्री टीकाराम जूली, ममता भूपेश एवं सुभाष गर्ग तीन मंत्रियों के दल को दिल्ली रवाना किया है।

गुरूवार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मंत्री टीकाराम जूली दिल्ली के लिए रवाना हुए। यह दल यूक्रेन से दिल्ली पहुंचे विद्यार्थियों को सकुशल राजस्थान पहुंचायेगा। साथ ही दिल्ली से विशेष मॉनिटरिंग करते हुए हरपल की जानकारी मुख्यमंत्री को देंगे। मंत्री टीकाराम जूली ने राजस्थान हाउस दिल्ली में यूक्रेन से आए अलवर के चेतन एन्क्लेव विनय यादव, चिरूणी मुण्डावर निवासी नितेश यादव, अलवर शहर के भवानी तोप निवासी लक्ष्मीकांत शर्मा का सकुशल लौटने पर हौसला अफजाई करते हुए माला पहनाकर स्वागत किया तथा यूक्रेन के हालातों के बारे में चर्चा की।

# 'सरकार के पास पैसा नहीं, बजट को धरातल पर दुनिया की कोई ताकत नहीं उतार सकती'

## नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से कहा कि ''पुरानी पेंशन की घोषणा अच्छी है, लेकिन इसका भार 2032 तक आयेगा, तब तक ना मैं रहूंगा और ना आप! रोने वाले रोते रहेंगे।''

-विधानसभा संवाददाता-

**जयपुर** । नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया ने सदन में चर्चा करते हुए राजस्थान के वर्ष 2022-23 के बजट को सिर्फ आंकड़ों का मायाजाल बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट देखने सुनने में तो अच्छा और लोकलुभावन है पर वास्तविकता से परे है। मेरा दावा है कि इस बजट को धरातल पर दुनिया की कोई ताकत नहीं उतार सकती। कर्जा लेकर बजट की घोषणा करने वाले केवल जनता को झुनझुना पकड़ा रहे हैं। गहलोत सरकार ने कर वसूली का जो टारगेट दिया था, उसे ही पूरा नहीं किया तो खर्चे के लिए प्रबंध कहां से होगा? यह तो वहीं बात हो गई कि " घर नहीं दाने, अम्मा चली भुनाने।"

गुलाबचंद कटारिया ने कहा कि बजट के अभाव में सिर्फ शिलान्यास के भाटे लगे रह जाते हैं, योजनाओं का जो हश्र होता है, उसका क्या? अगर सरकार का रेवन्यू रिसीप्ट देंखे तो सवाल उठता है कि फरवरी और मार्च के इन दो महीनों में गहलोत सरकार 80 हजार करोड़ रु. कहां से लायेगी। बजट घोषणाओं के लिए पैसा कहां से आएगा, केवल जनता को झुनझुना पकड़ाना चाहो तो आपकी मर्जी।

- **उन्होंने कहा कि " जनता जल योजना में केन्द्र से 13982 करोड़ रु. मिले, लेकिन राजस्थान सिर्फ 2452 करोड़ रु. ही खर्च कर पाया। जनवरी 2022 तक प्रदेश में 30 लाख पानी के कनेक्शन होने थे, लेकिन मात्र 4.31 लाख कनेक्शन ही हो पाए।"**

कटारिया ने कहा कि आपने अनुमान लगाया है कि 2022-23 में एक लाख 47 हजार 504 करोड़ रुपया आएगा, पर आएगा कहां से जबकि आप कई तरह से टैक्स में छूट देते जा रहे हो। उन्होंने जल जीवन मिशन में केन्द्र सरकार से पैसा मिलने के बावजूद काम नहीं करने का आरोप लगाया और कहा कि बराबरी के हिस्से के लिए अपने पास भी तो पैसा देने के लिए होना चाहिए। उन्होंने कहा कि 40 साल के शासन के बावजूद आप जनता की इस मूल समस्या का हल नहीं कर सके। जबकि घर-घर नल कनेक्शन योजना में राजस्थान की जरूरत ज्यादा थी, पर हम इसमें 50 प्रतिशत प्रगति भी नहीं कर पाए। यहां तक कि स्कूल और आंगनबाड़ी तक को नहीं जोड सके हैं हम। जबकि कई राज्यों ने 100 फीसदी तक प्रगति की है।

पुरानी पेंशन योजना लागू करने की घोषणा पर भी कटारिया ने कहा कि घोषणा निश्चित तौर पर अच्छी है और लोकप्रिय भी है, क्योंकि इसमें कर्मचारी की जेब से पैसे कम लगता है और उसका लाभ अधिक मिलता है, लेकिन इसका भार साल 2032 में आएगा. जब आप रहोगे और न ही मैं रहूंगा, ऐसे में रोने वाला रोता रहेगा।

कटारिया ने कहा कि जनवरी 2022 तक प्रदेश में 30 लाख पानी के कनेक्शन होने थे, लेकिन केवल 4 लाख 31 हजार कनेक्शन ही हो पाए। जबकि केन्द्र सरकार ने राजस्थान को सहयोग देने में कोई कमी नहीं छोड़ी। साल 2019 से 21 तक केंद्र ने इस योजना में 13,982 करोड़ रुपए राजस्थान सरकार को दिए, इसके बावजूद गहलोत सरकार महज 2452 करोड़ रु. ही खर्च कर पाई। इसके बाद भी राजस्थान सरकार केन्द्र से अनुदान 90 फीसदी तक मांगती है, लेकिन 50 फ़ीसदी का अनुदान सभी राज्यों के लिए किया गया है। आखिर आप कब तक फ्री का गोपी चंदन घिसते जाएंगे।

इसके बाद कटारिया ने मनरेगा में 125 दिन के रोजगार घोषणा को भी हवाई बताया। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार मौजूदा कार्ड धारकों को 100 दिन का रोजगार तक नहीं दे सकी, अब 25 दिन बढ़ाने की घोषणा कर वाहवाही लूटना चाह रहे हो। बजट में नए महाविद्यालय की घोषणा पर कटाक्ष करते हुए कटारिया ने कहा पूर्व में जिन महाविद्यालय की घोषणा की गई थी, वहां अब तक भवन बने ही नहीं और न ही भर्ती हो पाई है। इसके बाद कटारिया ने पेट्रोल-डीजल पर लगने वाले वैट और संविधान के नियम के विशेष राजनीतिक नियुक्तियों में नेताओं को मंत्री पद का दर्जा दिए जाने पर भी सवाल उठाया।

# बजट की हर घोषणा पूरी होगी, पैसे की चिंता मुझे करनी चाहिए विपक्ष को नहीं : मुख्यमंत्री

## 45 हजार सुझावों के मंथन से तैयार किया है राजस्थान का इस वर्ष बजट, गत बजट की 85 फीसदी घोषणाएं पूरी हो चुकी : गहलोत

**जयपुर** (विसं)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सदन में कहा कि राजस्थान के आम बजट में जो 500 घोषणाएं मैंने की हैं, वो हर हाल में पूरी होगी। उन्होंने गत बजट की 85 प्रतिशत और चुनावी वादे 70 प्रतिशत पूरे करने का दावा भी किया। गहलोत ने सरकारी नौकरियों को लेकर कहा कि प्रदेश में वह एक लाख भर्ती कर चुके हैं। एक लाख भर्तियां प्रोसेस में हैं और इसके बाद 1 लाख भर्तियां और की जाएंगी।

गहलोत ने नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया पर निशाना साधते हुए कहा कि आपने 15 से 20 बार अपने अभिभाषण में यह कहा कि बजट को पूरा करने के लिए पैसा कहां से आएगा? जबकि यह चिंता तो हमें होनी चाहिए।

गहलोत ने कहा कि यह बजट 45 हजार सुझावों के समुंद्र मंथन से बनाया गया है। मैं 9वीं बार बजट पेश कर रहा हूं और हर हाल में बजट घोषणाएं पूरी होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में जो 500 घोषणाएं हुई हैं, उनमें से सात प्रमुख घोषणाओं को पूरी करने के लिए स्वीकृति प्रक्रिया भी जारी हो चुकी है।

बजट पर अपने जवाब में मुख्यमंत्री ने केन्द्र सरकार की ओर से राज्यों के मदों में की जा रही कटौती की भी बात कही। उन्होंने कहा कि 14 वें फाइनेंस कमीशन के हिसाब से राज्यों को जो 41 परसेंट मिलता था, वह 30 फीसदी भी मुश्किल से मिल रहा है। गहलोत ने कहा कि हमें पिछली बार 15 हजार करोड़ रुपए केंद्र की ओर से कम मिले और इस बार 19 हजार करोड़ रुपए कम मिलने का अनुमान है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश की इकोनॉमी को 5 ट्रिलियन करने की बात करते थे, लेकिन मैं राजस्थान की जीडीपी को 15 लाख करोड़ तक जरूर ले जाऊंगा। उन्होंने सदन को विश्वास दिलाया कि सरकार एक बार भी ओवरड्राइव नहीं हुई है। फिजिकल डेफिसिट हो या अन्य पैरामीटर राजस्थान भारत सरकार से हर पैरामीटर में आगे है।

- **तीन लाख भर्तियां करने और भविष्य में राजस्थान की जीडीपी को 15 लाख करोड़ तक ले जाने का दावा किया**
- **केंद्र सरकार से भी ओल्ड पेंशन और शहरी रोजगार गारंटी स्कीम लागू करने की मांग उठाई**

मुख्यमंत्री ने कहा कि वह केंद्र सरकार से मांग करते हैं कि वह भी राजस्थान सरकार की तरह हर देशवासी का 10 लाख का बीमा करे। भले ही केंद्र सरकार इंदिरा गांधी के नाम पर शहरी रोजगार गारंटी योजना चालू न करे, लेकिन शहरी रोजगार गारंटी योजना जरूर लागे करे।

ओल्ड पेंशन स्कीम को भी वापस केंद्र सरकार देश के सभी कर्मचारियों के लिए लागू करे। ओल्ड पेंशन स्कीम के लिए चाहे हुमन राइट हो या फिर जुडिशल कमिशन सभी इनकार कर रहे हैं तो वहीं केंद्र ने आर्मी और एयरफोर्स को भी उस से बाहर रखा है। ऐसे में मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए यह पेंशन स्कीम लागू करने की बात कही।

## 'इतिहास याद करके ही बना सकते हैं नया इतिहास'

**जयपुर** । मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार से कहा कि हमने नई पेंशन का कदम सोच-समझकर उठाया है, ताकि कर्मचारियों को सिक्योरिटी मिल सके। अगर हम ऐसे ही चिंता करते रहेंगे तो कोई फैसला नहीं कर पाएंगे। भविष्य में कौन रहेगा कौन नहीं यह निर्णय करने और सोचने से इतिहास नहीं बनता। गहलोत ने कहा कि इतिहास बनाना सीखना चाहिए और इतिहास तभी बनता है जब इतिहास को याद रखा जाता है। इतिहास को भुलाने वाला कभी इतिहास नहीं बना सकता। कांग्रेस मुक्त भारत बनाने की बात पर गहलोत ने कहा कि "भारत को कांग्रेस मुक्त करने वाले स्वयं मुक्त हो जाएंगे, लेकिन कांग्रेस यथावत रहेगी।"

## अच्छा हुआ काली दुल्हन के बयान पर माफी मांग ली

**जयपुर** (विसं)। मुख्यमंत्री ने नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया पर तो तीखे प्रहार किए ही, साथ ही भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया को लेकर कहा कि भाजपा के पास इस बजट को लेकर कहने को कुछ नहीं था। यही कारण था कि सतीश पूनिया ने बजट को काली दुल्हन जैसा बता दिया, लेकिन यह अच्छी बात है कि इन्होंने बाद में माफी मांग ली। ऐसा इन्होंने इसी कारण से कहा क्योंकि इनके पास बजट के विरोध में बोलने को कुछ नहीं था।

## जनाना अस्पताल को नीकू वार्ड मिला

**जयपुर** । चांदपोल जनाना अस्पताल का गुरूवार को 93 वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और चिकित्सा मंत्री प्रसादी लाल मीणा ने वर्चुअल कार्यक्रम के जरिए बीस बेड के नीकू वार्ड को विभाग को सपर्पित किया गया। अब विश्व-स्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित इस वार्ड की सेवाएं जनाना हॉस्पिटल में मरीजों को मिलेगी। अस्पताल के सभागार में आयोजित स्थापना दिवस समारोह में अस्पताल अधीक्षक डॉ. पुष्पा नागर व विभागाध्यक्ष डॉ. के.पी. बनर्जी ने कई नई सुविधाओं की सौग़ात दी। कार्यक्रम में डॉ. राखी आर्य, डॉ. नितेश शेखावत, एएनसी ओपीडी इंचार्ज रमेश सैनी, डॉ. सिंधु सुधा गौड़, डॉ, नीलम मीणा, डॉ. सपना, डॉ. शिमला, नर्सिंग अधीक्षक सारिका शर्मा और कौशल किशोर मौजूद रहे। अधीक्षक डॉ. पुष्पा नागर ने आज से अस्पताल के मरीजों को नीकू की नई सौगात देते हुए सुविधाओं का विस्तार किया।

## एससी-एसटी मामले में दो आरोपी पकड़े

**जयपुर** । बजाज नगर पुलिस ने एससी-एसटी एक्ट मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों संजय जायसवाल निवासी मानसिंहपुरा बजाज नगर और श्याम सुंदर निवासी कटेवा नगर, गुर्जर की थड़ी को गिरफ्तार किया है।

## दो हजार जगहों पर गौकाष्ठ से होगा होलिका दहन : कर्णावट



**ग्रेटर उपमहापौर पुनीत कर्णावट ने गौशाला के पदाधिकारियों, मोहल्ला विकास समितियों और व्यापार मंडलों की बैठक लेकर होलिका दहन पर गौकाष्ठ का उपयोग करने का आग्रह किया।**

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर में 2 हजार जगहों पर गौकाष्ठ से होलिका दहन होगा। ताकि पेड़ों की लकड़ियां बचें और गौशालाएं भी स्वावलंबी बने। ग्रेटर उपमहापौर पुनीत कर्णावट ने इस संबंध में गुरूवार को व्यापारियों संगठनों, मौहल्ला विकास समितियों और गौशाला प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।

पुनीत कर्णावट ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठानों और सामाजिक कार्यक्रमों में गौकाष्ठ का उपयोग करके लाखों पेड़ों को कटने से बचाया जा सकता है। कोरोनाकाल में पेड़ों के महत्व हमने अच्छे से जाना है। बैठक में उपस्थित गौमय परिवार संस्था के डॉ.सीताराम गुप्ता, पिंजरापोल गौशाला के ट्रस्टी राधेश्याम विजयवर्गीय, श्रीनारायण धाम गौशाला के विष्णु अग्रवाल, श्री राम आशा पुराण चैरिटेबिल ट्रस्ट के नवीन भंडारी व राजापार्क व्यापार मंडल के अध्यक्ष रवि नैय्यर, जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष ललित सांचोरा, भाटिया बिरादरी के अध्यक्ष अजय गांधी, वैष्णों देवी सेवा समिति अध्यक्ष सुभाष भाटिया, श्री राम मंदिर प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष अनिल खुराना, झंग बिरादरी के प्रेरक अशोक भूटानी, श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर गुरुनानकपुरा के इंद्रजीत शर्मा, हनीमन चैरिटेबल ट्रस्ट के डॉ अतुल गुप्ता ने अभियान में सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जयपुर में स्थापित किए गए विभिन्न केंद्रों पर गौकाष्ठ की बुकिंग शुरू कर दी गई है तथा 151 किलो गौकाष्ठ के लिए 2100 रुपए की सहयोग राशि ली जा रही है, जिसका उपयोग गायों के भरण पोषण पर करेंगे।

## वक्ता को विधायक ने क्रॉस किया तो सभापति नाराज हुए

**जयपुर** (विसं)। विधानसभा में बजट पर चर्चा के दौरान जब कांग्रेस विधायक जगदीश चंद्र अपनी बात रख रहे थे, तब अचानक दूसरे विधायक उनके सामने से निकल गए। इससे सभापति राजेंद्र पारीक नाराज हो गए। उन्होंने कहा कि सदन में परंपरा है कि जब कोई वक्ता बोल रहा हो, तो दूसरा सदस्य उसको क्रॉस करके उसके सामने से नहीं आता। हमारे सीनियर्स ने हमें सदन में अनुशासित रहना सिखाया है, लेकिन आप लोगों की न कुछ सीखने की मंशा है न कुछ करने का मन है। फिर ऐसा हुआ तो संज्ञान लूंगा।

## महिला के गुप्तांग से 11 दिन में निकली 6 करोड़ की ड्रग्स

**जयपुर** । डायरेक्ट्रेट रेवेन्यू सर्विसेज ने सूडान की महिला से 6 करोड़ की ड्रग्स बरामद की है। यह ड्रग्स वह प्राइवेट पार्ट (रेक्टम-वेजाइना) और पेट में छिपाकर लाई थी। इसे निकालने में करीब 11 दिन का समय लगा। मेडिकल टीम ने जांच की तो पता चला महिला अपने बॉडी में करीब 88 कैप्सूल लेकर आई थी। महिला दुबई के शारजाह से यह ड्रग्स लेकर जयपुर पहुंची थी। महिला से कैप्सूल बरामद कर गुरुवार को उसे जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार, शारजाह से 19 फरवरी को सूडान की यह महिला जयपुर एयरपोर्ट पहुंची थी।

## ऊपर अल्लाह, नीचे कल्ला..... राजस्थान में यही हल्ला : देवल

**जयपुर** (विसं)। विधायक नारायण सिंह देवल ने सदन में बजट पर चर्चा के दौरान संविदाकर्मियों की समस्याओं को सुलझाने को लेकर मंत्री बीडी कल्ला की कमेटी की रिपोर्ट में हो रही देरी पर सवाल उठाए। नारायण सिंह देवल ने कहा कि राजस्थान में 6 लाख 50 हजार बेरोजगार हैं, जो देश में सबसे ज्यादा हैं। उन्होंने कहा कि अभी तो राजस्थान में संविदाकर्मियों को लेकर केवल एक ही बात चल रही है कि "ऊपर अल्लाह और नीचे कल्ला, यही है राजस्थान में हल्ला।" देवल ने पूछा कि कांग्रेस ने अपने चुनाव घोषणापत्र में कहा था कि जब सरकार बनेगी तो संविदाकर्मियों को स्थाई कर दिया जाएगा, उस वादे का क्या हुआ? तीन लाख से ज्यादा संविदाकर्मी इस बात का इंतजार कर रहे हैं कि कल्ला कमेटी की रिपोर्ट कब आएगी? बजट में सरकार ने संविदाकर्मियों को नियमित न करके 20 प्रतिशत मानदेय बढ़ाकर अन्याय किया है। 3 लाख संविदाकर्मी इसके लिए कांग्रेस को कभी माफ नहीं करेगा।

## बिजली खरीद और गौ-सेस के प्रश्न पर स्पीकर ने कहा दूसरे तरीके से लाएं सवाल

**जयपुर,** (वि.सं.)। विधानसभा में आज प्रश्नकाल के दौरान गुरुवार को गौ-सेस से जुड़े सवाल पर मंत्री शांति धारीवाल के जवाब से विधायक संयम लोढ़ा संतुष्ट नहीं हुए। इस मामले पर नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया ने भी सवाल खड़े किए तो स्पीकर सीपी जोशी ने इस सवाल को दूसरे तरीके से लगाने के लिए कहा।

विधायक संयम लोढ़ा के गौ-सेस के सवाल के जवाब में धारीवाल ने कहा कि स्टाम्प ड्यूटी से 970.94 करोड़ का सेस प्राप्त हुआ तो मदिरा पर भार से 1205 करोड़ का सेस प्राप्त हुआ है। इस पर लोढ़ा ने कहा कि गौशाला विकास पर महज 5 करोड़ ही खर्च हुए और बायो गैस सहभागिता योजना में महज 20 लाख रुपए खर्च हुए।

इस पर मंत्री शांति धारीवाल ने कहा कि उठाए गए प्रश्न का इस प्रश्न से कोई ताल्लुक नहीं है। उन्होंने कहा कि गौशाला विकास कार्यों पर 5 करोड़ रुपए ही इसलिए खर्च हुआ क्योंकि दूसरा कोई प्रस्ताव ही नहीं आया। इस जवाब पर संयम लोढ़ा कुछ पूछने को खड़े हुए लेकिन स्पीकर ने उन्हें बोलने की अनुमति नहीं दी। इस पर नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया ने भी कहा कि जिस तरह का प्रश्न है और जिस तरह का उत्तर है, उससे कुछ भी स्पष्ट नहीं हो रहा है। कटारिया ने शांति धारीवाल को लेकर कहा कि इन्होंने बहुत चतुराई से आंकड़ों में फंसा दिया है। इस पर स्पीकर सीपी जोशी ने भी कहा कि इस सवाल को दूसरे तरीके से विपक्ष लेकर आए। इस पर चर्चा करवा ली जाएगी। इससे पहले प्रश्नकाल में राजेन्द्र राठौड़ ने पूछा कि बिजली होने के बावजूद अगस्त में महंगी बिजली क्यों खरीदी? राठौड़ ने कहा कि 13,097 करोड़ की बिजली खरीदी है, यह बड़ा स्कैंडल है। इस पर आधे घंटे की चर्चा करवाई जाए। इस पर मंत्री भाटी ने कहा कि किसानों को और आम लोगों को पूरी बिजली दे सकें, इस सोच के साथ हमने काम किया है।

## मकान-दुकान ध्वस्त करने की आम सूचना रद्द की

**जयपुर,** (का.सं.)। हाईकोर्ट ने कोटपूतली नगर पालिका की 23 दिसंबर 2021 की उस आम सूचना को रद्द कर दिया है, जिसके अनुसार मास्टर प्लान का हवाला देकर सड़क चौड़ी करने के नाम पर लोगों के मकान-दुकानों को अतिक्रमण बताकर उन्हें ध्वस्त करने के लिए कहा था। सीजे अकील कुरेशी व जस्टिस सुदेश बंसल की खंडपीठ ने यह आदेश प्रकाश चंद सैनी व अन्य की याचिका पर दिया। अदालत ने कहा कि यदि प्रार्थियों के खिलाफ दुबारा कोई कार्रवाई की जाए तो वे नए सिरे से उसे चुनौती दे सकते हैं। अधिवक्ता रचित बोहरा ने बताया कि याचिकाओं में नगर पालिका कोटपूतली के 14-15 दिसंबर के नोटिसों व 23 दिसंबर 2021 की आम सूचना को चुनौती दी थी। इस आम सूचना के जरिए प्रार्थियों को चेतावनी दी थी कि वे रोड की चौड़ाई में आ रहे अपने मकान व दुकान के निर्माण को खुद ही हटा लें और ऐसा नहीं करने पर नगर पालिका उन्हें ध्वस्त कर देगी। प्रार्थियों का कहना था कि कोटपूतली कस्बे में अलग-अलग जगह पर उनके भवन बने हैं। नगर पालिका इन्हें बिना अवाप्त करे और बिना विधिक प्रक्रिया के ही तोड़ने और उन्हें बेदखल करने की कार्रवाई कर रही है जो वैधानिक नहीं है। जबकि उन्होंने नगर पालिका के नोटिस का जवाब देकर अपनी आपत्ति दर्ज करा दी है। लेकिन नगर पालिका उनकी आपत्तियों को तय किए बिना ही उनके खिलाफ तोड़-फोड़ की कार्रवाई करने पर आमाद है। इसलिए नगर पालिका की कार्रवाई पर रोक लगाकर आम सूचना को रद्द किया जाए।

## मकान से 18.50 लाख रु.चोरी

**जयपुर** (कासं)। रामगंज में स्थित एक मकान में नकबजनी की बड़ी वारदात हुई। चोर यहां से 18.50 लाख रूपए की नकदी सहित जेवरात चुरा ले गए। रामगंज थानाधिकारी भूरी सिंह ने बताया कि गोपीनाथ वैध जी की गली निवासी हनीफ कुरैशी करीब एक माह पहले आगरा स्थित अपने गांव शादी में परिवार सहित गया था। पीछे से चोर भाइयों, बेटे और खुद की जमा की गई पूंजी 18.50 लाख की नकदी पार कर ले गये।

## शिमर मिसेज राजस्थान का ग्रैंड फिनाले कल

**जयपुर** । शिमर मिसेज राजस्थान की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में रिवींविंग क्राफ्ट एंड कल्चर ऑफ राजस्थान थीम पर ब्यूटी पेजेंट आयोजित होगा। इसका उद्देश्य महिला सशक्तिकरण के साथ-साथ राजस्थान के हैंडीक्राफ्ट, कल्चर, हेरिटेज एंड टूरिज्म को बढ़ावा देना है। आयोजक अलका अग्रवाल ने बताया कि ऑडिशन में चयनित 15 प्रतिभागियों के लिए 15 दिन के योगा, 5 दिन की ग्रूमिंग, इमेज पर्सनेलिटी, मेकअप वर्कशॉप, वेलनेस एंड डाइट प्लानिंग जैसे कई महत्वपूर्ण एक्सपर्ट सेशन आयोजित किए गए। जिसका ग्रैंड फिनाले 5 मार्च को शाम को बिडला ऑडिटोरियम में किया जायेगा। शिमर में राजस्थान का ताज पहनाने के लिए बॉलीवुड अभिनेता बालिका वधु फेम स्मिता बंसल शामिल होगी। ग्रैंड फिनाले में बतौर जज नेहा गुप्ता प्रेसिडेंट फोर्टी विमेन विंग, हिम्मत सिंह पवार, नीता बुचरा,, कुलसुम मलिक, अंजना जैन, मिसेज इंडिया श्वेता मेहता मोदी मौजूद होंगे। टैक्सटाइल व हैंडलूम का हैंडमैड कलैक्शन भी शोकेस किया जायेगा।

## 9 माह बाद आमने-सामने होंगे सौम्या गुर्जर और यज्ञमित्र सिंह

### ग्रेटर नगर निगम की साधारण सभा 14 मार्च को प्रस्तावित

**जयपुर** (कासं)। ग्रेटर नगर निगम में पिछले साल जून में मेयर सौम्या गुर्जर और आयुक्त यज्ञमित्र सिंह के बीच शुरू हुआ विवाद अभी भी थमा नहीं है। पिछले महीने सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर वापस मेयर पद संभालने के बाद सौम्या गुर्जर ने करीब 6 से ज्यादा बैठक कर ली, लेकिन एक भी बैठक में आयुक्त यज्ञिमित्र सिंह शामिल नहीं हुए। ऐसे में अब सौम्या गुर्जर ने 14 मार्च को साधारण सभा की बैठक बुलाई है, जिसमें 9 महीने के बाद मेयर-आयुक्त आमने-सामने होंगे।

सूत्रों की मानें तो नगर निगम ग्रेटर बनने के बाद यह दूसरी बार है, जब साधारण सभा की बैठक बुलाई जा रही है। पिछले साल जनवरी में बजट बैठक बुलाने के बाद से अब तक यानी 13 महीने से साधारण सभा नहीं हुई। पिछले साल अप्रैल-मई में कोरोना की दूसरी लहर और उसके बाद जून में मेयर-आयुक्त का विवाद होने के बाद मेयर को सस्पेंड कर दिया। आयुक्त की शिकायत पर ही राज्य सरकार ने मेयर को सस्पेंड कर दिया और इस पूरे मामले की न्यायिक जांच शुरू करवा दी। पहले हाईकोर्ट और बाद में सुप्रीम कोर्ट जाने के बाद सौम्या गुर्जर को राहत मिली और करीब 8 महीने बाद वह वापस मेयर की कुर्सी पर बैठी। सूत्रों की मानें तो नियमानुसार हर 60 दिन में एक बार नगर निगम की साधारण सभा बुलाई जानी चाहिए, लेकिन जयपुर नगर निगम ग्रेटर और जयपुर हैरिटेज में पिछले 13 महीने से साधारण सभा की बैठक नहीं बुलाई गई है। उधर ग्रेटर नगर निगम के गलियारों में चर्चा है कि सौम्या गुर्जर के दुबारा मेयर की कुर्सी संभालने के बाद आयुक्त यज्ञमित्र सिंह अब तक एक बार भी मेयर की बुलाई बैठक में शामिल नहीं हुए। अपनी जगह वे अतिरिक्त आयुक्त मुख्यालय को भेज देते है। पिछले कुछ दिनों से खुद आयुक्त सफाई व्यवस्था और स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर अलग से अधिकारियों संग बैठक कर रहे है। ऐसे में चर्चा हो रही है कि मेयर-आयुक्त का विवाद अभी थमा नहीं है।

इसी तरह आयुक्त यज्ञमित्र सिंह ने सौम्या गुर्जर के वापस मेयर पद पर लौटने के बाद खुद को असुरक्षित महसूस करते हुए गृह विभाग से सुरक्षा की मांग की थी।

## एसएमएस अस्पताल में 2 साल की बच्ची के लीवर से सुई निकाली

### सुई छाती से होती हुई पेट में डायाफ्राम के नीचे लीवर के बांए भाग में जाकर धंस गई थी

**जयपुर,** (कासं)। राजधानी के सवाई मानसिंह अस्पताल के कार्डियो विभाग के डॉक्टरों ने दो साल की बच्ची के लीवर से करीब 2 इंच लंबी सुई ऑपरेशन से निकाल कर उसी जान बचाई है।



कार्डियक सर्जरी विभाग के सीनियर प्रोफेसर डॉ. अनिल शर्मा ने बताया कि दो वर्षीय बच्ची जेके लॉन अस्पताल से कार्डियो थोरेसिक सर्जरी विभाग में रैफर होकर आई। बच्ची के छाती के एक्सरे में 2 इंच लम्बी कपड़े सिलने वाली सुई दिखाई दे रही थी। बच्ची के माता-पिता ने बताया कि वह बिस्तर में खेल रही थी।

इस दौरान सुई व धागा बच्ची की छाती के निचले हिस्से में घुस गया। इसका पता चलते ही परिजन उसे जेके लॉन अस्पताल लेकर आए। यहां डॉक्टरों ने इमरजेंसी में सुई निकालने का प्रयास किया। इस दौरान केवल धागा ही निकल पाया सुई नहीं। एक्सरे करने पर सुई छाती के निचले हिस्से में दिखाई दे रही थी। इस पर बच्ची को एसएमएस अस्पताल के कार्डियो थोरेसिक सर्जरी विभाग में रैफर कर दिया गया। यहां सीनियर प्रोफेसर डॉ. अनिल शर्मा की टीम ने ऑपरेशन करके सुई को निकाला। सुई छाती की जगह पेट में लीवर के बांए हिस्से में मिली। डॉ.शर्मा ने बताया कि सुई छाती से होती हुई पेट में डायाफ्राम के नीचे लीवर के बांए भाग में जाकर धंसी। सुई बिल्कुल इस प्रकार धंसी की लीवर या पेट के किसी भी आंतरिक अंग को नुकसान नहीं हुआ। डॉ.शर्मा की टीम में सहयोगी डॉ.सुनील दीक्षित, डॉ. मोहित शर्मा, डॉ. सौरभ मित्तल, डॉ. जमनाराम व डॉ. जील शामिल थे। एनेस्थेसिमा विभाग से डॉ. इंदु, डॉ.अंशुल व डॉ.सतवीर मौजूद रहे। डॉ.शर्मा ने बताया कि बच्चे के प्रति इस तरह की लापरवाही प्राण घातक हो सकती है। सौभाग्यवश इस बच्ची के पेट में सुई के कारण किसी भी आंतरिक अंग को क्षति नहीं पहुंची।

## सार-समाचार

### कुंदन यादव ने जताया पायलट का आभार



**जयपुर** (कासं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य कुंदन यादव को राज्य सरकार ने पशुधन विकास बोर्ड में सदस्य बनाकर राजनीतिक नियुक्ति दी है। उनकी इस नियुक्ति पर हाडौती के कांग्रेस युवाओं, छात्रों और पायलट यूथ फाउंडेशन के सदस्यों ने गुरूवार को जयपर पहुंचकर पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट का आभार जताया। पायलट यूथ फाउंडेशन के अध्यक्ष गौरव सिंह चौहान ने बताया कि कोटा बूंदी जिले के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग एक दर्जन बस और चारपहिया वाहनों से जयपुर जाकर पायलट निवास पर जमकर आतिशबाजी की तथा उन्हें तलवार भेंट कर कोटा के युवा नेता कुंदन यादव को राजनीतिक नियुक्ति दी जाने पर आभार जताया। कुंदन यादव ने कहा कि मेरे जैसे साधारण कार्यकर्ताओं को पायलट साहब ने राज्य सरकार में राजनीतिक नियुक्ति दिलवाकर हाडौती के सभी युवाओं और कांग्रेस कार्यकर्ताओं का मान बढ़ाया है, इसके लिए हम कांग्रेस आलाकमान और सचिन पायलट के आभारी है। इस मौके पर युवा कांग्रेस के पूर्व शहर अध्यक्ष संदीप सिंह गौड़, पायलट यूथ फाउंडेशन के संभागीय अध्यक्ष नीरज राठौड़, आदिवासी मीणा छात्र संघ के नरेंद्र मीणा, आशु मीणा, युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश प्रतिनिधि सुरेंद्र वैष्णव, पिंटू खान, खटीक कोटा जिला परिषद के अध्यक्ष नितेश खींची, पायलट यूथ फाउंडेशन बूंदी जिला के अध्यक्ष विमल गुर्जर पोसवाल और धनराज गुर्जर मौजूद थे।

### ज्वैलरी शॉप में जेवर-नकदी की लूट


**जयपुर** । खोह-नागोरियान इलाके में भी हथियारबंद बदमाश एक ज्वैलर्स शॉप में घुसकर लाखों रूपए कीमत के जेवरात सहित 50 हजार की नकदी लूट ले गए । खोह-नागोरियान थानाधिकारी मनोहर लाल ने बताया कि लूट की वारदात मीणा पालडी में स्थित कनिष्का ज्वैलर्स में गुरुवार दोपहर करीब डेढ़ बजे हुई। बालाजी वाटिका निवासी ज्वैलर्स राजकुमार सोनी ने दो महीने पहले ही मीणा पालड़ी में दुकान खोली थी। घटनाक्रम के मुताबिक वह गुरुवार दोपहर दुकान पर बैठा हुआ था। एक बदमाश ग्राहक के रूप में आया अंगूठी दिखाने के लिए कहा, पीड़ित ने अंगूठी दिखाई तो इतनी ही देर में तीन बदमाश और वहां आ गए। इसके बाद एक बदमाश ने उस पर पिस्टल तान दी और बाकि तीनों शोकेस में रखे करीब दस तोला सोने और करीब 6 किलो चांदी के गहने सहित 50 हजार रूपए लूट ले गए। पुलिस मामला दर्ज कर घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

### 'ज्यूडिशियल कस्टडी'' ने पुरस्कार जीता

**जयपुर,** (कासं)। दृश सिने प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निर्मित हिंदी फीचर फिल्म "ज्यूडिशियल कस्टडी" पिछले सप्ताह पेरिस में आयोजित एक फिल्म समारोह में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता है। पेरिस में एक अन्य समारोह में इसने सर्वश्रेष्ठ ड्रामा फिल्म का पुरस्कार भी जीता। इसके अलावा फिल्म को लॉस एंजिल्स, कैलिफोर्निया, संयुक्त राज्य अमेरिका में आयोजित होने वाले प्रतिष्ठित स्टैंड अलोन फिल्म फेस्टिवल एंड अवार्ड्स में आधिकारिक तौर पर चुना गया है। फिल्म के लिए फेस्टिवल राउंड अभी एक धमाके के साथ शुरू हुआ है, और निर्माता अभी भारत और विदेशों में आयोजित होने वाले अन्य फिल्म समारोहों में भी स्क्रीनिंग की उम्मीद करते हैं। फिल्म के निर्माता तपेश कोटिया ने कहा कि वे फिल्म को निकट भविष्य में एक ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज करने की सोच रहे हैं। एफटीआईआई के पास आउट सौरभ सारस्वत मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म की शूटिंग पुष्कर, अजमेर और जयपुर में बड़े पैमाने पर की गई है।

### सर्वजातीय विवाह सम्मेलन 10 मई को

**जयपुर,** (कासं)। ब्रह्मलीन परम पूज्य ब्रह्म पीठाधीश्वर श्रीनारायण दास महाराज, त्रिवेणीधाम एवं डाकोरजी (गुजरात) की प्रेरणा, आर्शीवाद से प्रारंभ हुए इस आयोजन में इनके परम शिष्य खोजी श्री द्वाराचार्ज श्री रामरिछपाल दासजी एवं रेवासा पीठाधीश्वर पूज्य राघवाचार्य के सानिध्य में 10 मई को सर्वजातीय 11 वां सामूहिक विवाह सम्मेलन आदर्श विद्या मंदिर अंबाबाडी जयपुर में आयोजित किया जायेगा। समिति के उपाध्यक्ष हरिकृष्ण गोयल ने बताया कि सम्मेलन में सभी जातीय समाज के जोडों का पंजीयन किया जा रहा है जिसमें युवती की आयु 18 वर्ष एवं युवक की आयु 21 साल से अधिक होनी चाहिए। पंजीकरण फार्म सेवा भारती के कार्यालय "सेवा सदन" से प्राप्त कर 20 अप्रैल तक जमा करवाये जा सकते हैं। समिति के अध्यक्ष नागरमल अग्रवाल द्वारा आम जनता से अधिक से अधिक जोडों का पंजीयन करवाने हेतु निवेदन किया गया है। इस वर्ष 51 जोडों का लक्ष्य रखा गया है। समिति की उपाध्यक्ष सुमनलता बंसल ने बताया कि इस वर्ष विवाह सम्मेलन में भोजन वितरण, दुल्हनों की सज्जा एवं फेरों की व्यवस्थाएं महिलाओं द्वारा की जायेगी।




## The Ethiopian Calendar

Here's one of the most mindboggling facts about the world - you're always seven years behind in Ethiopia. Just like the Gregorian calendar (the one most of us are on), the Ethiopian calendar marks Christ's birth as the starting point. However, following alternate calculations of the annunciation of Christ, the Ethiopian calendar is seven to eight years behind. The most interesting differences are the yearly holidays. Ethiopia celebrates New Year on September 11th and Christmas on January 7th (in Gregorian calendar).

#THEATRE

# Of Love, Sin and Life



The first theatrical adaptation of the story 'Chitralekha' is all set to take place at Ravindra Manch on March 4. Directed by Dheeraj Bhatnagar, the play is based on the 1934 Hindi novel of the same name and is being presented by Rangsheersh Art and Cultural Research Society.



Tusharika Singh
*Freelancer writer and city blogger*

The theatre lovers of Jaipur will be in for a mesmerizing treat as the first theatrical adaptation of the story 'Chitralekha' is all set to take place at Ravindra Manch on March 4. Directed by Dheeraj Bhatnagar, the play is based on the 1934 Hindi novel of the same name by Padma Bhushan awardee Bhagwati Charan Verma about Bijgupta, a feudal lord serving under the Maurya Empire king Chandragupta Maurya (340 BCE - 298 BCE); and his love for the courtesan Chitralekha, who had become a slave to the circumstances.

The play inspires the viewers to delve deeper into the definitions of love and life as well as sin and virtue. Telling more about the play Dheeraj Bhatnagar said that the novel of 22 chapters has been brought on stage in 19 scenes on the stage. In this play, 10 actors will bring different characters to life on stage, while 15 members will co-ordinate the backstage activities. "We have worked tirelessly for the audience to watch and decide - what can be the definition of sin," he adds.

On being asked about the relevance of the story of Chitralekha today, Dheeraj shares: "If we talk about the relevance of the play, then every line of the novel written in 1934 is relevant even today. Through the character of Chitralekha, the struggle of empowerment of women comes to the forefront. Also, Chitralekha is a wonderful example of a woman's strong self-confidence and ability to stick to her decision. I believe that present-day women will definitely like the play and resonate with the character and story of Chitralekha."

It is worth noting that written in 1934, this novel was also filmed twice, in 1941 and 1964. Directed by Kidar Khan, it was the second-highest grossing Indian film of 1941. Its music was composed by noted classical musician Ustad Jhande Khan, giving popular songs like 'Sun sun Neelkamal Muskaye', 'Saiyyan Saware Bhaye Baware' and 'Tum Jao Bade Bhagwan Bane, Insaan Bano'. Khan used classical Ragas like Bhairavi and Asavari to the score, making it influential for classical based Hindi film songs. The film was remade by Sharma in 1964, also titled Chitralekha, starring Meena Kumari and Ashok Kumar.

**Date:** Friday, March 4
**Time:** 6 pm
**Venue:** Ravindra Manch
**Entry:** Ticketed (M-99833 23333)

#RESEARCH

# Pre-sleep Nesting Behaviour

For people suffering from chronic difficulties initiating and maintaining sleep, adopting a regular behavioural pre-sleep routine was found to be more efficient in facilitating sleep than medication, yet the biological link between the pre-sleep phase and sleep initiation was until recently a mystery.

Humans, as well as many other animals including mice, engage in routine behaviours prior to sleep initiation, including attending to personal hygiene and preparing a space in which to sleep. It has long been suggested that these pre-sleep behaviours promote tranquilization and de-arouse the brain, yet causal evidence was lacking.



In the newly published study, University of Michigan researchers characterized mice's routine prior to sleeping and demonstrated that if mice are not able to engage in pre-sleep nesting behaviour, it takes them longer to fall asleep and the quality of their sleep declines.

The researchers used new methods to tag neurons that were activated during the pre-sleep phase and subsequently modulate their activity. They successfully pinpointed neurons or brain cells in the lateral hypothalamus-which is a brain structure located in the forebrain and responsible for many behaviours including hunger, fear, and thirst-that not only controls pre-sleep nesting behaviour, but also sleep intensity.

The findings could eventually lead to the development of alternative medication to treat sleep disturbances-other than currently available prescribed drugs which pose many health risks.





When enough stocks of the jalebi are ready the next fast food item was put in the hot oil. Dal and Pyaz Ki Kachori are traditionally made first. The first customers are quickly attracted to the strong aroma, waiting patiently while the oil is drained from the piping hot batch to relish it with green coriander paste (chatni) and sweet tamarind syrup (Sonth ki chatni). An hour had to pass when the samosa had its turn with equal number of aficionados. This alteration of the two savouries goes on till noon when it is the turn of Mirchi Baras (stuffed long green chilies dipped in Besan batter) is put to fry. Variety of fast food was provided throughout the day to choose from. In bigger stalls Dal or Besan Pakoras are regularly being brought out in batches. There are some constants that are devoured throughout the day, Pani Puri and Bhel Puri are the common ones. With burgeoning number of tutorial classes beginning early in the morning, the corner Poha man on a cycle, is now seen everywhere.



# Fast and Melting Moments

## Then and Now



Dr Goutam Sen
*CTVS Surgeon*
*Traveller*
*Story teller*

#FOODIE

There are those rare and precious moments when adult grandchildren saunter into our bedroom looking for something and have time enough to stop and say a few words. It is then important to strike while the iron is hot and try to make a sensible conversation which is of interest to both of us. The other day when Sukriti arrived on some quest I quickly shifted the conversation to her dinner meeting with her friends the night before. They were about twenty of them and we could hear them clearly at the corner open air restaurant near the gate of our residence. Although we did not ask about what was discussed but could easily talk about the food eaten. Our whole family is a bunch of foodies and they are always on the lookout for a good meal – a different meal, in some place out of the way. Once in a while they will also eat something close to a regular meal (Joking! We do have dal chawal on regular basis with sabzi).

As the conversation went on the question arose what was the fast food of our generation? She imagined that the concept of fast food and take away was very much something that her generation had initiated. You know what I mean -- the generation in a hurry with all the time for the mobile.

It was more of a way of suggesting that we were not adventurous enough as youngsters as far as food was concerned. I had to admit that there were no takeaways or these combinations of buns with tasteless readymade stuffings which are currently available in most of the multinational chains. It was not a part of our food requirements.

We had fast food both outside and inside our homes. It had been there for generations. As long as the halwai was willing to get up early in the morning and start boiling the milk and putting the huge cauldrons on a well-lit fire (later to be replaced by the powerful and noisy gas flame) there was fast food for the seekers. In fact it was very much ritualistic and time scheduled thing. While the milk boiled the flat dish full of ghee was put on the fire and the first batch of sizzling jalebi was poured out. The combination of Doodh-Jalebi has been a traditional starter for morning walkers and people returning from the sports activity. Some even got the jalebi packed for the family. Each of us had our favourite jalebi shop just as much as the present generation has a choice to pick their pizza shops.

After an hour or so when enough stocks of the jalebi was ready consumed the next fast food item was put in the hot oil for other enthusiasts. Dal and Pyaz Ki Kachori are traditionally made first. The first customers are quickly attracted to the strong aroma, wait patiently while the oil is drained from the piping hot batch to relish it with green coriander paste (chatni) and sweet tamarind syrup (Sonth ki chatni). An hour had to pass when the samosa had its turn with equal number of aficionados. This alteration of the two savouries goes on till noon when it is the turn of Mirchi Baras (stuffed long green chilies dipped in Besan batter) is put to fry. Variety of fast food was provided throughout the day to choose from. In bigger stalls Dal or Besan Pakoras are regularly being brought out in batches. There are some constants that are devoured throughout the day. Pani Puri and Bhel Puri are the common ones. With burgeoning number of tutorial classes beginning early in the morning, the corner Poha man on a cycle, is now seen everywhere.





At home innovative parents knew how to tackle hungry children in a hurry. Oh yes! We too were always in a hurry. We had to be on the basketball court ten minutes early or the world would end. Our fast food may not have had classy names like burgers and wraps but similar stuff was innovatively handed over to us in magical flurry of activity. The thick slices of white bread or buns from the local bakery spread with ample of butter and our favourite mixed fruit jam was quick and quite fulfilling on the run. There was this character in a comic strip that was called Dagwood. His poor wife Blondie was at her wits end trying to keep her dear husbands grumbling tummy full. One of our commonest requests was for this 'Dagwood sandwich'. A pile of bread slices quickly buttered and then all varieties of stuff waiting in the refrigerator varying from cheese, salami, ham, coleslaw, sliced cucumber, tomato, onion and even lettuce were overloaded on each slice. All the slices were stacked together making it a minimum four slice high sandwich. It was nearly impossible to have a single bite from top to bottom and yet we somehow managed just as today's generation does with a Maha burger which stands six inches high. The advantage was that this sandwich had such flexibility depending on what stuffing awaited our need.

A huge variety of such sandwiches were polished off by all in a jiffy. To my mind this was the commonest fast food of our generation which later converted itself into the 'august' burger. The present generation cannot even claim that the wraps are something that they generated. Any leftover chapattis or parantha was quickly organized into a wrap or a roll in some other name. I cannot even remember the official name but we called it 'Pongi'. A rose is a rose no matter what you call it. Immense variety of contents would be a challenge for any wrap commercially available now. Again jam, cheese and cold meat were the usual choice for us that time but in a moment of crisis any leftover vegetable particularly of the non-vegetarian dry variety was a welcome change. Keema-Matar from last night's dinner was an ideal stuffing. Vegetarians opted for variations of aloo, pyaz and mooli paranthas. Wise parents often kept boiled eggs in stock to chop into small pieces and serve after garnishing it with salt and pepper. My mother had a jar of white sauce handy to smear on this egg filling to keep it slipping out from the folded chapatti after the first bite. Those days we had no paper napkins. The back of the hand served the purpose so well. If there were five minutes to spare an egg was beaten and 'Bhurji' was prepared by adding the usual stuffing.





> A huge variety of such sandwiches were polished off by all in a jiffy. To my mind this was the commonest fast food of our generation which later converted itself into the 'august' burger. The present generation cannot even claim that the wraps are something that they generated. Any leftover chapattis or parantha was quickly organized into a wrap or a roll in some other name. I cannot even remember the official name but we called it 'Pongi'.



It was served with the paranthas either as a roll or even better when layered between two paranthas. A half inch thick egg parantha about the size of a six inch diameter dish was another choice. Voila! Once crisp and ready, our egg parantha was placed on a big plate and was sliced into six V-shaped wedges just like the present day Pizza. A huge gob of Tomato Ketchup smeared on top was just the last thing needed. Rest assured if I am given any choice I would still opt for this instead of that Italian import which becomes tasteless and limpid as soon as it cools down.

In our days there was another version of fast food which has now disappeared from the side boards of our dining areas. Two shelves of large canisters full of goodies were always there to pick and choose from. There were a variety of homemade stuff and bakery items.

The Hindu Verma Bakery and the adjoining Sardar Bakery on Mirza Ismail Road had trained bakers. They had learnt to make beautiful crunchy sweet biscuits with some added cashewnuts. Sometimes the coconut flavour ones were also available. It was hard to stop at one or two pieces. Later when the Punjabi influence came into our town the 'Nan-Khatai' became a constant choice for many. It was fun to see it dissolve in the hot milk or sweet tea. Mothers often spent many hours in the kitchen making Mathri and Shakkar-pare. The sweet ones were coated with sugar syrup and dried into small cubes. Sometimes jaggery syrup was also used. It added a local flavour to them.

Just as today's generation will go a long way to get the right bun or pizza we too had our favourite eateries. Even today if there is a need to buy samosa and Kachori I will always go to the small lane next to Natraj restaurant. There is no shop better than the one near the rear entrance of the Hawa Mahal in Tripolia Bazaar for all varieties of Pakoras.

Sukriti and we agreed that fast food is a concept. Basically it means a food which is easily and universally available but should hit the palate and fill stomach with complete satisfaction.

Come to think of it there was fast food in ancient times too. In archeological excavations roasted corn on the cob has survived as one of the fast foods for the last 5000 years. Isn't it amazing!

writetoarbit@rashtradoot.com

#LIFESTYLE

# Ultimate Summer Hangout

As the temperature rises to an acceptable 'cotton tee and jeans' level, it's time to uncover the patio furniture and get ready for summer.



Winters are almost over, and while we wait for summers, many of us would want to redo our spaces. It is a season when, after many dull and dreary months, the energy returns and the desire to take up new projects also comes back.

If you have a little outdoor space, you can make it summer ready. The glory of a balcony, garden, or patio comes alive in the summer light. Having yourself an outdoor space any time of the year is wonderful, but more so on a warm sunny day. A little addition here, a few little shifts there and your sweet little haven is all set.

### Comfortable Hangout Zones

It's no secret that people love to perch and naturally gravitate toward spaces that invite them to sit and stay awhile. Make your patio or deck more appealing to the masses by first creating distinct and purposeful zones that pull people in, like a lounge, bar or outdoor kitchen and dining area.

### Weather Resistant Rug



The first rule of designing an outdoor living room is to define the space with a rug, preferably one that's made of polypropylene and is resistant to the elements. This essential piece will not only protect bare feet and pet paws from rough wood planks or concrete, but it will also serve as a base for your furniture.

### Natural Touches

Too much metal can make a space feel cold and stiff, so it's important to balance those glossy surfaces with natural textures and finishes. A couple of rattan chairs, for example, will not only give you more seating options, but will also bring warmth and life to the setting. You can even customize them with cushions.

### Feel Organic

What would an oasis be without lush greenery? Help your space feel far away from everyday stressors and breathe a sigh of relief every time you step outside by putting in planters overflowing with foliage. You'll notice that the more types of containers you use, from freestanding to hanging, the more organic the setting will look.

### Quality Dining Table



Your dreams of dining al fresco can become your reality with the right table. Invest in a solid wood piece that's low maintenance and weather resistant and make sure that it's long enough to fit the whole family. A quality table will last for years to come and can easily be customized through the seasons with flatware caddies, runners, cushions and more.

### Relax with a Swing



A hammock or a swing is a fun addition. You can get busy with your favourite book, or scroll through social media, all the while relaxing on a swing.

### Pile on Pillows

I'm pretty sure the saying is actually 'The more pillows, the merrier'. Amp up the style and comfort of your sitting area by topping each seat with a cute, all-weather cushion. You'll want to choose a colour palette to set the tone – whether that's vibrant pinks and greens for a playful, tropical look or black and white for something chic and modern – and then stick with pieces in that colour scheme.

### Bring the 'Cool' Factor




Outdoor ceiling fans are great options for helping to cool an outdoor space. They can also provide air circulation, illumination, and charming ambiance on a patio, pergola, or deck. As summer approaches, there are many spaces for the family to hang out while keeping cool.

### Hang Ambient Lighting

Strategically adding lighting to certain spaces around your yard or patio helps to illuminate the area while setting a certain mood and ambiance. Lighting fixtures can be solar and LED, including different types of spotlights and patio string lights. To have beautiful mood lighting in the evening flowing into the night, the homeowners hung bistro string lights on to their privacy fence.



## THE WALL





## BABY BLUES


By Rick Kirkman & Jerry Scott





## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# अवैध हथियारों सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

## दो पिस्टल, एक बारह बोर देसी कट्टा व सात जिंदा कारतूस बरामद

**बांसवाड़ा,** (निसं)।हथियारों का जखीरा लेकर बड़ी वारदात की फिराक में घुमते तीन शातिर बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्त में लेते हुए बडी सफलता दर्ज करवाई है।

जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीणा ने बताया कि इन शातिर बदमाशों से दो पिस्टल, एक बारह बोर देसी कट्टा एवं सात जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कान सिंह भाटी, पुलिस उप अधीक्षक सूर्यवीर सिंह राठौड के निर्देशन में कोतवाली थाना पुलिस ने शहर में संगठित अपराधों का गिरोह चलाने वाले अपराधियों की धरपकड के लिए विशेष अभियान चलाया। कोतवाली थाना अधिकारी रतन सिंह चौहान के नेतृत्व में एएसआई कल्याण सिंह, कांस्टेबल महिपाल सिंह, मुकेश, शैलेंद्र सिंह, इंद्रजीत सिंह की टीम तैयार की गई।

इस टीम ने मुखबिर की सूचना पर तकनीकि अनुसंधान करते हुए गश्त के दौरान समीर खान पुत्र कालू खान निवासी जूना खाट वाडा हॉल इंदिरा कॉलोनी, जुनैद मोहम्मद मंसूरी पुत्र इकबाल मोहम्मद मंसूरी निवासी बोर खेडा, थाना भूंगडा, हॉल इंदिरा कॉलोनी एवं जाहिद अहमद पठान पुत्र हुसैन अहमद निवासी हाउसिंग बोर्ड, प्रतापगढ को माही डैम रोड स्थित बडवी में पकड कर तलाशी ली तो उनके कब्जे से हथियार बरामद हुए। समीर खान के पेंट के अंट में एक पिस्टल मैगजीन में कुल 3 जिंदा कारतूस, जुनैद मोहम्मद की कमर बेल्ट में फंसी हुई एक पिस्टल मैगजीन कुल 3 जिंदा कारतूस लोड पाए गए वहीं जाहिद अहमद की पीठ पर एक रंगीन का बैग लटका था उसमें 12 बोर का देसी कट्टा एक कारतूस लोड किया हुआ मिला। हथियारों के लाइसेंस के बारे में जब इनसे पूछताछ की गई तो इन्होंने नहीं होना बताया जिस पर तीनों को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई तो इन शातिरों ने सभी हथियार प्रतापगढ निवासी शाहरुख खान से अली खान पुत्र सलीम खान निवासी डूंगरी मोहल्ला परतापुर हाल इंदिरा कॉलोनी के कहने पर उपलब्ध करना बताया।



बांसवाड़ा कोतवाली थाना पुलिस ने हथियारों का जखीरा लेकर बड़ी वारदात की फिराक में घूम रहे शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया।

■ बड़ी वारदात के फिराक में थे आरोपी

थानाधिकारी चौहान ने बताया कि अली खान थाना कोतवाली का हिस्ट्रीशीटर है एवं इसके विरुद्ध हत्या, मारपीट, अवैध हथियार रखने के 10 प्रकरण दर्ज है वहीं शहर में कई लोगों से रंजिश चल रही है। अगर यह बदमाश हथियारों सहित नहीं पकडे जाते तो शहर में कोई बडी वारदात को अंजाम दे सकते थे। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीणा में बताया कि इस कार्यवाही में कांस्टेबल महिपाल सिंह, मुकेश व शैलेंद्र सिंह की अहम भूमिका रही।

# रीट प्रकरण में भीनमाल से गिरफ्तार जेईएन पांच दिन के रिमांड पर

## एसओजी ने बुधवार को गंगापुर कोर्ट में पेश किया

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। रीट पेपर लीक मामले में भीनमाल से गिरफ्तार आरोपी को एसओजी ने बुधवार को गंगापुर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उसे पांच दिन के पुलिस रिमांड पर सौंपा है।

आरोपी भीनमाल डिस्कॉम में जेईएन के पद पर कार्यरत है और रीट पेपर लीक होने के बाद भीनमाल में अभ्यार्थियों को परीक्षा से पहले पेपर पढ़ाने में सहयोग किया था। लोक अभियोजन अधिकारी अशोक मीणा ने बताया कि आरोपी अशोक विश्नोई पुत्र हरिराम विश्नोई झाब थाना क्षेत्र के जोगाउ का रहने वाला है। उसे मंगलवार को भीनमाल से गिरफ्तार कर बुधवार को यहां कोर्ट में न्यायिक मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया। जहां से उसे 5 दिन के पुलिस रिमांड पर सौंपा गया है। एसओजी के सीआई सुरेशचंद ने बताया कि आरोपी अशोक विश्नोई ने रीट पेपर लीक होने के बाद भीनमाल में अभ्यार्थियों को परीक्षा से पहले पेपर पढ़ाने में सहयोग किया था। अब एसओजी जेईएन से पूछताछ कर रही है।



आरोपी जेईएन अशोक विश्नोई

उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में जेईएन अशोक का नाम सामने आया था, जिसके बाद एसओजी ने भीनमाल में दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार किया था।

# धौलपुर में कछुए का शिकार करते दो शिकारी गिरफ्तार



वन विभाग धौलपुर की टीम ने मुरैना निवासी शिकारियों को गिरफ्तार किया।

**धौलपुर,** (निसं)। वन विभाग धौलपुर की टीम ने गुरूवार तड़के चम्बल नदी से 2 शिकारियों को गिरफ्तार किया है। रेंजर रनवीर सिंह ने बताया कि भगदड़ के बीच 4 शिकारी मौके से भागने में कामयाब रहे। जिन्हें चिन्हित कर लिया गया है।

दोनों शिकारी चंबल नदी में जाल डालकर मछली और कछुए का शिकार कर रहे थे। जिनके पास से वन विभाग की टीम ने 7 जाल और पानी में तैरने वाले 3 ट्ययूब को भी जब्त किया है। वन विभाग के रेंजर रनवीर सिंह ने बताया कि गुरुवार सुबह टीम को सूचना मिली थी कि कुछ लोग कठूमरी घाट के पास मछली और कछुए का शिकार करने आए हैं। सूचना पर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर छापा डाला। जहां भगदड़ के दौरान वन विभाग ने पीछा करके दो शिकारियों को दबोच लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपी जितेंद्र पुत्र गयाप्रसाद और रिंकू पुत्र जगन्नाथ निवासी सबलगढ़ मुरैना मध्य प्रदेश के हैं।

■ भगदड़ के बीच चार शिकारी मौके से भागने में कामयाब रहे

# यूक्रेन से लौटी दिशा सांखला, भाजपा महिला मोर्चा ने स्वागत किया

**जालोर,** (कासं)। यूक्रेन पर हमले में फंसे भारतीयों में जालोर जिले के भी छात्र छात्रा यूक्रेन में फंसे हुए थे, उनमें से जालोर शहर के राजेन्द्र नगर से दिशा साखंला पुत्री वेलाराम साखंला के सुरक्षित अपने वतन लौटने पर गुरूवार को भाजपा महिला मोर्चा जालोर ने छात्रा का स्वागत कर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया।

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अल्का मूंदडा के निर्देशानुसार एवं महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मंजू सोलंकी के नेतृत्व में आज महिला मोर्चा की पदाधिकारियों द्वारा यूक्रेन से सही सलामत जालोर आने पर महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मंजु सोलंकी के नेतृत्व में दिशा सांखला का पार्टी का दुपट्टा व माला,साल ओढ़ाकर स्वागत किया गया।

महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मंजू सोलंकी ने बताया कि यूक्रेन में फंसे हुयें भारतीयों को सकुशल अपने देश में आने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मंजु सोलंकी के द्वारा जालोर जिले के यूक्रेन में फंसे हुए भारतीयों के सम्पर्क में है ओर उसकी जानकारी महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मंजू सोलंकी द्वारा फीडबैक भी लिया जा रहा है। जिसमें से सात छात्राएं तो जिले में आ गई हैं। महिला मोर्चा जालोर जिलाध्यक्ष मंजू सोलंकी के नेतृत्व में महिला मोर्चा की पदाधिकारियों द्वारा दिशा के घर जाकर महिला मोर्चा द्वारा स्वागत किया गया तथा यूक्रेन के हालात के बारे में भी जाना। वही जालोर के तवाव गांव निवासी गौरव सारस्वत भी यूक्रेन से सकुशल जयपुर पहुंच गये है।

इस अवसर पर महिला मोर्चा जिला महामंत्री अंजना सोलंकी, जिला मंत्री गायत्री गौड, पूर्व प्रधान राजु साखंला, जिला कार्यकारिणी सदस्य इन्दु चौधरी, जालोर शहर मंडल अध्यक्ष पिंकी गेहलोत, कमला देवी लखारा,हीरा देवी, कमला देवी, मंजु देवी, विमला लखारा, सहित कई कार्यकता उपस्थित रही।



राजेन्द्र नगर निवासी दिशा सांखला का स्वागत करती पदाधिकारी।

# हरी लकड़ी जप्त, छह गिरफ्तार

**चूरू,** (कासं)। वन विभाग ने गुरुवार को लकड़ी तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 175 क्विंटल हरी लकड़ी जप्त कर 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। क्षेत्रीय वन अधिकारी अनुप कुमार शर्मा ने बताया कि उप वन संरक्षक सविता दहिया के निर्देशानुसार लकड़ी तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अलग-अलग स्थानों से अवैध लकड़ी से भरे 6 वाहनों को जप्त कर 6 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है।

उन्होंने बताया कि तस्करी करने वालों की धरपकड़ के लिए चल रहे अभियान के तहत 175 क्विंटल हरी लकड़ी बरामद की है। मामले में रतनपुरा निवासी रामनिवास महला, दूधवाखारा निवासी जोगेंद्र, चिमनपुरा निवासी संदीप जाट, पलथाना निवासी भवानी सिंह करणपुरा, दूधवाखारा निवासी जयसिंह व तोसाम निवासी मानवेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई करने वाली टीम में वन विभाग के कार्मिक उपस्थित थे।

# पुलिस कस्टडी में दुष्कर्म के आरोपी की मौत

**भीलवाड़ा,** (निसं)। भीलवाड़ा में पुलिस की कस्टडी में चल रहे दुष्कर्म के आरोपी की मौत का मामला सामने आया है। पुलिस ने मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा से आरोपी मयंक शर्मा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया था। जहां से उसे पीसी रिमांड पर भेजा गया। रिमांड अवधि के मौका तस्दीक पर ले जाने से पूर्व तबीयत खराब होने पर उसे भीलवाड़ा के एमजीएच अस्पताल में भर्ती कराया जहां से उसे हालत ज्यादा बिगड़ने पर अजमेर के जेएलएन अस्पताल में रेफर कर दिया गया। अजमेर हॉस्पिटल में भर्ती कर मयंक का उपचार करवाया गया जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। युवती से रेप केस की जांच सीओ सिटी हंसराज बैरवा कर रहे थे। युवक की मौत के बाद से ही एक बार फिर से भीलवाड़ा पुलिस शक के दायरे में है।

# सैनिक सम्मान से हुआ जवान का दाहसंस्कार

**नदबई,** (निसं)। नदबई विधानसभा क्षेत्र के गांव सेवला निवासी आर्मी जवान की उपचार दौरान मौत होने पर पैतृक गांव में सैनिक सम्मान से अंत्येष्टि की गई। इस दौरान सेना व पुलिस के जवानों ने शस्त्र उल्टा कर एवं हवाई फायरिंग करते हुए शव को श्रंद्धाजलि दी। इससे पहले जिला प्रशासन की ओर से एडीएम सिटी व एडीशनल एसपी ने शव पर पुष्प चक्र अर्पित करते हुए मृतक जवान को श्रंद्धाजलि दी।

■ आठ वर्षीय पुत्र ने दी मुखाग्नि, सेवला निवासी जवान की उपचार दौरान हुई थी मौत

बाद में मृतक जवान के आठ वर्षीय पुत्र वरुण सिंह ने शव को मुखाग्नि दी। मृतक जवान वीरेन्द्र सिंह 22 ग्रेनेडियर बटालियन में बैंगलोर के मैसूर में ड्यूटी कर रहा। जो कि 3 जनवरी को अवकाश पर अपने गांव आया। इसी दौरान जवान की तबियत बिगड़ गई। परिजनों ने जवान को आगरा सैनिक अस्पताल में भर्ती कराया। बाद में गंभीर स्थिति के चलते जवान को दिल्ली स्थित सैनिक अस्पताल रैफर कर दिया गया। जहां बुधवार सुबह उपचार दौरान जवान ने दम तोड़ दिया। युवाओं की ओर से बाइक यात्रा के साथ जवान के शव को पैतृक गांव ले जाया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने भारत माता की जय व वंदे मातरम का जयघोष के करते हुए शव यात्रा निकाली। इस दौरान एसडीएम सुरेन्द्र प्रसाद, नायब तहसीलदार सीमा सहित पंचायतीराज जनप्रतिनिधी मौजूद रहे।



नदबई के गांव सेवला में आर्मी जवान को अंतिम सलामी दी गई।

# मीनी ट्रक व लोड़िंग वाहन चोरी

**उदयपुर,** (निसं)। शहर के अंबेरी स्थित मार्बल माइन्स के बाहर खड़े मिनी ट्रक व लोड़िंग वाहन चोरी होने पर पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित मोकल बावडी सुखेर निवासी मगनसिंह पुत्र तेजसिंह ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। कि 2 मार्च को मैं अंबेरी सोनेक्स मार्बल माइन्स के बाहर अपना मिनी ट्रक खड़ा कर घर गया था। दूसरे दिन वापस पहुंचा तो मौके पर मिनी ट्रक नहीं मिला। जिसकी तलाश की लेकिन सुराग नही लगा। इसी तरह माता जी का खेड़ा मैन रोड़ गोगुन्दा निवासी सूरतसिंह पुत्र मानसिंह राजपूत ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया कि 2 मार्च सांय अंबेरी स्थित जे जे मार्बल के बाहर लोड़िंग वाहन खड़ा कर घर गया था। दूसरे दिन वापस लौट कर देखा तो मौके पर वाह नहींमिला। इस पर उसकी इधर उधर तलाश की लेकिन कोई सुराग नही लगा।

# यूक्रेन से आये छात्र से मिले सीईओ जिला परिषद

**धौलपुर,** (निसं.)। यूक्रेन में फंसे जिले के छात्रों को सकुशल वापस लाने के लिये केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा हरसंभव प्रयास किये जा रहे है। गुरूवार को यूक्रेन से आये छात्र से मिलकर मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद चेतन चौहान ने बधाई दी।

राज्य सरकार के निर्देशानुसार गुरूवार को मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ने यूक्रेन से आये छात्र कुलदीप शर्मा पुत्र पुरन शर्मा निवासी आवासी कॉलोनी एलआईसी कार्यालय के सामने औड़ेला रोड धौलपुर में छात्र के निवास स्थान पहुंच कर स्वागत किया तथा यूक्रेन में फंस रहे छात्रों के अन्य साथियों के बारे में जानकारी ली।

उन्होंने परिजनों से कहा कि छात्रों के साथ यूक्रेन में रहे बच्चों से सम्पर्क करने व बात हो तो उसकी लोकेशन से जिला प्रशासन को अवगत कराना तथा यह भी जानकारी लेना कि उसके साथ राजस्थान के कितने छात्रा है जो फंसे हुये है, उनके बारे में भी जानकारी लेना, ताकि उनको भी सकुशल घर लाने के प्रयास किये जा सके। उन्होंने दिल्ली में राजस्थान फाउंडेशन के आयुक्त से दूरभाष पर वार्ता कर छात्र कुलदीप शर्मा को सकुशल ट्रेन द्वारा धौलपुर के लिए रवाना करवाया।

■ सीईओ चेतन चौहान ने यूक्रेन में फंस रहे अन्य छात्रों के बारे में जानकारी ली

# वयोवृद्ध बेणावत ने देहदान का संकल्प लिया



आजाद नगर निवासी तेजपाल ने देहदान का संकल्प लिया।

**मदनगंज-किशनगढ़,** (निसं)। आजाद नगर निवासी समाजसेवी तेजपाल बेणावत ने देहदान करने का संकल्प लिया।

भारत विकास परिषद की प्रेरणा से प्रेरित होकर उन्होंने पुनीत कार्य में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। तेजपाल बेणावत पुत्र रामबल्लभ अगरवाल ने स्वैच्छिक रूप से देहदान प्रकल्प प्रपत्र भरकर संकल्प लिया कि मरणोपरांत उनकी देह को चिकित्सा अध्ययन एवं शोध कार्य हेतु राजकीय जवाहरलाल नेहरू अस्पताल अथवा निकटतम मेडिकल कॉलेज को दे दी जाये। अपने दोनों पुत्र एवं पुत्रियों से बात करने के बाद निर्णय लिया। इनके पुत्र महेश बैनावत ने बताया कि पिता की इच्छानुसार सभी से सहमति जताई।

ज्ञातव्य रहे कि भाविप अभी तक 4 देहदान तथा 274 जोड़ें नेत्रदान करवा चुकी है। इस अवसर पर भाविप के विजय शर्मा, महेंद्र मित्तल, नंदकिशोर अगरवाल, भगवान बाहेती मौजूद रहे।

# किराने की दुकान और आईसक्रीम फैक्ट्री का निरीक्षण

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले की शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र के रायला में खाद्य सुरक्षा अधिकारी टीम ने किराने की दुकान और आइसक्रीम फैक्टी का औचक निरीक्षण किया। इसकी सूचना मिलते ही रायला के दुकानदारों में हड़कंप मच गया और बाजार की सारी दुकानें 2 से 3 घण्टे के लिए बन्द हो गईं। निरीक्षण टीम ने रायला कस्बे में हीरा लाल ओमप्रकाश की होलसेल किराना की दुकान से एक्सपायरी डेट की मिर्च, घी, तेल, साबुन को नष्ट करवाया।

फूड इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह ने बताया कि उपभोक्ताओं को शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध हो सके, इसके लिए राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे शुद्ध के लिये युद्ध अभियान के तहत रायला में किराना की दुकान सहित रीको में आइसक्रीम फैक्टी से भी सेम्पल लिए जो जांच के लिए खाद्य प्रयोगशाला अजमेर में भिजवाये जाएंगे। टीम में शामिल नायब तहसीलदार शिल्पा चौधरी, पटवारी दीपा कीर, खाद्य सुरक्षा अधिकारी शदेवेन्द्र सिंह राणावत, सहायक कर्मचारी गोपाल शर्मा, डेयरी प्रतिनिधि दुर्गेश डिडवानिया टीम में शामिल रहे।

# पांचना बांध से पानी नही छोड़ने देंगे, चाहे शासन प्रशासन हमारे घर उजाड़ दे : समिति

## 39 गांव में पानी मिलने पर ही पांचना बांध से नहरों के लिए पानी छोड़ने की मांग दोहराई

**करौली,** (निं.स)। करौली जिले के सबसे बड़े पांचना बांध की नहर में करीब डेढ़ दशक में भी पानी छोड़ने का विवाद सुलझने का नाम नहीं ले रहा है। गत एक माह की अवधि में लगातार तीसरी बार कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को आयोजित बैठक भी एक बार फिर बेनतीजा रही है।

करौली कलेक्ट्रेट के सभागार में संभागीय आयुक्त भरतपुर पीसी बेरवाल की अध्यक्षता में गुडला पांचना संघर्ष समिति के सदस्यों के साथ हुई बैठक में समिति के सदस्यों ने एक बार फिर 39 गांव में पानी मिलने पर ही पांचना बांध से नहरों के लिए पानी छोड़ने की मांग दोहराई है। इस दौरान संघर्ष समिति के भानू प्रताप सिंह उर्फ बटरू गुर्जर ने कहा कि पांचना बांध के पानी से आस-पास क्षेत्र के लोग, कैलामाता के दर्शनार्थी, करौली शहर का आम जन लाभान्वित हो रहा है। अगर नहरों में पानी छोडना है तो पहले चंबल नदी का पानी पांचना लाया जाये।

अशोक सिंह धाबाई ने कहा कि 16 वर्ष में भी लोग वही के वही है। हम हमारी मांग पूरी नही होने तक बॉध से पानी नही छोडने देंगे चाहे इसके लिये हमे कुछ भी करना पड़े। एडवोकेट रामरूवरूप सिंह बैंसला ने कहा कि हम हमारी मांगों को लेकर 15 वर्ष से आन्दोलन कर रहे है। जब तक हमारे गांव में पांचना बांध से लिफ्ट होकर पानी नही पहुचेगा तब तक पानी नही छोड़ने देंगे चाहे सरकार हमारे गॉव उजाड़ दे।

बैठक के दौरान संभागीय आयुक्त पीसी बैरवाल द्वारा सर्वसम्मति बनाने के दौरान समिति सदस्यों ने यह कहते विरोध किया कि पहले उन्हें पांचना बांध के समीपवर्ती 39 गांवों को पानी दिया जाए। उसके बाद नहरों में पानी छोड़ने पर उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। इस दौरान जल संसाधन विभाग के जयपुर वृत्त के अधीक्षण अभियंता अंबुज त्यागी ने जानकारी दी कि यह परियोजना 13 गांव के लिए तैयार हुई है। पांचना बांध से इन 13 गांव में 200 एमसीएफटी पानी छोड़ा जा सकता है। इससे ज्यादा पानी देने की स्थिति में हम नहीं हैं।

इस पर समिति सदस्यों ने कहा कि इसके समाधान के लिए चंबल नदी से पानी पांचना लाया जा सकता है। जिस पर संभागीय आयुक्त बोले कि समिति की मांग को उच्चाधिकारियों से अवगत कराया जाएगा। इस दौरान जिला कलेक्टर राजेन्द्र सिंह शेखावत, जिला पुलिस अधीक्षक शेलेन्द्र सिंह इन्दौलिया,एडीएम परसराम मीना, एसडीएम करौली धीरेन्द्र सौनी विभाग के अधिशाषी अभियंता सुशील कुमार गुप्ता,एइएन राम लखन, जेईएन अजय सिंह मीणा, हररूप्पटेल,धारा सिंह, रूप सिंह, बसन्ता पटेल सहित संघर्ष समिति से जुडे सदस्य एवं सिचाई विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



करौली कलेक्ट्रेट मे बैठक के दौरान संभागीय आयुक्त पीसी वैरवाल,जिला कलेक्टर व पॉचना बॉध संघर्ष समिति के लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त

### वरिष्ठ पत्रकार का निधन

**देवली।** शहर के वरिष्ठ पत्रकार जयप्रकाश चौकडीवाल (जय भवानी) का गुरुवार की सुबह निधन हो गया। निधन की सूचना पर शहर सहित पत्रकारिता क्षेत्र में शोक की लहर दौड गई। दिवंगत पत्रकार जयप्रकाश चौकडीवाल पिछले 8 महीने से किडनी तथा हॉट इंफेक्शन को लेकर रूटीन इलाज अजमेर के मित्तल हॉस्पिटल में करा रहे थे। वहीं रूटीन चेकअप कराने को लेकर चौकडीवाल अपने छोटे पुत्र के पास नसीराबाद रहने लग गए थे। वहीं गुरुवार की सुबह पाठ पूजा किए जाने दौरान अचानक उन्हें साइलेंट हार्ट अटैक आ गया। बड़े पुत्र ने बताया कि उनकी आत्मा की शांति हेतु शनिवार को दोपहर 2 बजे तीये की बैठक नसीराबाद के जीटी टावर में रखी गई है।

### 'सरकारी योजनाओं का लाभ लेवें '

**निवाई।** राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के निर्देशानुसार नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने शहर में सैकडो पटटे जारी कर लोगों को पटटे वितरित किए हैं जिससे शहर वासियों में खुशी की लहर है। नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने लोगों का आ ान करते हुए कहा कि पालिका शहर के विकास के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेवे एवं अपने आवास के पटटों के आवेदन करके मालिकाना हक प्राप्त करे।

### सांसद जसकौर मीणा का आभार जताया

**फागी।** सांसद जसकौर मीणा ने फागी उपखंड की माधोराजपुरा पंचायत समिति क्षेत्र के विकास के लिए 46 लाख रुपये की स्वीकृति किए हैं। माधोराजपुरा भाजपा मंडल के महामंत्री एवं भाजपा के युवा कार्यकर्ता कृष्ण कुमार शर्मा ने बताया कि दौसा सांसद जसकोर मीणा द्वारा क्षेत्र में 46 लाख रूपए विकास कार्य के लिए स्वीकृत करने पर क्षेत्र के वरिष्ठ नेता एवं मंडल के पदाधिकारीगण सांसद मीणा का आभार करने प्रकट करने सांसद निवास पर पहुंचकर सांसद मीणा का आभार प्रकट किया।

# नाथी का बाड़ा शेखावटी में मुहावरे की तरह, जो बीजेपी के समझ में नहीं आता: डोटासरा

## जो मेहतन करेगा, उसे टिकट मिलेगा, राहुल गांधी कराएंगे सर्वे: निरुपम

**अलवर, (निसं)।** कांग्रेस पार्टी के डिजिटल सदस्यता अभियान के तहत अलवर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में अलवर के प्रताप ऑडिटोरियम में गुरूवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राजस्थान प्रदेश सदस्यता अभियान के प्रभारी संजय निरूपम, प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, अभियान के एपीआरओ राजेन्द्र कुमावत, अमित कुमार, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव जसवंत गुर्जर एवं जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने सम्बोधित किया। कहा कि सदस्यता अभियान के माध्यम से पूरे देश में पार्टी का संगठनात्मक ढांचा तैयार करना अभियान का मुख्य उद्देश्य है तथा आगामी 2023-24 में कांग्रेस पार्टी स्पष्ट बहुमत से प्रदेश व देश में सरकार बनाएगी। कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संजीव बारेठ ने किया।

कार्यक्रम के बाद कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने पत्रकारों से बातचीत की तथा नाथी के बाडा का मतलब समझाया। कहा कि ये लोकोक्ति व मुहावरे की तरह है जो शेखावटी में बोला जाता है। जिसे समझ आता है उसे आता है, बीजेपी व आरएसएस को सही बात समझ नहीं आती है। उनको चंदे में चोरी करना आता है। जैसे बीजेपी के नेताओं ने राम मंदिर के नाम पर जनता से इक्ट्ठा किया 300 करोड रुपया हजम कर लिया। चंदे में चोरी के पैसे से बीजेपी के कार्यालय बन रहे हैं।

■ अलवर में कांग्रेस के डिजिटल सदस्यता अभियान को लेकर कार्यक्रम आयोजित

कहा कि अयोध्या के नाम पर बीजेपी ने प्रदेश से 400 करोड़ रुपया इक्ट्ठा किया, लेकिन आगे 100 करोड़ रुपया ही भेजा, 300 करोड रुपया खा गए। ये आरएसएस व बीजेपी चंदे में चोरी, हिन्दू-मुस्लिम करना, नफरत पैदा करना, भाई को भाई से लडाना जानती है, इनको सही बात समझ नहीं आती है।

डोटासरा ने कहा कि मुझे बीजेपी के नेता अनावश्यक बदनाम करते हैं। हर जिले में आरएसएस के जरिए कुप्रचार कराते हैं। अधिकतर जिलों में कुछेक गुंडे टाइप के लोग हैं। जब कांग्रेस के नेता जनता के सामने कोई सही बात रखते हैं तो बीजेपी के नेताओं को गर्म तेल के छींटे लगते हैं, इसलिए नौटंकी करते हैं।

रीट के पेपर के मामले में आरएसएस के कुछ गुंडे व असामाजिक तत्व बार-बार सीबीआई की जांच की मांग कर प्रदेश का माहौल खराब करना चाहते हैं। हाईकोर्ट ही सीबीआई की मांग को दरकिनार कर चुका है। डोटासरा ने केंद्र की बीजेपी पर पलटवार किए। कहा कि बीजेपी के नेता सरकार के खिलाफ बोलने वाले नेता को देशद्रोही बताते हैं। अब कांग्रेस के नेताओं को बीजेपी की असलियत बतानी होगी। यह बताना होगा कि चाइना ने देश की जमीन पर कब्जा किया है। जो पहले बडी-बडी बातें करके सत्ता में आए थे। अब चाइना के मामले में चुप हैं।

डोटासरा ने कहा कि यूक्रेन से भारत के स्टूडेंट को निकालने में सरकार फैल हुई है। दो छात्रों की मौत हो चुकी है। उसके बावजूद सरकार कुछ नहीं कर पाई। बहुत देर बात यूक्रेन में रह रहे स्टूडेंट को निकालने की तैयारी की, जिसका खमियाजा वहां रह रहे हजारों स्टूडेंट को भुगतना पड़ रहा है। केंद्र सरकार के खिलाफ आवाज उठाने वालों के आईटी की रेड पड जाती है। इससे लगता है देश में लोकतंत्र खतरे में है।

वहीं कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता व डिजिटल अभियान राजस्थान के प्रभारी संजय निरुपम ने डिजिटल सदस्य बनाने और इसके महत्व की जानकारी दी। निरुपम ने कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से कहा कि डिजिटल सदस्य बनाने में किसी तरह का फर्जीवाडा नहीं हो सकता। फोटो, वोटर आईडी व मोबाइल नंबर पर ओटीपी भेजकर सदस्य बनाया जाएगा। भाजपा की तरह मिस्ड कॉल के जरिए झूठी सदस्यता का रिकॉर्ड नहीं बनाना है। निरुपम ने कहा कि सदस्य बनाने में जो मेहनत करेगा। उनकी टीम बनती रहेगी। उनको कार्यकर्ता जानेंगे। भविष्य में ऐसा भी हो सकता है राहुल गांधीजी खुद किसी भी विधानसभा क्षेत्र या लोकसभा क्षेत्र में डिजिटल सदस्यों से सर्वे करा लें। सर्वे में यह पूछता जा सकता है कि आपके विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस से कौन बेहतर उम्मीदावार हो सकता है। इसमें कार्यकर्ताओं का फीडबैक आएगा। जो कार्यकर्ता मेहनत कर रहा होगा। उसको पार्टी केवल डिजिटल फीडबैक के आधार पर टिकट देगी।

डिजिटल सदस्य अभियान के कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री टीकाराम जूली, पीसीसी सचिव ललित यादव, जिला प्रमुख बलवीर छिल्लर, पूर्व विधायक राजेंद्रसिंह, कृष्ण मुरारी गंगावत, मुकेश सारवान, सुमन यादव, अजीत यादव सहित काफी संख्या में कांग्रेस के बडे नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

### 'बिजली का बिल पूरा जमा होने पर ही मिलेगी सब्सिडी'

**पावटा।** पावटा विद्युत सहायक अभियंता कपिल शर्मा व कनिष्ठ अभियंता वीरेन्द्र यादव ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा कृषि उपभोक्ताओं को बिल में प्रतिमाह 1 हजार रूपए की सब्सिडी दी जा रही है। यह सब्सिडी उन उपभोक्ताओं को ही मिल रही है जिनके पिछले माह में कोई बकाया राशि नहीं है। सभवत: आगामी सत्र में बजट की घोषणा के अनुसार उन्हीं घरेलू उपभोक्ताओं को 50 रिडिंग एवं 3 रूपए प्रति यूनिट की सब्सिडी उन्हीं उपभोक्ताओं को मिलेगी जिनके मार्च माह के बिल पूर्ण जमा होंगे। इसके लिए सभी घरेलु उपभोक्ताओं से अनुरोध है की अपना बकाया बिल इसी माह जमा कराए। सहायक अभियंता कार्यालय इस माह के प्रत्येक शनिवार और रविवार के दिन भी खुला रहेगा।

### आर्यिका विशुद्धमति माताजी का मंगल प्रवेश आज

**निवाई।** गणिनी आर्यिका विशुद्धमति माताजी ससंघ का शुक्रवार सुबह 8 बजे गाजे बाजे के साथ भव्य मंगल प्रवेश होगा। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला व राकेश संघी ने बताया कि आर्यिका माताजी का निवाई आगमन का जूलूस पहाडी चुंगी नाके से रवाना होगा।


**कार्यालय पंचायत समिति मालपुरा-टोंक**

क्रमांक-पसमा/लेखा/2021-22/6088 दिनांक- 03.03.2022

**ई-निविदा सूचना संख्या 24/2022-23**

पंचायत समिति मालपुरा एवं अधीनस्थ ग्राम पंचायतों में आगामी एक वर्ष के लिए राजीव गांधी सेवा केन्द्र भवनों की सुरक्षा हेतु जॉबबेसिस पर मानव संसाधन की दर अनुबंध पर सेवा उपलब्ध करवाने हेतु संवेदकों से ई-निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in अथवा कार्यालय पंचायत समिति मालपुरा में कार्यालय समय में देखा जा सकता है।

NIB CODE: ZTN2122A0165

UBN CODE: ZTN2122SLOB00395

विकास अधिकारी
पंचायत समिति मालपुरा



**कार्यालय नगरपालिका मण्डल, सांभरझील, जिला जयपुर (राज.)**

क्रमांक-नपासां-2022-2750 दिनांक- 03.03.2022

**सार्वजनिक सूचना**

भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा दिनांक 12.08.2021 को अधिसूचना जारी कर प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (संशोधन) नियम 2021 प्रकाशित किये गये है। उक्त अधिसूचना में 01 जनवरी 2022 से पॉलीजिस्टाइरीन और विस्तारित पॉलीजिस्टाइरीन वस्तुओं सहित निम्नलिखित एकल प्रयोग प्लास्टिक (singal Use Plastic) वस्तुओं के विनिर्माण, आयात, भण्डारण, वितरण, बिक्री और उपयोग निषेध किया गया है। एकल प्रयोग (singal Use Plastic) की श्रेणी में निम्नलिखित वस्तुओं को शामिल किया गया है, जो निम्न प्रकार है-

1 प्लास्टिक ईयर युक्त स्टिक बड्स, गुब्बारों के लिये प्लास्टिक की डण्डियां, प्लास्टिक के झण्डे, कैण्डी स्टीक आईसक्रीम की डण्डियां, पॉलिस्टाइरीन की सजावटी सामग्री।

2 प्लेटे, कांटे, गिलास, कप, चम्मच, चाकू, स्ट्रो, ट्रे जैसे कटलरी, मिठाई के डिब्बों के इर्दगिर्द लपेटने या पैक करने वाली फिल्में, निमंत्रण कार्ड और सिगरेट पैकेट, 100 माइक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टि या पीवीसी बैनर, स्ट्रिर।

उक्त अधिसूचना द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुसार 30 सितम्बर 2021 से 75 माइक्रोन से कम मोटाई की प्लास्टिक कैरी बैग का उपयोग प्रतिबन्धित किया गया है। उक्त प्रतिबन्ध सीवरों एवं सैप्टिक टैंकों की चौकिंग की समस्या को कम से कम करने के लिये आवश्यक हैं।

अतः नगरपालिका सांभरलेक के समस्त आम नागरिकों/व्यवसायों/संस्थाओं इत्यादि को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार द्वारा जारी अधिसूचना में दिये गये निर्देशों की पालना सुनिश्चित करें।

सूचित रहे।

(शिवराज कृष्णा)
अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका
सांभरझील, जिला जयपुर


### दोनों हत्याओं का आरोपी गिरफ्तार

**बौंली।** बामनवास उपखंड मुख्यालय पर 19 फरवरी को टेंट हाउस की दुकान में दो हत्या के आरोपी को आज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार विश्नोई के निर्देशन में गठित टीम ने दोनों हत्याओं के आरोपी रवि मीणा को गंगापुर सिटी के रीको एरिया से हिरासत में लिया गया है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह पैसे लेने टेंट व्यवसाई गिर्राज शर्मा के पास गया था इसी बीच कहा सुनी हो जाने के कारण उसने गिरिराज शर्मा की हथौड़े से मारकर हत्या कर दी एवं उसके सहयोगी विपिन मीणा की भी हथौड़े से मारकर हत्या कर दी।

## नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर 25 को




श्रीमाधोपुर के स्वर्गीय श्रीमती चंद्रमणि शर्मा स्मृति धर्मार्थ चिकित्सा परामर्श केंद्र में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

**श्रीमाधोपुर।** कस्बे के स्वर्गीय श्रीमती चंद्रमणि शर्मा स्मृति धर्मार्थ चिकित्सा परामर्श केंद्र में 25 मार्च को अति विशिष्ट निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा।

आयोजनकर्ता युगल किशोर शर्मा ने बताया कि शिविर में डा.आर एस सिसोदिया एम डी चेस्ट एंड रेस्पिरेट्री रोगियों को शुक्रवार प्रात: 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक परामर्श देंगे जिन रोगियों को सुबह उठने पर खांसी आना, छाती से सीटी जैसी आवाज आना, सांस लेने में कठिनाई, लगातार छींक आना, नाक में खुजली होना ,पसलियां चलना , एलर्जी, टीवी का रोग आदि हो वह इस शिविर में आकर परामर्श लेकर लाभ उठाएं ,वही 27 मार्च को डॉ कपिल खंडेलवाल द्वारा मिर्गी ,पोलियो, सिर दर्द आदि के रोगियों को परामर्श देंगे। आयोजन कर युगल किशोर शर्मा ने बताया कि स्वर्गीय संत शिरोमणि पदम श्री श्री 1008 सदगुरुदेव श्री नारायण दास जी महाराज के आशीर्वाद से संस्थान में आयुर्वेद की चिकित्सा परामर्श सेवा का समय प्रात: 9:00 से 1:00 तक रहता है आयुर्वेद पद्धित से चिकित्सा समस्त बीमारियों का इलाज यथासंभव दवाइयां भी निशुल्क दी जाएंगी।

शर्मा ने बताया कि आयुर्वेद चिकित्सा परामर्श सेवा पूर्व कार्यरत रहे योग्य अनुभवी आयुर्वेदाचार्य डॉ जगदीश महर्षि भी चिकित्सा सेवाएं देंगे उन्होंने एक विशेष सूचना भी दी है कि पुराने बीमार अपनी पुरानी पर्ची, जांच रिपोर्ट, एक्स-रे आदि साथ लेकर आवें।

### विश्व वन्यजीव दिवस मनाया

**लालसोट।** बगड़ी ग्राम स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय में आज विश्व वन्यजीव दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता पर्यावरणविद डॉ सुभाष पजड़िया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व वन्यजीव दिवस मनाने का मकसद है वन्य जीवों को बचाने के लिए प्रकृति से अंतरसंबंध स्थापित करने होंगे व पृथ्वी से विलुप्त से हो रहे जीव-जंतुओं और पेड़-पौधों को बचाने का प्रयास करना है। इसीलिए लोगों को अवगत कराने और विश्वव्यापी जागरुकता लाने के लिए हर साल तीन मार्च को विश्व वन्यजीव दिवस मनाया जाता है। विश्व में इस समय लगभग आठ हजार चार सौ से भी ज्यादा दुर्लभ प्रजातियां संकटग्रस्त हैं। और लगभग तीस हजार प्रजातियां संकतासन्न है।वन्य जीवों और वनस्पतियों हमारे जीवन और विकास के लिए बहुत ही जरूरी है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 20 दिसंबर 2013 को 68वें सत्र में 03 मार्च के दिन को विश्व वन्यजीव दिवस मनाने की घोषित की था। डीआरडीए सोसाइटी के स्टेट कोऑर्डिनेटर एवं प्रमुख प्राणी विज्ञानी एसोसिएट प्रोफेसर डॉ सुभाष भाटिया ने बताया कि हर साल इस दिन को एक थीम के साथ मनाया जाता है। थीम के माध्यम से प्रकृति से विलुप्त हो रहे जीव, प्रजातियों और अन्य प्राकृतिक वस्तुओं का संरक्षण करने के लिए लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जाता है।


**कार्यालय पंचायत समिति मौजमाबाद जिला जयपुर, राज.**

Phone-Email: bdo.jal.moz@gmail.com
Add: Near tehsil office mozamabad

क्रमांक-पसमौ/लेखा/2021-22/172-182 दिनांक- 25.02.2022

**हड्डी ठेका नीलामी सूचना**

पंचायत समिति मौजमाबाद के अधीनस्थ सभी 21 ग्राम पंचायतों का वर्ष 2022-23 के लिए पशु हड्डियों का ठेका खुली नीलामी के माध्यम से दिया जाना हे। दिनांक 05.03.2022 से 10.03.2022 तक कार्यालय समय में ठेका शर्तो की जानकारी प्राप्त की जा सकती है तथा इच्छुक बोलीदाता नीलामी हेतु दिनांक 11.03.2022 को प्रातः 11.00 बजे से 12.00 बजे तक धरोहर राशि रूपये 10000/- जमा कर नीलामी में भाग ले सकता है।

नीलामी की विस्तृत शर्ते आदि sppp.rajasthan.gov.in Portal पर NIB No. एवं UBN No. भी देखी जा सकती है।

विकास अधिकारी
पंचायत समिति, मौजमाबाद



**पंजाब नैशनल बैंक** (भारत सरकार का उपक्रम) **pnb punjab national bank** (Govt. of India Undertaking)

मानव संसाधन विकास विभाग, मंडल कार्यालय जयपुर-सीकर
2, नेहरू प्लेस, द्वितीय तल, टॉक रोड़, जयपुर (राज.) पिन-302015

**अधीनस्थ संवर्ग में चपरासी (PEON) पद पर भर्ती हेतु विज्ञप्ति**

जयपुर एवं सीकर जिले में कार्यरत विभिन्न शाखाओ/कार्यालय में चपरासी के 14 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किये जाते है, जिसके लिए पात्रता निम्नानुसार है :-

1. **आयु सीमाः-** दिनांक 01.01.2022 को आयु न्यूनतम 18 वर्ष तथा अधिकतम 24 वर्ष हो। (ओबीसी/एस.सी./एस.टी. अभ्यर्थियों की अधिकतम आयु सीमा में क्रमश 03 वर्ष /05 वर्ष /05 वर्ष की छूट, भूतपूर्व सैनिक उम्मीदवार को 3 वर्ष (सैन्य सेवा की अवधि के अतिरिक्त) छूट तथा 1984 के दंगो में मारे गए व्यक्तियों के बच्चों/परिवार के सदस्यों को 3 वर्ष की छूट अनुमन्य है, समस्त छूटो के पश्चात अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष है।
2. **शैक्षणिक योग्यता :-** न्यूनतम एवं अधिकतम 12वीं कक्षा (समकक्ष परीक्षा) उत्तीर्ण की हो तथा अंग्रेजी भाषा को पढने व लिखने का मूल ज्ञान हो।
3. **रिक्तियों का विवरण :-**

| जिला | एससी | एसटी | ओबीसी (नॉन क्लीमीलेयर) | ईडब्लूएस | अनारक्षित | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जयपुर | 1 | 1 | 1 | 1 | 2 | 6 |
| सीकर | 2 | 1 | 1 | 1 | 3 | 8 |

4. उम्मीदवार उसी जिले का मूल निवासी हो जिसके लिए वह आवेदन कर रहा है।
5. **वेतनमानः** रु 14500-28145 एवं भत्ते (बैंक नियमानुसार)।
6. पात्र अभ्यर्थियों के चयन हेतु दसवी कक्षा के प्राप्तांक के 40 प्रतिशत तथा बारहवी कक्षा के प्राप्तांक के 60 प्रतिशत के आधार पर मैरिट बनाई जाएगी तथा मैरिट के आधार पर चयन किया जायेगा।
7. भर्ती प्रक्रिया बिना कोई कारण बताये निरस्त की जा सकती है, रिक्तियों की संख्या कम या बढ़ाने का सम्पूर्ण अधिकार बैंक प्रबंधन के पास सुरक्षित है तथा भर्ती सम्बन्धी अन्य सभी मामलो में बैंक प्रबंधन द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम होगा।
8. उम्मीदवार नीचे दिए गए प्रारूप पर अपना **स्वहस्ताक्षरित** विस्तृत बायोडाटा,नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो चस्पा कर समस्त दस्तावेजो की प्रतिलिपियो सहित बंद लिफाफा में सरकारी डाक (रजिस्टर्ड पोस्ट/स्पीड पोस्ट) द्वारा इस प्रकार भेजे कि आवेदन पत्र हमें दिनांक 14-03-2022 को सायं 5.00 बजे से पूर्व निम्न पते पर प्राप्त हो- "मंडल प्रमुख, पंजाब नैशनल बैंक, मंडल कार्यालय, जयपुर-सीकर, 2-नेहरु प्लेस, द्वितीय तल, टोंक रोड़, जयपुर (राज.) पिन-302015"
   लिफाफे पर **"अधीनस्थ संवर्ग में चपरासी (Peon) पद पर भर्ती हेतु आवेदन जिला जयपुर/सीकर (जो जिला लागू हो)"** लिखा होना चाहिए। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार/मान्य नहीं होंगे।
9. आधी-अधूरी व असत्य जानकारी वाले आवेदन पत्र तथा दसवीं कक्षा, बारहवीं कक्षा, मूलनिवास प्रमाण-पत्र एवं जाति प्रमाण-पत्र (यदि लागू हो तो) के अभाव वाले आवेदन-पत्र स्वतः निरस्त माने जायेंगे। आवेदन पर अंतिम विचार करने का सम्पूर्ण अधिकार बैंक प्रबंधन के पास सुरक्षित है।

दिनांक 04-03-2022 मंडल प्रमुख

**अधीनस्थ संवर्ग में चपरासी (PEON) पद पर भर्ती हेतु आवेदन**
जिला..............................के लिए

अभ्यार्थी का नाम ..............................
पिता/पति का नाम ..............................
स्थाई पता ..............................
मोबाइल नंबर ..............................
ईमेल आईडी ..............................
श्रेणी .............................. जन्म तिथि ..............................
जिला जिसका निवासी है ..............................
पेन संख्या ..............................
आधार संख्या ..............................
शैक्षणिक योग्यताये-

फोटो

| परीक्षा का नाम | बोर्ड का नाम | उत्तीर्ण करने की तिथि | विषय | प्राप्तांक | प्रतिशत | अन्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

मै शपथ पूर्वक घोषणा करता हूँ कि उपरोक्त प्रस्तुत सूचनायें सत्य है एवं कोई तथ्य छुपाया नहीं गया है। कोई भी सूचना गलत पाए जाने पर मेरा आवेदन निरस्त किया जा सकता है।

संग्लन :
मूल निवास प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, पेन कार्ड, रोजगार कार्यालय प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, शैक्षणिक योग्यता, (दसवी एवं बारहवी की अंक तालिका एवं अंतिम कक्षा उत्तीर्ण करने की टी.सी)

स्थानः ..............................

दिनांक : अभ्यर्थी के हस्ताक्षर


### जागरूक किया

**उनियारा,(निस)।** मतदाता जागरूक अभियान के तहत देवली उनियारा उपखण्ड अधिकारी रजनी मीना ने बताया कि निर्वाचन विभाग के स्वीप निर्देशो की अनुपालना में निर्वाचन क्षेत्र के राजकीय ओर निजी महाविद्यालयों में मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।इसके अंतर्गत उनियारा राजकीय महाविद्यालय में भी कलस्टर कैम्प ओर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पोस्टर और गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## 1495 पेटी बीयर जब्त

**राजगढ़।** राजगढ़ थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर नाकेबंदी में अवैध रूप से कंटेनर में शराब परिवहन करते एक आरोपी को गिरफ्तार कर कंटेनर को जप्त किया है।

इस मामले में 1495 पेटी बियर पुलिस ने जप्त की है। थाना प्रभारी विनोद सामरिया ने बताया कि टीम को 2 मार्च को सूचना मिली कि एक कंटेनर जिसमें अवैध शराब हो सकती है सिकंदरा की ओर से आ रहा है। इस पर पुलिस थाने के सामने कड़ी नाकेबंदी कर सामने से आ रहे कंटेनर को रोका चालक से पूछताछ के दौरान कंटेनर में 1500 कार्टून शराब होना बताया।

पुलिस ने बताया कि निर्धारित रूट से अलग अवैध रूप से शराब को परिवहन करने के आरोप में अब्दुल जब्बार पुत्र राजमल खान निवासी गनडूरी थाना नगीना जिला नूहू हरियाणा को गिरफ्तार कर कंटेनर को जब किया है। 1495 पेटी बियर जप्त कर आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

# बजट में पावटा व विराटनगर क्षेत्र को दी कई सौगातें

**पावटा, (निसं)।** राजस्थान सरकार द्वारा विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विद्यायक इंद्राज गुर्जर के प्रयासों से उपखंड पावटा में राजकीय कन्या महाविद्यालय व विराटनगर क्षेत्र में विराटनगर कुहाडा मोड से वाया पापडा बडा काकराणा, खाला की ढाणी, तालुकाबास की छींड, तालुकाबास, पांचूडाला की छींड, सितोपसिंहपुरा, भोजावास, भांकरी, चौबाला, पाथरेडी, चौकी राजनौता रोड, भालौजी मोड तक 33 करोड की लागत से 33 किलोमीटर एमडीआर 251, विराटनगर में जोधूला स्कूल वाया राडावास होते हुए दौलाज तक 8 करोड की लागत से 8 किलोमीटर सडक निर्माण, आंतेला पीएचसी को सीएचसी में क्रमोन्नत, विराटनगर में पुलिस उप अधीक्षक कार्यालय की सौगात मिली।

■ ग्रामीणों में खुशी का माहौल



ग्रामीणों ने खुशी में पटाखे फोड़े।

इस मौके पर ग्रामीणों, विद्यालय की छात्राओं व कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के द्वारा राजकीय कन्या महाविद्यालय सहित विराटनगर क्षेत्र में कई सौगातें मिलने की खुशी में जगह जगह कस्बे में पटाखे छोडे गए और विधायक इंद्राज गुर्जर के जयजयकार लगाए गए। इस मौके पर संत निरंकारी मिशन जोनल इंचार्ज वैद्य बनवारी लाल निरंकारी, नगर अध्यक्ष सुरेश शर्मा, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि गोपाल अग्रवाल, ब्लॉक उपाध्यक्ष अजय सैनी, मनोज अग्रवाल, रोशन धनकड़, विनोद यादव, संजय बिडला, रिजवान कुरेशी, एडवोकेट दीपक गोयल, खेलना सरपंच राजकुमार, करण पंसारी, रतन जिंदल सहित जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने विधायक इंद्राज गुर्जर का आभार जताते हुए मौके पर मौजूद विधायक प्रतिनिधि राजेश गुर्जर का आभार जताया।


**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड** IDFC FIRST Bank

(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)

CIN : L65110TN2014PLC097792

पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031

फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

**वित्तीय अस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एवं ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के सैक्शन 13 (2) के तहत नोटिस**

निम्न ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं ने नीचे वर्णित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड का सिक्योर्ड ऋण (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जान जाता है) से लिया था। निम्नलिखित ऋणग्रहितओं एवं सहऋणग्रहिताओं के ऋण उनकी अपनी-अपनी सम्पत्तियों के गिरवी रखने से सुरक्षित है। क्योंकि उन्होंने अपने-अपने ऋण एग्रीमेन्टस के नियम व शर्तों की पालना नहीं की है और अनियिमित हो गये है, उनके ऋणों को आरबीआई की गाइडलाइन्स के अनुसार एनपीए वर्गीकृत कर दिया गया है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जान जाता है) को देय राशियाँ उनके पृथक नोटिस में लिखी गयी है तथा और विशेष रूप से निम्न सूचि में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे का ब्याज भी लागू होगा तथा वह उनकी अलग-अलग तिथियों से समझौते की प्रभावी दर से वसूला जायेगा।

| क्रम संख्या | ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं के नाम | सैक्शन 13(2) के नोटिस की तिथि | सैक्शन 13(2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि | सम्पत्ति का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 15135300 | सम्पत्ति पर ऋण | 1. अशोक कुमार स्वामी 2. किरण शर्मा 3. कृष्ण कुमार स्वामी | 19.02.2022 | 27,62,165.61/- | प्लाट नं. 79, क्षेत्रफल 245 वर्गगज, स्कीम विश्वामित्र नगर, जमनापुरी के पास, वैद्य जी का चौराहा, स्कीम मुरलीपुरा, चौमू रोड, जयपुर का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमायें है- पूर्व-अन्य भूमि, पश्चिम-रास्ता, उत्तर-प्लाट नं. 80, दक्षिण- प्लाट नं. 78 |
| 2 | 21491698 और 33700864 | सम्पत्ति पर ऋण | 1. हिम्मत सिंह 2. लाखन सिंह 3. उषा कंवर | 19.02.2022 | 28,57,714.21/- | प्लाट नं. 71-ए, राजविहार स्कीम, पांचावाला, जयपुर, राजस्थान-302034 का पूरा व प्रत्येक भाग, क्षेत्रफल 66.25 वर्गगज, और सीमायें है-पूर्व-प्लाट नं. 72, पश्चिम-प्लाट नं. 71, उत्तर-रोड 30 फिट चौड़ी, दक्षिण-अन्य |
| 3 | 16697625 | सम्पत्ति पर ऋण | 1. मो.अस्पाक कुरैशी 2. चांद सुबरानी | 19.02.2022 | 27,12,672.88/- | प्लाट/सर्वे नं. 66, क्षेत्रफल 55.93 वर्गगज, कासबपुरा कच्ची बस्ती, हमीद नगर, जयपुर का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमायें है-पूर्व-प्लाट नं. 65, पश्चिम-रोड 17 फिट 6 इंच चौड़ी, उत्तर-अन्य सम्पत्ति, दक्षिण-प्लाट नं. 67 |
| 4 | 16140955 और 33735220 | सम्पत्ति पर ऋण | 1. नन्द किशोर खींची 2. विनीता खींची | 19.02.2022 | 17,45,799.43/- | प्लाट/सर्वे नं. 430, मंडी खटीकान, बजरंग नर्सरी के पास, चार दरवाजा के बाहर, वार्ड नं. 71, जयपुर (राज.) का पूरा व प्रत्येक भाग, क्षेत्रफल 32.29 वर्गगज और सीमायें है-पूर्व-रोड, पश्चिम-ए रहीम का मकान, उत्तर-मुन्ना भाई का मकान, दक्षिण-गजानन्द खींची का मकान |
| 5 | 23757194 | सम्पत्ति पर ऋण | 1. ओम प्रकाश 2. रूकमणी देवी | 19.02.2022 | 13,06,644.09/- | प्लाट नं. 1683, क्षेत्रफल 61.60 वर्गगज, संजय नगर कच्ची बस्ती, डीसीएम, अजमेर रोड, जयपुर, राजस्थान का पूरा व प्रत्येक भाग और सीमायें है-पूर्व - प्लाट नं. 1684, पश्चिम-प्लाट नं. 1682, उत्तर-अन्य, दक्षिण-रोड 15 फिट चौडी |
| 6 | 41106682 | सम्पत्ति पर ऋण | 1. राम चन्द्र जाट 2. मंजू देवी | 19.02.2022 | 4,72,251.95/- | पट्टा नं. 15, ग्राम मोहन का बास, ग्राम पंचायत खेडी मिल्क, पंचायत समिति सांभर लेक, जयपुर, राजस्थान-303603 का पूरा व प्रत्येक भाग, क्षेत्रफल 288.88 वर्गगज और सीमायें है-पूर्व-आम रास्ता, पश्चिम-स्वयं की भूमि, उत्तर-बोहरा का मकान, दक्षिण-दानाराम का मकान |
| 7 | 26474835 25576929 32525749 32541790 | सम्पत्ति पर ऋण, गृह ऋण तथा मोर्टगेज/ वर्किंग कैपीटल टर्म लोन | 1. टाइल्स प्लाजा 2. राम किशन 3. सरोज कृष्णिया 4. जसवन्त सिंह कृष्णिया 5. विशाल कृष्णिया | 19.02.2022 | 80,04,090.27/- | सम्पत्ति-1- फ्लैट नं. सी-304, तीसरी मंजिल, टावर 'सी' क्षेत्रफल 1530 वर्ग फिट (सुपर बिल्ट अप एरिया), प्लाट नं. जीएच-11, सनसिटी स्कीम (निजी खातेदार), ग्राम नीन्दड, सीकर रोड, जयपुर का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमाये है- पूर्व-अन्य भूमि, पश्चिम-रोड 20 मीटर, उत्तर-रोड 30 मीटर, दक्षिण-रोड 37 मीटर सम्पत्ति-2- दुकान नं. 3, ग्राउण्ड फ्लोर, क्षेत्रफल 398.08 वर्गफिट (बिल्ट अप एरिया) तथा 537 वर्ग फिट (सुपर बिल्ट अप एरिया) और दुकान नं. 4, ग्राउण्ड फ्लोर, क्षेत्रफल 371.85 वर्गफिट (बिल्ट अप एरिया) तथा 501.99 वर्ग फिट (सुपर बिल्ट अप एरिया), गुरू शिखर शेखावाटी, प्लाट नं. 2, ग्राम नीन्दड, तहसील आमेर, जयपुर का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमायें है-पूर्व-प्लाट नं. जीएच-1, पश्चिम-80 फिट रोड, उत्तर-80 फिट रोड, दक्षिण-100 फिट रोड |

आपको एतद्द्वारा, इस प्रकाशन के 60 दिन के अन्दर, ऊपर सूचि में दर्शायी राशियों को उनकी प्रथम तिथि से, उस पर लगे आगे के समझौते में ब्याज दर तथा अन्य खर्चों, चार्ज आदि सहित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लि. (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, जो आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ एकीकृत हुआ हो वर्तमान में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को भुगतान करने को कहा जा रहा है, यदि ऐसा नहीं हुआ, तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को, एसएआरएफएइएसआई एक्ट के सैक्शन 13(4) तथा सैक्शन 14 के तहत, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, जो आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ एकीकृत हुआ हो वर्तमान में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशि वसूल करने के लिये, गिरवी रखी सम्पत्तियों के खिलाफ कार्यवाही शुरू करने के लिये बाध्य होना पडेगा/इसके अलावा उक्त एक्ट के सैक्शन 13 (13) के तहत आप उक्त सम्पत्तियों को बिक्री/लीज अथवा किसी अन्य प्रकार से ट्रांसफर नहीं करने के लिये प्रतिबंधित है

ह./-
दिनांक- 04.03.2022 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान- जयपुर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, जो आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)

## संक्षिप्त

### आग से चारा जलकर राख

**मालपुरा।** लाम्बाहरिसिंह थानान्तर्गत गणेशपुरा बागरिया ढाणी निवासी बद्रीलाल बैरवा के बाडे में रखे चारे के ढेर में लगी आग से 15 ट्रॉली से अधिक चारा जलकर राख हो गया। मिली जानकारी के मुताबिक बद्री बैरवा के बाडे में लगे चारे के ढेर में अज्ञात कारणों से लगी आग तेज हवाओं के चलते देखते ही देखते विकराल हो गई तथा बाडे में रखे अन्य चारे के ढेरों को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें बढ़ती देख पालिका दमकल को सूचना दी गई। जिस पर लाम्बाहरिसिंह थाना पुलिस व मालपुरा नगरपालिका दमकल मौके पर पहुंच आग बुझाने का कार्य शुरू किया। तो ग्रामीणो ने जेसीबी मशीन की सहायता से आग के ढेरों को मिट्टी में दबाने का कार्य शुरू किया। तकरीबन दो घंटे से अधिक कडी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

### अज्ञात व्यक्ति का शव मिला

**बस्सी।** उपखंड बस्सी क्षेत्र के ग्राम मानसर खेडी में गुरुवार सुबह को एक अज्ञात व्यक्ति की लाश मिलने से पूरे गांव में अफरा-तफरी का माहौल छाया रहा। बस्सी एसीपी मेघचंद मीणा ने बताया कि गुरूवार सुबह ग्रामीणों द्वारा सूचना मिली थी कि खेड़ी के एक सुनसान इलाके में अज्ञात व्यक्ति पड़ा हुआ है जिसके बाद मौके पर पहुंची बस्सी थाना पुलिस ने वहां पड़े व्यक्ति को देखा तो वह मृत अवस्था में था। जिसे बस्सी उपजिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाकर उसका पोस्टमार्टम करवाया गया। फिलहाल मृतक व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस जल्दी ही मृतक व्यक्ति की शिनाख्त कर मृत्यु के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है।

### सर्व समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन 3 मई को

**टोंक।** सर्व समाज संस्थान जयपुर में सर्व समाज सर्वधर्म सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन 3 मई आखातीज पर होटल रिद्धि सिद्धि नियर सवाईमाधोपुर सर्किल बाईपास जयपुर रोड टोंक में किया जाएगा। संस्थान के अध्यक्ष सुलेमान खान ने बताया कि विवाह सम्मेलन के लिए पंजीयन कार्यालय होटल रिद्धिसिद्ध में खोला गया है, कोरोना वायरस महामारी के कारण सरकार के निर्देशानुयसार शादी अपने ही निवास स्थान से करे। उपहारों की जानकारी कार्यालय में सपंर्क कर ली जा सकती है।

### खाटूधाम के लिए पदयात्रा 10 को

**नारायणपुर।** श्री श्याम मित्र मंडल नारायणपुर की ओर से खाटूधाम के लिए 37वीं पदयात्रा बाबा श्याम की अखण्ड जोत और आकर्षक झांकी के साथ क़स्बा स्थित श्री श्याम मंदिर से 51 पद यात्रियों के जत्थे के साथ 10 मार्च सुबह 9 बजे कस्बे के प्रमुख मार्गो से डीजे पर नाचते गाते हुए रवाना होगी । श्याम मित्र मण्डल अध्यक्ष राजेश गर्ग ने बताया कि पदयात्रियो के लिए खाने-पीने की सम्पूर्ण व्यवस्था के साथ तीन पड़ाव बीलवाडी, अजीतगढ, रींगस के बाद 13 मार्च चौथे दिन बाबा खाटूश्याम के ध्वजा चढ़ाई जाएगी ।

# आमजन पुलिस की आंख और कान: बिनिता ठाकुर

**टोंक, (निसं)।** भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड राजस्थान की अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक बिनिता ठाकुर ने गुरुवार को जिला पुलिस का वार्षिक निरीक्षण किया और पुलिस अधिकारियों व जवानों को बेहतर कानून व्यवस्थाएं बनाएं रखने के लिए चर्चा कर आवश्यक निर्देश प्रदान किए।



भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड राजस्थान की अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक बिनिता ठाकुर ने टोंक में पुलिस अधिकारियों की बैठक ली।

- एडीजी बिनिता ठाकुर ने किया जिला पुलिस का वार्षिक निरीक्षण

एडीजी बिनिता ठाकुर ने गुरुवार को सुबह पुलिस लाईन परेड पर ग्राउंड पर परेड का निरीक्षण किया और परेड की सलामी ली। जिसके बाद जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी के साथ एडीजी बिनिता ठाकुर ने पुलिस लाईन के आवंटित नई भूमि का निरीक्षण किया गया । एडीजी बिनिता ठाकुर ने इसके बाद पुलिस लाईन में पुलिस जवानों की संपर्क सभा लेकर उनकी समस्याएं व सुझाव सुने और उसके बाद पुलिस लाईन अंवेषण भवन में जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी की मौजदूगी में जिलेभर से आएं पुलिस अधिकारियों की अपराध गोष्ठी लेकर उनसे बेहतर कानून व्यवस्था को लेकर चर्चा की और जिले में कानून व्यवस्थाएं बनाएं रखने के लिए आवश्यक निर्देश प्रदान किए।

अपराध गोष्ठी के दौरान अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक बिनिता ठाकुर ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि आमजन पुलिस की आंख और कान है और उनका सहयोग हमेशा रहा है, इसी तरह सजगता के साथ आमजन का सहयोग रहेगा तो जिले में अवैध मादक पदार्थो पर अंकुश लगेगा। इस मामले में पुलिस लगातार सतर्क होकर काम रही है, ताकि युवा पीढी का भविष्य खराब नहीं हो। भर्ती के मामलों में एडीजी बिनिता ठाकुर ने कहा कि पुलिस अपनी सूचना तंत्र को मजबूत रखकर काम करती है और यही कोई गडबडी नहीं हो उसके लिए लगातार प्रयास है। उन्होंने नवाचार के बारे में बताते हुए कहा कि रेंज स्तरीय कार्यक्रम आवाज दो बहुत अच्छा नवाचार है, उसको बेहतर ढंग से लागू करने पर चर्चा की गई है।

## निर्झरना को नई तहसील, मंडावरी को बाईपास की सौगात

**लालसोट, (निसं)।** विधानसभा क्षेत्र में विगत तीन साल के अंदर हुआ प्रशासनिक ढांचे का गठन को लेकर विधानसभा क्षेत्र के लोग इस व्यवस्था को आगामी रूप में लालसोट को संभावित जिला बनने को लेकर देख रहे हैं।

गुरुवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा पूरक बजट के दौरान लालसोट में निर्झरना को नई तहसील का दर्जा देने के साथ मंडावरी में नए बड़े बाईपास के लिए डीपीआर बनाने की घोषणा की गई है। ग्राम पंचायत महारिया में उप स्वास्थ्य केंद्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में क्रमोन्नत किया गया है।

वहीं बगड़ी खुर्रा महरिया मंडावरी कृषि उपज मंडी तक सड़क चौड़ाई विस्तार एवं रीको एरिया से जमा तक सड़क चौड़ाई निर्माण सुदृढ़ीकरण का कार्य किया जाएगा। विधानसभा क्षेत्र में लगातार तहसीलों का गठन लालसोट विधानसभा क्षेत्र को आगामी समय में नवगठित जिला बनने की ओर इशारा भी कर रहे हैं।

अगर दौसा जिले में सुदृढ़ व्यापारी गतिविधियां एवं राष्ट्रीय राजमार्गो के एक्सटेंशन सहित अवश्य गतिविधियों को देखा जाए तो साफ तौर पर लालसोट का बढ़ता दायरा अनायास ही इसे जिला बनने की और इशारा करता दिखाई देता है।

## एम्बूलेंस नहीं मिलने के कारण घायल युवक मालपुरा अस्पताल के सामने तड़पता रहा

**मालपुरा, (निसं)।** बुधवार की देर रात को जयपुर भीलवाडा स्टेट हाईवे पर डिग्गी थानान्तर्गत चावण्डिया मोड के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल युवक को राहगीरों की सूचना पर 108 एम्बूलेंस की सहायता से मालपुरा के सरकारी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया।

प्राथमिक उपचार के बाद घायल युवक राकेश पुत्र रामदेव दरोगा निवासी मैहरू को चिन्ताजनक हालत में जयपुर रैफर किया गया। घायल युवक को रैफर किये जाने के बाद परिजन व शहर के समाजसेवी जगदीश गुर्जर शिक्षक नेता एवं मैहरू सरपंच राहुल गुर्जर द्वारा 108 एम्बूलेंस की सहायता मांगी गई लेकिन अस्पताल के सामने खड़ी 108 एम्बूलेंस के कार्मिको द्वारा घायल को जयपुर ले जाने से साफ इंकार कर एम्बूलेंस सेवा प्रदाता कम्पनी के अधिकारियों द्वारा घायल को टोंक जिला मुख्यालय पर ही ले जाये जाने की बाध्यता बता रैफर लेने से इंकार कर दिया।

जिसके चलते तकरीबन आधा घंटे से अधिक समय तक घायल अस्पताल के गेट पर स्ट्रेचर में ही तड़पता रहा। मामले में मौके पर पहुंचे मिडियाकर्मियो द्वारा हस्तक्षैप करने के बाद जाकर एम्बूलेंस के कार्मिक रैफर केश को जयपुर ले जाने पर सहमत हुए। मौके पर मौजूद लोगों ने एम्बूलेंस कार्मिकों व सेवा प्रदाता कम्पनी की इस हटधर्मिता पर कडी नाराजगी जता राज्य के मुख्यमंत्री एवं चिकित्सा मंत्री सहित जिला प्रशासन से दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की तथा मालपुरा अस्पताल में स्थाई एम्बूलेंस उपलब्ध करवाने की भी मांग की।

लगभग एक वर्ष पूर्व टोंक सवाईमाधोपुर सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया द्वारा मालपुरा अस्पताल मे एम्बूलेंस उपलब्ध कराने की कि गई घोषणा आज तक पूर्ण नही होने पर भी लोगों में कडी नाराजगी जताई।

## यूक्रेन में फंसे किशनगढ़ बास के 3 छात्रों ने भारत वापसी की भरी उड़ान

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** यूक्रेन में फंसे अलवर किशनगढ़ बास के तीन छात्र बीति रात्रि को पोलैंड के सुरक्षित एयरपोर्ट से भारत के लिए उडान भर चुके हैं। तीनों छात्र किशनगढ़ बास के खैरथल किथूर व मुड़ियाखेडा के रहने वाले हैं। यह जानकारी छात्रों से लगातार सोशल मीडिया पर संपर्क में रह रहे किशनगढ बास एसडीएम ओमप्रकाश सहारण ने मीडिया को दी है।

- किशनगढ़ बास एसडीएम फोन पर बनाए हुए हैं संपर्क

एसडीएम ओमप्रकाश सहारण ने मीडिया को बताया कि यूक्रेन में फंसे अलवर जिले के किशनगढ बास उपखंड क्षेत्र खैरथल के हर्ष पुत्र ललित मोहन शर्मा, किथूर के दीपक पुत्र निशांत यादव व मुड़ियाखेडा के शिवम पुत्र नित्यानंद के जिला मुख्यालय से सूचना मिलने के उपरांत परिजनों व छात्रों से फोन पर संपर्क कर कुशलक्षेम जानी और वीडियो कॉल कर सुरक्षित स्थान पर होने की पुष्टि की।




यूक्रेन में फंसे किशनगढ़ बास के 3 छात्रों की एयरपोर्ट पर सकुशल होने की तस्वीर।

यूक्रेन में फंसे छात्रों ने अधिकारी को बताया पोलैंड एयरपोर्ट से रात्रि 1 बजे भारत के लिए रवाना हुए हैं। एसडीएम ने बताया कि वह छात्रों के सकुशल घर वापसी तक लगातार छात्रों व परिजनों से संपर्क बनाए हुए हैं।

## 'शाहपुरा से थानागाजी 2 लेन सड़क निर्माण हेतु 174.34 करोड़ स्वीकृत'

**कोटपूतली, (निसं)।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ के प्रयासों से एनएच 248 ए पर शाहपुरा से थानागाजी खंड का 2 लेन सड़क निर्माण कार्य पेव्ड शोल्डर के साथ करवाने हेतु सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा 174.34 करोड रूपये स्वीकृत हुए हैं।

शाहपुरा से थानागाजी जाने वाली 34.4 किलोमीटर की यह सड़क विराटनगर से होकर गुजरेगी। उक्त राशि से सड़क का चौड़ाईकरण और पुलों का अपग्रेडेशन कार्य होगा। वर्तमान में जयपुर जिले वाले भाग में सडक की चौड़ाई 7 मीटर है जिसे 10 मीटर किया जाऐगा और अलवर जिले वाले भाग में सडक की चौड़ाई 5.5 मीटर है इसे भी बढ़ाकर 10 मीटर किया जाऐगा। यह कार्य पूर्ण होने पर क्षेत्र के लाखो लोग लाभान्वित होंगे।

- 'प्रधानमंत्री एवं केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी का आभार'

सडक निर्माण कार्य हेतु राशि स्वीकृत किए जाने पर कर्नल राज्यवर्धन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सडक परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर कर्नल राज्यवर्धन ने कहा कि कोटपूतली से बानसूर कट, पूतली कट और शाहपुरा फ्लाई ओवर के टेण्डर हो चुके है, निर्माण कार्य भी शीघ्र प्रारम्भ होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ग्रामीण भारत की मजबूती और विकासचाहते है, इसके लिए गावों को सड़कों से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है मोदी के शासन में जयपुर ग्रामीण को अनेक सड़के मिल रही है। जिससे लगातार क्षेत्र का विकास हो रहा है। गौरतलब है कि कर्नल राज्यवर्धन जयपुर ग्रामीण में राष्ट्रीय राजमार्ग और सडकों के विकास के लिए लगातार प्रयासरत रहे हैं और इस सम्बंध में समय-समय पर सडक परिवहन और राजमार्ग मंत्री से मुलाकात की है इसके परिणामस्वरूप पूर्व में जयपुर-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर अनेक कार्य पूर्ण हुए है। एनएच248 पर शाहपुरा से थानागाजी खंड का 2 लेन सडक निर्माण कार्य के लिए राशि स्वीकृत होने से क्षेत्र में खुशी की लहर है, क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने अपने सांसद का आभार व्यक्त किया है।

## विद्यालय में शिक्षक और शिक्षिका की अश्लील हरकतों से ग्रामीणों में आक्रोश

**देवली, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र की थांवला ग्राम पंचायत में उच्च प्राथमिक विद्यालय श्रीनगर के शिक्षक और शिक्षिका के बीच अश्लील हरकतों का मामला सामने आया।

- ग्रामीणों ने बताया कि अश्लील हरकतों की सूचना विद्यार्थियों द्वारा अपने अभिभावकों से की जा रही है
- ग्रामीणों ने विद्यालय पर तालाबंदी कर प्रदर्शन किया

गुरुवार को शिक्षक और शिक्षिका की अश्लील हरकत करने के मामले पर ग्रामीणों में आक्रोश देखा गया। शिक्षकों की उक्त हरकतों के विरोध में ग्रामीणों ने विद्यालय पर तालाबंदी कर दी तथा नारेबाजी कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस बीच ग्रामीणों मांग यह उठाई की ऐसे शिक्षकों को विद्यालय से हटाया जाए। ग्रामीण शोभाराम आदि ने बताया कि यहां कार्यरत एक पुरुष शिक्षक तथा महिला शिक्षक के बीच काफी समय से गलत हरकतें हो रही हैं। उक्त दोनों शिक्षकों की अश्लील हरकतों की वजह से विद्यार्थियों में गलत संदेश जा रहा है। वहीं विद्यालय में इनके द्वारा किए जाने वाली अश्लील हरकतों की सूचना विद्यार्थियों द्वारा अपने अभिभावकों को घर पर आकर बताया जाता रहा है। वहीं विद्यार्थियों के अभिभावकों ने यह बताया कि इस संबंध में अश्लीलता फैलाने पर शिक्षकों की एक तस्वीर भी वायरल हुई है। उधर सूचना पर थांवला के प्रधानाचार्य वसुधा शर्मा मौके पर पहुंची तथा ग्रामीणों से समझाइश करने का प्रयास कर करती रही। इस घटना पर सीबीईओ मोतीलाल का कहना है कि ग्रामीणों की शिकायत मिली है दोनों शिक्षकों को उक्त विद्यालय से हटा दिया है।

## सार-समाचार

### 'रक्तदान सबकी सामाजिक जिम्मेदारी'



**कोटपूतली, (निसं)।** प्रीति देवी मैमोरियल सोसायटी के तत्वावधान में गुरूवार को समाजसेवी स्व. चिरंजीलाल सैनी की पुण्यतिथि पर उनकी पुण्य स्मृति में कस्बे के डाबला रोड़ स्थित दीप मैरीज गार्डन में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री गुड्डु सैनी द्वारा द्वीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। उन्होंने युवा रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए ज्यादा से ज्यादा संख्या में रक्तदान की बात कही। अध्यक्षता करते हुए पालिकाध्यक्ष पुष्पा सैनी ने कहा कि रक्तदान सभी की सामाजिक जिम्मेदारी है। यह किसी भी प्रकार की राजनीति व भेदभाव से ऊपर होना चाहिये। शिविर आयोजक भाजपा नगर मंडल महामंत्री बालकृष्ण सैनी, सतीश सैनी, जितेन्द्र शेखावत, शशी मित्तल, राहुल सैनी, राजेन्द्र सैनी आदि ने कार्यक्रम में शिरकत करने आये अतिथियों व रक्तदाताओं का दुपट्टा, प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया।

### अतिक्रमण हटाने की मांग

**नारायणपुर, (निसं)।** ग्राम पंचायत चांदपुरी में एससी-एसटी सामुदायिक भवन पर कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण किया हुआ है। अतिक्रमण को हटाने के लिए गुरुवार को ग्रामीणों ने एसडीएम संजीव कुमार वर्मा को ज्ञापन दिया। ज्ञापन के मुताबिक करीब बीस वर्ष पहले विधायक कोटे से एससी-एसटी के समुदाय के लिए सामुदायिक भवन बनाया गया था। भवन को सार्वजनिक कार्य में काम में लिया जाता है। लेकिन कुछ लोगों द्वारा सामुदायिक भवन के पास गोबर का रेवडा और भवन में मटके व मिट्टी और कचरा डालकर अतिक्रमण कर रखा है। इसको लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम को जल्द एससी-एसटी सामुदायिक भवन से अतिक्रमण हटाने के लिए ज्ञापन दिया है। इधर एसडीएम संजीव कुमार ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा ज्ञापन मिला है । जाँच की जा रही है अगर सामुदायिक भवन पर अतिक्रमण जैसी स्थित है तो अतिक्रमियों को पाबंद कर अति शीघ्र पैमाईस कराकर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जायेगा । इस मौके लाला राम प्रजापत, शनि धानका, श्याम लाल धानका, सुनील धानका, रोशन वर्मा, नेता वर्मा, तेजपाल वर्मा, मुकेश सैन आदि लोग मौजूद थे।

### पायलट को ज्ञापन सौंपा

**टोंक, (निसं)।** रेल लाओ संघर्ष समिति के टोंक को रेल लाइन के लिए भूमि अवाप्ति व आधी राशी की घोषणा के लिए पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट को ज्ञापन दिया। समिति के अध्यक्ष अकबर खान ने टोंक रेल की आवाज पायलट निवास तक पहुंचाते हुए जयपुर में गुरुवार को दर्जनों लोगों के साथ रेल लाओ संघर्ष समिति की ओर से राजस्थान 2022 के पूरक बजट में टोंक रेल भूमि अवाप्ति व आधी राशी की घोषणा के लिए पूर्व उपमुख्यमंत्री, टोंक विधायक सचिन पायलट को ज्ञापन दिया। अध्यक्ष अकबर खान ने पायलट से उम्मीद जताई हैं कि वह टोंक रेल के लिए जरूर कुछ करेंगे। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष जावेद खान, सोपरी देवनारायणमंदिर अध्यक्ष पटेल भोजाराम गुर्जर, उपभोक्ता जल संगम अध्यक्ष रामसहाय चौधरी, मीनाक्षी, रामप्यारी, रामेश्वरी, गीता, सुनिता, मीना, हरदयाल मीणा, रामस्वरूप जाट, रहमतुल्लाहबैग, शाहिद खांन, रामगोपाल शर्मा, रामेश्वर सैन, जीतराम जाट, मनोज प्रजापति, आशिष ग्वाला आदि मौजूद थे।

### कलेक्टर को अवमानना नोटिस जारी

**टोंक, (निसं)।** राजस्थान उच्च न्यायालय ने गुरुवार को फुलेता पंचायत के ग्राम भोजपुरा में चारागाह भूमि पर से अदालती आदेश के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाने से जुड़े मामले में टोंक कलेक्टर चिन्मयी गोपाल को अवमानना के नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब तलब किया है। न्यायाधीश पंकज भंडारी व न्यायाधीश बिरजेंद्र कुमार की खंडपीठ ने यह अंतरिम आदेश भोजपुरा निवासी अमोलक चंद जाट द्वारा एडवोकेट लक्ष्मीकांत शर्मा मालपुरा के जरिये दायर की गई अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए । अवमानना याचिका में बताया गया है कि ग्राम भोजपुरा की चारागाह भूमि पर प्रभावशाली लोगों ने अतिक्रमण कर रखे है ,जिसे हटाने के निर्देश हाईकोर्ट की खंडपीठ ने 5 जुलाई 2021 को टोंक कलेक्टर को दिए थे कि दो माह में अतिक्रमण हटावे किन्तु अदालती आदेश के बावजूद टोंक कलेक्टर ने अतिक्रमण नहीं हटवाये।

### पांचवीं शोभायात्रा का आयोजन

**रींगस, (निसं)।** श्याम प्रेमी मित्र मण्डल की ओर से गुरूवार को पांचवीं विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभयात्रा में हजारों महिला-पुरूष हाथों में निशान थामे बाबा के जयकारे करते नजर आये। शोभायात्रा का शहर में जगह-जगह जोरदार पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इससे शहर गुलाब की खुशबू से ओतप्रोत हो गया। यात्रा के आयोजक वीरेन्द्र कुमार काबरा ,नितेश काबरा ने बताया की पांचवीं भव्य विशाल शोभायात्रा शहर के गोपीनाथ राजा मंदिर से रवाना हुई । बैण्ड बाजो व डिजे पर बाबा श्याम के भजनो पर हजारो श्रद्धालु भाव विभोर होकर झूम उठे। शोभायात्रा गोपीनाथ राजा मंदिर से रवाना होकर आजाद चौक,भातरो का मोहल्ला,डाकवालो का मोहल्ला,नगर पालिका से होते हुए सीटी बस स्टैण्ड व रामानन्द पाठशाला से श्याम मंदिर में पहुंची।

### विजेता टीम को सरपंच ने 41 हजार दिये

**मंडावरी।** किशोरपुरा ग्राम पंचायत के खुर्रा में गुरुवार को बिजासणी क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ। इस बिजासनी क्रिकेट प्रतियोगिता में विजेता नारौली चौड़ी व उपविजेता डीडवाना रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में हरिओम मीना सरपंच किशोरपुरा ने आयोजन समिति को 41 हजार रूपये देकर प्रोत्साहित किया व विजय सिंह मीना पूर्व सरपंच द्वारा 51 सौ रूपये प्रोत्साहन स्वरूप दिये गये। इस क्रिकेट कब के समापन समारोह को संबोधित करते हुए सरपंच हरिओम मीना ने कहा कि राज्य सरकार हर स्तर पर ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने के लिए प्रयासरत है। इस समापन समारोह के दौरान काफी संख्या में आयोजक अतिथि वह खेल से जुड़ी प्रतिभा मौजूद रही।

# 31 मार्च तक राजस्थान में 52 लाख सदस्य बनाये जायेंगे: संजय निरूपम

**दौसा, (निसं)।** कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता व डिजिटल अभियान राजस्थान के प्रभारी संजय निरुपम ने कहा कि डिजिटल सदस्य बनाने में किसी तरह का फर्जीवाडा नहीं हो सकता। फोटो वोटर आईडी व मोबाइल नंबर पर ओटीपी भेजकर सदस्य बनाया जाएगा। भाजपा की तरह मिस्ड कॉल के जरिए झूठी सदस्यता का रिकॉर्ड नहीं बनाना है।

कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं डिजिटल अभियान राजस्थान के प्रभारी संयज निरुपम गुरुवार को स्थानीय डाक बंगले में आयोजित जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सदस्य बनाने के लिए प्रत्येक बूथ पर दो प्रमुख होंगे। जो सदस्य बनाएंगे, एक प्रमुख कम से कम 50 सदस्य बनाएंगे। एक बूथ पर दो प्रमुख 100 सदस्य बनाएंगे। इस तरह पूरे राजस्थान में 31 मार्च तक 52 लाख सदस्य बनाएंगे। जो सदस्य बनाने में मेहनत करेंगे। उनको आगे चुनाव लड़ने के अवसर मिलेंगे। निरुपम ने कहा कि सदस्य बनाने में जो मेहनत करेगा। उनकी टीम बनती रहेगी, उनको कार्यकर्ता जानेंगे।



कांग्रेस के डिजीटल अभियान के तहत आयोजित जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक को डिजिटल अभियान राजस्थान के प्रभारी संजय निरुपम, प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने संबोधित किया।

भविष्य में ऐसा भी हो सकता है राहुल गांधी खुद किसी भी विधानसभा क्षेत्र या लोकसभा क्षेत्र में डिजिटल सदस्यों से सर्वे करा लें। पार्टी केवल डिजिटल फीडबैक के आधार पर टिकट देगी। ऐसा कई राज्यों में कांग्रेस कर चुकी है। इसलिए मेहनत करने वाले कार्यकर्ताओं को आगे चुनाव लडने के अवसर मिलेंगे।

**कालानाग नहीं पीवणा नाग है:** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि आरएसएस को मैंने काला नाग की संज्ञा दी थी, मेरे एक दोस्त ने बताया कि ये काला नाग से भी भंयकर पीवणा नाग है, जो रात में मनुष्य की सांस से सांस मिला कर उसे मार देता है। आरएसएस के लोग कभी चुनाव नहीं लडते हैं, उनकी भागीदारी सरकार में होती है, केन्द्र सरकार के प्रत्येक मंत्रियों के पास आरएसएस विचारधारा के अधिकारी तैनात कर रखे हैं जो फाइलों को सूंघते है, उन अधिकारियो की सहमति मिलने के बाद ही वो फाइल आगे बढ़ती है। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ.सतीश पूनिया ने मुझे काले झण्डे दिखाने का फतवा जारी किया है, मैं कांग्रेस का सच्चा सिपाही हूं, गांधी की विचारधारा पर चलने वाले है। उन्होंने कहा कि भाजपा एक बार 163 विधायकों के साथ सत्ता में आई थी, कांग्रेस के हम 20-21 सदस्य चुनाव जीतकर आये थे, हमने पूरी इमानदारी के साथ विपक्ष की भूमिका का निर्वहन करते हुये सरकार की नाक में नकेल डाल दी।

- डोटासरा ने आरएसएस को बनाया टारगेट, खुद को बताया कांग्रेस का सच्चा सिपाई

बैठक में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष एवं बीसूका उपाध्यक्ष रामजीलाल ओड, बांदीकुई विधायक गजराज खटाना, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव कमल मीणा, जसवंतसिंह गुर्जर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अवधेश शर्मा, लालसोट नगर पालिका अध्यक्ष रक्षा मिश्र, दौसा नगर परिषद सभापति ममता चौधरी, दौसा पंचायत समिति प्रधान प्रहलाद मीणा, नांगल राजावतान प्रधान दिनेश मीणाए पूर्व जिला प्रमुख अजीतसिंह महवा, पूर्व जिला प्रमुख विनोद कुमार शर्मा, सहित अनेक पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किये।


कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा
CAD सर्किल के पास कोटा
फोन नं. 0744-2500539, वेबसाइट : urban.rajasthan.gov.in/kota
एफ 11/नीलामी/2022/41 दिनांक 03.03.2022

ई-ऑक्शन के माध्यम से भूखण्ड खरीदने का अवसर

नगर विकास न्यास द्वारा ई-ऑक्शन के माध्यम से बालाजी मार्केट योजना में व्यावसायिक भूखण्ड संख्या-सीपी-3 को नीलाम किया जा रहा है। इस भूखण्ड के सामनने 30 मीटर चौड़ी एवं भूखण्ड के पीछे 12 मीटर चौड़ी सड़क स्थित है। यह भूखण्ड न्यू कोटा क्षेत्र की मुख्य व्यावसायिक योजना व मेडिकल कॉलेज के समीप स्थित है। यह भूखण्ड भारी विकासशील क्षेत्र के मध्य एवं आवासीय योजनाओं के समीप स्थित है। ई-ऑक्शन का आरम्भ दिनांक 23.03.2022 प्रातः 11.00 बजे से हो रहा है एवं यह दिनांक 25.03.2022 को दोपहर 02:00 बजे समाप्त हो जायेगा (अन्तिम 5 मिनट में स्वतः बोली विस्तार नहीं होने की स्थिति में) अन्य जानकारी urban.rajasthan.gov.in/kota एवं udhonline.rajasthan.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है अथवा दूरभाष 0744-2500539/ (Helpline For Online Support-01412560211) पर सम्पर्क करें।

ई-ऑक्शन के माध्यम से बालाजी मार्केट योजना में व्यावसायिक भूखण्ड संख्या-सीपी-3 का क्षेत्रफल ( 3733.0 वर्गमीटर )

प्रारम्भिक नीलामी दर-23500/-प्रति वर्गमीटर
आरक्षित दर-18000/-प्र.व.मी.
धरोहर राशि-1755000/-




सचिव



भारत जैसे क्रिकेट देश को एक कप्तान की जरूरत है।"सभी तीनों प्रारूप के लिए एक कप्तान के साथ काम करना काफी आसान है।

-दिनेश कार्तिक

विकेटकीपर बल्लेबाज, सभी तीन प्रारूप में एक ही कप्तान का समर्थन करते हुए।




आज का खिलाड़ी

## ओलेक्जेंडर उसिक



**यूक्रेनियन** बॉक्सर ओलेक्जेंडर उसिक और वैसिली लोमचेंको ने भी अपने बॉक्सिंग ग्लव्स टांगकर हथियार उठा लिए हैं। दोनों बचपन के दोस्त हैं। साथ में बड़े हुए। साथ ही वर्ल्ड चैंपियन बनने का सपना देखा, जिसे पूरा भी किया। 35 साल के उसिक और 34 साल के लोमचेंको ने क्षेत्रीय डिफेंस बटालियन जॉइन कर लिया है। लोमचेंको तो तीन बार के ओलिंपिक गोल्ड मेडलिस्ट हैं। उसिक ने कहा कि हमें सिर्फ रूसी सेना से नहीं भिड़ना है बल्कि लूटेरों का भी सामना करना है। बकौल उसिक, अगर वे मेरी जान लेना चाहते हैं, या मेरे करीबी लोगों की हत्या करना चाहते हैं।

क्या आप जानते हैं ?... विश्वकप फुटबॉल में पहला गोल फ्रांस के लुइस लारेंट ने मैक्सिको के विरुद्ध 1920 में किया था।

# विराट के 100वें टेस्ट मैच में जीत के लिए खेलेगा भारत

## भारत-श्रीलंका में पहला टेस्ट मैच आज से

मोहाली, 3 मार्च। पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान विराट कोहली के शुक्रवार को यहां 100वें टेस्ट मैच में भारतीय क्रिकेट टीम जीत के लिए खेलेगी। विराट ने अपने अब तक के शानदार क्रिकेट करियर में कई उपलब्धियां हासिल की हैं और शुक्रवार को मोहाली के पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन (पीसीए) स्टेडियम में वह खुद को एक विशिष्ट स्तर पर पाएंगे, जब वह 100 टेस्ट मैच खेलने वाले भारत के 12वें और दुनिया के 71वें खिलाड़ी बन जाएंगे। उनसे पहले सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, वीवीएस लक्ष्मण, अनिल कुंबले, कपिल देव, सुनील गावस्कर, दिलीप वेंगसरकर, सौरव गांगुली, इंशात शर्मा, हरभजन सिंह और वीरेंद्र सहवाग 100 से ज्यादा टेस्ट मैच खेल चुके हैं।

यकीनन एक ऑल-फॉर्मेट क्रिकेटर के लिए यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और खास कर तब, जब उसका पूरा करियर टी-20 के दौर में चला हो। सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर या यहां तक कि राहुल द्रविड़ जैसे अन्य भारतीय बल्लेबाजों के विपरीत विराट का भारत की टेस्ट टीम में अपनी जगह पक्की करने का मार्ग बेहद शानदार रहा है।

विराट के लिए इस पल को यादगार बनाने के लिए पीसीए ने खास इंतजाम किए। पीसीए ने चंडीगढ़ की कई जगहों पर कोहली को बधाई संदेश देने वाले बड़े-बड़े बोर्ड लगाए हैं। इसके अलावा आइएस बिंद्रा क्रिकेट स्टेडियम में भी कोहली को बधाई संदेश वाले बैनर लगाए गए हैं। यह भी समझा जाता है कि पीसीए द्वारा विराट का होटल से लेकर स्टेडियम तक स्वागत किया जाएगा। वहीं पीसीए की तरफ से विराट को एक सिल्वर शील्ड भी स्मृति चिन्ह के तौर पर भेंट की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि 2008 में वनडे में पदार्पण करने के बाद विराट को पहला टेस्ट मैच खेलने का मौका लगभग तीन साल बाद कैरेबियन में मिला, जब दिग्गज क्रिकेट सचिन तेंदुलकर ने दौरे को छोड़ने का विकल्प चुना। तब तक कोहली ने 50 ओवर के प्रारूप में खुद को टीम के प्रमुख बल्लेबाज के रूप में स्थापित कर लिया था, हालांकि उन्हें रेड बॉल टीम में कोई सफलता नहीं मिल रही थी।

टेस्ट प्रारूप में उनकी शुरुआत उतनी अच्छी नहीं रही और उन्हें उनकी पहली श्रृंखला में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद बाहर कर दिया गया था, लेकिन वह साल के अंत में शानदार प्रदर्शन की बदौलत विदेशी दौरे में टीम का हिस्सा बने, जहां वह 300 रन के आंकड़े को पारी करने एकमात्र मेहमान बल्लेबाज बने। भारतीय टीम की बात करें तो लगभग सभी खिलाड़ी फिट दिख रहे हैं।

## विराट और अश्विन के पास कीर्तिमान बनाने का मौका

मोहाली, 3 मार्च। पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली श्रीलंका के खिलाफ शुक्रवार से होने वाले अपने 100वें टेस्ट मैच में यदि 38 रन बनाते हैं, तो वह टेस्ट क्रिकेट में 8000 रन बनाने वाले 29वें बल्लेबाज़ और 14वें सबसे तेज़ बल्लेबाज़ बन जाएंगे। भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के नाम 430 विकेट हैं और वह इस मैच में रिचर्ड हैडली (431), रंगना हेरात (433), कपिल देव (434)और डेल स्टेन (439) का रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं।

## कभी नहीं सोचा था कि 100 टेस्ट मैच खेलूंगा : कोहली

मोहाली, 3 मार्च। पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली ने गुरुवार को कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वह 100 टेस्ट मैच खेलेंगे। विराट ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के ट्विटर हैंडल पर अपलोड पर एक वीडियो में कहा, यह एक लंबा सफर रहा है। आभारी हूं कि मैं इसे 100 टेस्ट मैच तक लाने में सक्षम हूं। भगवान की कृपा है। मैंने अपनी फिटनेस पर सच में कड़ी मेहनत की है। यह मेरे, परिवार और कोच के लिए एक बड़ा क्षण है। पूर्व कप्तान ने कहा, मैं कभी भी यह सोचकर बड़ा नहीं हुआ कि मुझे कम रन बनाने हैं। मेरर विचार बड़ा स्कोर करने का था। मैंने प्रथम श्रेणी स्तर पर पहुंचने से पहले जूनियर क्रिकेट में 7-8 दोहरे शतक बनाए हैं। मेरा विचार लंबे समय तक बल्लेबाजी करने का है, जब तक मैं कर सकता हूं। मैं लंबे समय तक बल्लेबाजी का आनंद लेता हूं। इन चीजों ने मुझसे बहुत कुछ लिया और मेरे असली चरित्र को उजागर किया और मेरे असली चरित्र का परीक्षण किया। टेस्ट क्रिकेट को अस्तित्व में रहने की जरूरत थी, क्योंकि लोगों को इसका अनुभव करने की जरूरत है।

## टेस्ट क्रिकेट में कोहली बहुत अच्छे है : रोहित

मोहाली, 3 मार्च। भारतीय क्रिकेट कप्तान रोहित शर्मा ने विराट कोहली की तारीफ करते हुए कहा है कि वह खेल के सबसे लंबे प्रारूप में काफी अच्छे रहे हैं। रोहित ने मैच की पूर्व संध्या पर गुरुवार को यहां वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में कहा, यह विराट के लिए बेहद शानदार और लंबी यात्रा रही है। वह विशेष रूप से इस प्रारूप में बहुत अच्छे रहे हैं और उन्होंने बहुत सी चीजें बदली हैं। बेशक उनका सफर उतार-चढ़ाव भरा रहा है। रोहित ने कोहली के साथ अपने खास पलों को याद करते हुए कहा, ऑस्ट्रेलिया में 2018 में हमने जो श्रृंखला जीती थी, वह एक यादगार पल था। इससे और बेहतर की बात करूं तो सबसे अच्छा पल 2013 में दक्षिण अफ्रीका में विराट कोहली का टेस्ट शतक था। यह एक चुनौतीपूर्ण पिच थी और हमें क्रिस मॉरिस और डेल स्टेन जैसे गेंदबाजों का सामना करना था। यह उनकी सबसे अच्छी पारी थी, जो मुझे याद है। अनुभवी बल्लेबाजों अजिंक्य रहाणे और चेतेश्वर पुजारा के टेस्ट भविष्य के बारे में पूछे जाने पर कप्तान रोहित ने कहा, पुजारा और रहाणे के रिक्त स्थानों को भरना बहुत मुश्किल चुनौती है। यहां तक कि मुझे भी नहीं पता कि उनकी जगह कौन आ रहा है। आप उनकी वर्षों की मेहनत और योगदान को शब्दों में बयान में नहीं कर सकते हैं।

# दबाव हम पर नहीं भारत पर होगा : करुणारत्ने

मोहाली, 3 मार्च। श्रीलंका भारत में 20 टेस्ट मैच खेल चुका है। इनमें से 11 में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है और वह एक बार भी नहीं जीता है। श्रीलंका की महान टीमें, जिनमें मुथैया मुरलीधरन, चामिंडा वास, कुमार संगकारा और सनथ जयसूर्या जैसे धुरंधर खिलाड़ी मौजूद थे, भी जीत का स्वाद चखने से वंचित रहे। दिमुथ करुणारत्ने के पास जो टीम है उसमें शायद इतने बड़े नाम नहीं हैं। लेकिन पहले टेस्ट के एक दिन पूर्व श्रीलंकाई कप्तान ने याद दिलाया कि इस टीम के पास इतिहास बदलने का अनुभव है। भारत अब तक दक्षिण अफ्रीका में कोई सीरीज़ नहीं जीता है। 2019 में डर्बन और पोर्ट एलिज़ाबेथ की सूखी तटवर्ती पिचों पर करुणारत्ने की टीम ने यह कर दिखाया था।

करुणारत्ने ने पहले टेस्ट की पूर्वसंध्या पर गुरूवार को कहा कि इस टीम को अपनी शक्तियों का ज्ञान है और पिछले एक साल से इसमें निरंतर सुधार दिख रहा है। उन्होंने कहा, "आम तौर पर भारत में आते हुए हमारी टीम में जितना आत्मविश्वास रहता है, इस बार मुझे उससे कहीं ज़्यादा आत्मविश्वास दिख रहा है। हमने गत वर्ष टेस्ट में अच्छा खेल दिखाया है और हमारी टीम में अनुभवी और युवा खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है।"

उन्होंने कहा, ठीक 2019 की तरह हम इस बार भी कुछ ख़ास करने की क्षमता रखते हैं। तब भी हम पर अपेक्षाओं का कोई दबाव नहीं था और अब भी ऐसा ही है। हम भारत में कभी मैच नहीं जीते हैं और दबाव मेज़बान पर ही रहेगा कि कोई मैच उनके हाथ से ना छूटे। हमें इस दबाव का फ़ायदा उठाना होगा। भारत की टीम बहुत मज़बूत है लेकिन उनके पास भी कुछ युवा खिलाड़ी होंगे। यह एक अलग भारतीय टीम है और मुझे यक़ीन है हम उन्हें कड़ा मुक़ाबला देंगे।"

हालांकि भारत में सफल होने के लिए श्रीलंका को अपनी बल्लेबाज़ी में सुधार लाने की ज़रूरत पड़ेगी। करुणारत्ने की कप्तानी में पहली पारी की बल्लेबाज़ी ने ख़ासा निराश किया है - ऐसे 16 टेस्ट मैचों में टीम ने 250 का आंकड़ा केवल 10 बार पार किया है।

# रामकुमार रामनाथन खेलेंगे पहला एकल, युकी भांबरी दूसरे में उतरेंगे

## डेनमार्क से डेविस कप मुकाबला आज से

नयी दिल्ली, 3 मार्च। भारत के शीर्ष खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन डेनमार्क के खिलाफ डेविस कप विश्व ग्रुप 1 प्लेऑफ मुकाबले में शुक्रवार को पहला एकल मैच खेलने उतरेंगे जबकि युकी भांबरी दूसरे एकल में अपनी चुनौती पेश करेंगे। भारत और डेनमार्क के बीच इस मुकाबले का ड्रा गुरूवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यहां दिल्ली जिमखाना क्लब में निकाला। इस अवसर पर दोनों टीमों के खिलाड़ियों के अलावा अखिल भारतीय टेनिस संघ के अध्यक्ष अनिल जैन और महान टेनिस खिलाड़ी विजय अमृतराज भी मौजूद थे।

ड्रा के अनुसार पहले एकल में रामकुमार का मुकाबला डेनमार्क के क्रिस्टियन सिग्स्गार्ड से होगा जबकि युकी अगले एकल मैच में डेनमार्क के शीर्ष खिलाड़ी माइकल टोरपेगार्ड से भिड़ेंगे। दूसरे दिन शनिवार को युगल मैच में रोहन बोपन्ना के साथ दिविज शरण उतरेंगे जबकि उनके सामने डेनमार्क के कप्तान फ्रेडरिक नीलसन और जोहानस इंगिल्ड्सन की चुनौती रहेगी। शनिवार को ही पहले उलट एकल में रामकुमार का सामना माइकल टोरपेगार्ड से होगा जबकि युकी का सामना क्रिस्टियन सिग्स्गार्ड से होगा।

विश्व रैंकिंग में रामकुमार 170वें स्थान के साथ दोनों टीमों में शीर्ष खिलाड़ी हैं जबकि युकी की रैंकिंग 590 है। युकी को 246वीं रैंकिंग के प्रजनेश गुणेश्वरन के ऊपर प्राथमिकता मिली है। रोहन बोपन्ना की युगल रैंकिंग 32 और दिविज शरण की 142 है। डेनमार्क की टीम में टोरपेगार्ड 305वीं रैंकिंग पर हैं जबकि सिग्स्गार्ड की 824वीं रैंकिंग है। डेनमार्क के कप्तान नीलसन युगल रैंकिंग में 98वें स्थान पर हैं। इंगिल्ड्सन की युगल रैंकिंग 557 है।

## रूसी एथलीटों को शीतकालीन पैरालंपिक खेलों में भाग लेने से रोकना अपमानजनक : क्रेमलिन

मॉस्को, 3 मार्च। रूस के राष्ट्रपति आवास क्रेमलिन ने अंतरराष्ट्रीय पैरालंपिक समिति के रूसी एथलीटों के पैरालंपिक खेलों में भाग लेने पर रोक लगाने के कदम को अपमानजनक बताया है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने गुरुवार को स्पूतनिक से बातचीत में कहा, बेशक स्थिति भयावह है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय पैरालंपिक समिति का यह निर्णय अपमानजनक है। मैं अन्यथा नहीं कह सकता। कल एक फैसला हुआ था, जो आज बदल गया। हम इस फैसले के लिए आईपीसी की कड़ी निंदा करते हैं। उल्लेखनीय है कि आईपीसी ने बुधवार को घोषणा की थी कि रूसी और बेलारूसी एथलीटों को बीजिंग में शीतकालीन पैरालंपिक खेलों में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी। वे तटस्थ भागीदार के रूप में खेलों में भाग ले पाएंगे, लेकिन आज आईपीसी ने कई राष्ट्रीय पैरालंपिक समितियों से खेलों में प्रतिस्पर्धा न करने की चेतावनी मिलने के बाद रूसी और बेलारूसी एथलीटों को खेलों से प्रतिबंधित कर दिया।

## यूडब्ल्यूडब्ल्यू नेरूसी पहलवानों, अधिकारियों पर लगाया प्रतिबंध

कोर्सियर-सुर-वेवे (स्विट्जरलैंड), 3 मार्च। यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) ब्यूरो ने यूक्रेन पर रूस के बढ़ते हमलों के बीच रूसी पहलवानों और अधिकारियों पर अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में भाग लेने पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने गुरुवार को एक बयान में कहा, ब्यूरो ने निर्णय लिया है कि रूस और बेलारूस में यूडब्ल्यूडब्ल्यू से संबद्ध और संबद्ध संघों से संबंधित किसी भी पहलवान या अधिकारी को यूडब्ल्यूडब्ल्यू कैलेंडर में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यह फैसला तत्काल प्रभाव से लागू होगा। यूडब्ल्यूडब्ल्यू ब्यूरो यूक्रेन में स्थिति की निगरानी करना जारी रखेगा। यडब्ल्यूडब्ल्यू ब्यूरो ने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में रूसी और बेलारूसी एथलीटों और अधिकारियों को भाग लेने की अनुमति न देने की सिफारिश के अनुसार इस साल रूस या बेलारूस में नियोजित अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों को रद्द करने का भी ऐलान किया है।

## रणजी ट्रॉफी के पांच हजार मैच पूरे हुए

चेन्नई, 3 मार्च। भारतीय घरेलू क्रिकेट के इतिहास में गुरुवार को एक ऐतिहासिक क्षण आया, जब रेलवे और जम्मू-कश्मीर की टीमें रणजी ट्रॉफी टूर्नामेंट का 5000वां मैच खेलने के लिए मैदान पर उतरीं। दोनों टीमें आज यहां चेन्नई के केमप्लास्ट ग्राउंड में एलीट ग्रुप सी मैच खेल रही हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इस संबंध में एक ट्वीट में लिखा, जश्न मनाने के 5000 कारण। रणजी ट्रॉफी टूर्नामेंट के इतिहास में यह एक ऐतिहासिक क्षण है। उल्लेखनीय है कि कोरोना महामारी के कारण टूर्नामेंट ने दो साल के अंतराल के बाद 17 फरवरी को वापसी की।

## आईपीसी ने रूस, बेलारूस के पैरालंपिक खेलों में भाग लेने पर लगाई रोक

बीजिंग, 3 मार्च। अंतरराष्ट्रीय पैरालंपिक समिति के गवर्निंग बोर्ड ने कई राष्ट्रीय पैरालंपिक समितियों की ओर से 2022 पैरालंपिक शीतकालीन खेलों में रूस और बेलारूस के खिलाफ प्रतिस्पर्धा न करने की चेतानी देने के बाद गुरुवार को रूस और बेलारूस के एथलीटों के पैरालंपिक खेलों में भाग लेने पर रोक दी। आईपीसी ने यह फैसला अपनी उस घोषणा के बाद लिया है, जिसमें उसने कहा था कि रूसी और बेलारूसी एथलीट शीतकालीन पैरालंपिक खेलों में तटस्थ भागीदार के रूप में भाग लेंगे। आईपीसी ने एक बयान में कहा, पिछले 12 घंटों में बड़ी संख्या में हमारे संबद्ध संघों ने हमसे संपर्क किया और हमें बताया कि अगर हम अपने फैसले पर पुनर्विचार नहीं करते हैं तो इसके बीजिंग पैरालंपिक शीतकालीन खेल 2022 के लिए गंभीर परिणाम हो सकते हैं। राष्ट्रीय पैरालंपिक समितियों में से कुछ अपनी सरकार, टीम और एथलीटों से संपर्क में हैं।

## राजस्थान 92 रन पर ढेर

जयपुर, 3 मार्च। दिनेश पठानिया (24 रन पर 3 विकेट) और डीएस पूनिया (31 रन पर 3 विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत सर्विसेज के सामने रणजी ट्रॉफी एलिट ग्रुप ई के मुकाबले में राजस्थान की पहली पारी 92 रन पर ढेर हो गई। तिरूवंतपुरम में खेले जा रहे मुकाबले में टॉस कर बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान के लिएक प्तान अशोक मेनारिया ने सर्वाधिक 31 रन की पारी खेली। दिन का खेल समाप्त होने तक सर्विसेज ने एक वकिट खोकर 101 रन बना लिये है।

## एआईएफएफ की अनुशासनात्मक समिति ने झिंगन को जारी की चेतावनी

कोलकाता, 3 मार्च। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ की अनुशासन समिति ने एटीके मोहन बागान के खिलाड़ी संदेश झिंगन को पिछले महीने केरला ब्लास्टर्स एफसी के खिलाफ इंडियन सुपर लीग के 66वें मैच के बाद की गई टिप्पणियों के लिए कड़ी चेतावनी जारी की है। एआईएफएफ निकाय ने हालांकि सोशल मीडिया पर खिलाड़ी द्वारा मांगी गई माफी को ध्यान में रखा है और सूचित किया है कि दोबारा ऐसी हरकत किए जाने पर उनके खिलाफ पर उचित दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## महिला क्रिकेट विश्व कप आज से

टोरंगा, 3 मार्च। महिला क्रिकेट विश्व कप 2022 का आगाज 04 मार्च से होने जा रहा है जहां पहले मैच में न्यूज़ीलैंड और वेस्टइंडीज की टीमें आमने सामने होंगी। यह प्रतियोगिता पहले 2021 में होने वाली थी मगर कोरोना महामारी के कारण एक साल के लिए स्थगित कर दी गयी थी।आईसीसी ने 15 दिसंबर 2020 को घोषणा की कि महिला क्रिकेट विश्व कप 04 मार्च से 03 अप्रैल के बीच खेला जायेगा। विश्वकप का फाइनल क्राइसचर्च में होगा लेकिन इससे पहले आठ टीमों को 30 मुकाबलों को सामना करना होगा।

# दीप्ति, राजेश्वरी की केन्द्रीय अनुबंध में ग्रेड-ए में पदोन्नति

मुंबई, 3 मार्च। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने युवा ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा और अनुभवी भारतीय स्पिनर राजेश्वरी गायकवाड़ को 2021-22 सीजन के केंद्रीय अनुबंध में ग्रेड ए में रखने का फैसला किया है।

24 वर्षीय ऑलराउंडर दीप्ति ने पिछले कुछ समय में अच्छा फॉर्म दिखाया है, जिसके लिए उन्हें पदोन्नित मिली है। इसी तरह कर्नाटक की राजेश्वरी को भी उनके शानदार प्रदर्शन के मद्देनजर अनुबंध सूची में शीर्ष ग्रेड में शामिल किया गया है, जिसमें हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना और पूनम यादव भी मौजूद हैं। इन सभी खिलाड़ियों को बीसीसीआई की ओर से सालाना 50 लाख रुपए मिलेंगे, जबकि ग्रेड बी और ग्रेड सी खिलाड़ियों को सालाना क्रमशः 30 लाख और 10 लाख रुपए दिए जाएंगे।

बीसीसीआई ने बुधवार को शीर्ष परिषद की बैठक में वार्षिक अनुबंध के लिए 17 खिलाड़ियों को चुना, जिसमें स्नेह राणा ने ग्रेड सी में जगह बनाई, जबकि पूजा वस्त्राकर, जो पिछले साल ग्रेड सी में थीं, को बी श्रेणी में पदोन्नित मिली। वस्त्राकर एक ऑलराउंडर के रूप में भारत के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं।

अनुभवी मिताली राज, झूलन गोस्वामी ने ग्रेड बी में अपना स्थान बरकरार रखा है, लेकिन जेमिमा रोड्रिग्स और शिखा पांडे, जिन्हें विश्व कप टीम के लिए नहीं चुना गया था, को बी से ग्रेड सी में डिमोट (पदावनति) कर दिया गया है। स्नेह राणा ग्रेड सी में नया चेहरा हैं, जिन्होंने पांच साल के बाद पिछले जून में टीम में वापसी करने के बाद से लगातार प्रदर्शन के आधार पर ग्रेड सी में जगह बनाई है। वहीं मानसी जोशी और राधा यादव, जो पिछले साल की 19 खिलाड़ियों वाली अनुबंध सूची का हिस्सा थीं, को इस बार अनुबंध नहीं मिला है।

उल्लेखनीय है कि चार मार्च से न्यूजीलैंड में शुरू होने वाले 50 ओवर के विश्व कप के साथ महिला क्रिकेट के लिए यह एक महत्वपूर्ण वर्ष है। बीसीसीआई महिला आईपीएल शुरू करने पर भी विचार कर रहा है, जिस पर हाल ही में आईपीएल की गवर्निंग काउंसिल की बैठक में चर्चा हुई थी। समझा जाता है कि अगर सब कुछ योजना के अनुसार हुआ तो बीसीसीआई की योजना अगले साल महिला आईपीएल शुरू करने की है।

**महिला केंद्रीय अनुबंध :-**

ग्रेड ए (50 लाख रुपए) : हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना, पूनम यादव, दीप्ति शर्मा, राजेश्वरी गायकवाड़।

ग्रेड बी (30 लाख रुपए) : मिताली राज, झूलन गोस्वामी, तान्या भाटिया, शैफाली वर्मा, पूजा वस्त्राकर।

ग्रेड सी (10 लाख रुपए) : पूनम राउत, शिखा पांडे, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष, हरलीन देओल, अरुंधति रेड्डी, स्नेह राणा

# लिटन के अर्द्धशतक से बांग्लादेश ने बनाया 155 का चुनौतीपूर्ण स्कोर

ढाका, 3 मार्च। इनफॉर्म विकेटकीपर बल्लेबाज लिटन दास (60) के अर्धशतक की बदौलत बंगलादेश ने गुरुवार को यहां ढाका के शेर-ए-बंगला स्टेडियम में अफगानिस्तान के खिलाफ पहले टी-20 क्रिकेट मैच में 155 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बना लिया।

मेजबान बंगलादेश ने टॉस जीत कर बल्लेबाजी की। टीम को हालांकि अच्छी शुरुआत नहीं मिली और महज 47 रन के अंदर उसने अपने तीन बल्लेबाजों को खो दिया। मोहम्मद नईम 10, मुनीम शहरियार 25 और शाकिब अल हसन 47 के स्कोर पर आउट हुए। इसके बाद दो महत्वपूर्ण साझेदारियों ने बंगलादेश को 20 ओवर में आठ विकेट पर 155 के चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। लिटन ने पहले कप्तान महमूदुल्लाह के साथ चौथे विकेट के लिए 33 और फिर पांचवें विकेट के लिए आफिफ हुसैन के साथ 46 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। वह हालांकि 126 के स्कोर पर आउट हो गए। उन्होंने चार चौकों और दो छक्कों की मदद से 44 गेंदों पर 60 रन की तूफानी पारी खेली। उनके अलावा आफिफ हुसैन ने दो चौकों के सहारे 24 गेंदों पर 25 रन बनाए। महमूदुल्लाह ने भी एक छक्के की मदद से सात गेंदों पर 10 रन का योगदान दिया। अफगानिस्तान के लिए फजलहक फारूकी और अजमतुल्लाह ओमरजई ने दो-दो, जबकि राशिद खान और कैस अहमद ने एक-एक विकेट लिया।


## कार्यालय नगर पालिका मण्डल, जहाजपुर जिला-भीलवाड़ा

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

E-Mail: mbjahazpur@gmail.com
Contact: 01485-230101
क्रमांक- नपाज/2021-22/3698
दिनांक-03.03.2022

### उजरदारी सूचना

एतद् द्वारा सार्वजनिक उजरदारी सूचना जारी की जाती है कि नगर पालिका जहाजपुर में नीचे अंकित आवेदक अपनी क्रय शुदा सम्पत्ति जो कि नगर पालिका क्षेत्र जहाजपुर में स्थित है का नामान्तरण/निर्माण स्वीकृती खांचा भूमि क्रय हेतु स्वयं के नाम से जारी किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है जिसका विवरण निम्न प्रकार है।

| क्र.सं. | आवेदक का नाम व पता | स्थान | पडौस | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री नन्दलाल मीना पिता हीरा लाल मीणा निवासी संतोष नगर, जहाजपुर (भील.) | संतोष नगर, जहाजपुर स्थित खांचा भूमि जिसका नाप 10 X 80 = 800 वर्गफीट | भूखण्ड के पडौस निम्न प्रकार है- उत्तर-आम रास्ता दक्षिण- भंवर सोनी का मकान पूर्व-आलोक पंचोली का प्लॉट पश्चिम-आम रास्ता | खांचा भूमि क्रय हेतु |
| 2 | श्री नन्दलाल मीना पिता हीरा लाल मीणा निवासी संतोष नगर, जहाजपुर (भील.) | देवली रोड, जहाजपुर स्थित भूखण्ड सं.11 जिसका नाप 30 X 35 = 1050 वर्गफीट | भूखण्ड के पडौस निम्न प्रकार है- उत्तर-आम रास्ता दक्षिण- देवली रोड पूर्व-मुलचन्द बलाई का मकान पश्चिम-घीसालाल जी का प्लाट नं.12 | आवासीय भूखण्ड नामान्तरण |
| 3 | श्री भंवर लाल लढा पिता रामप्रसाद लढा निवासी वार्ड नं. 14, जहाजपुर (भील.) | वार्ड नं. 13 बिन्दी गेट दरवाजे के बाहर, जहाजपुर स्थित भूखण्ड जिसका नाप 150 वर्गगज | भूखण्ड के पडौस निम्न प्रकार है- उत्तर-केशव सर्राफ का मकान दक्षिण- रामजस मुन्दडा का मकान पूर्व-अजीम खां व चांद मो. का मकान पश्चिम-आम रास्ता | आवासीय मकान निर्माण स्वीकृति |
| 4 | श्री इजाज अहमद पिता कंवर अली निवासी कल्याणपुरा वार्ड नं. 01 जहाजपुर (भील.) | वार्ड नं. 02, मिस्त्री मार्केट जहाजपुर स्थित व्यावसायिक भूखण्ड जिसका नाप 15 X 20 = 600 वर्गफीट | भूखण्ड के पडौस निम्न प्रकार है- उत्तर-आम रास्ता दक्षिण- दान मल जैन पूर्व-कंवर अली पश्चिम-प्रशान्त सिंह | व्यावसायिक दुकान निर्माण स्वीकृति |
| 5 | श्रीमती हेमलता अग्रवाल पत्नि अशोक कुमार अग्रवाल निवासी जहाजपुर (भील.) | वार्ड नं.02 शाहपुरा रोड, जहाजपुर स्थित खसरा नं. 4601, 4602, 4603, 4605 में भूखण्ड सं. 03 जिसका नाप 25 X 40 = 1000 वर्गफिट | भूखण्ड के पडौस निम्न प्रकार है- उत्तर-अन्य भूमि दक्षिण- भूखण्ड सं. 04 पूर्व-भूखण्ड सं. 05 पश्चिम-आम रास्ता | आवासीय मकान निर्माण स्वीकृति |
| 6 | श्री कैलाश चन्द्र टांक पिता उदयलाल टांक, ललिता टोंक पत्नि कैलाश टांक व रजत टांक पिता कैलाश चन्द्र टांक निवासी वार्ड नं. 15 जहाजपुर (भील.) | वार्ड नं. 16 नो चौक, जहाजपुर स्थित भूखण्ड सं. 12 जिसका नाप 30 X 40 = 1200 वर्गफीट | भूखण्ड के पडौस निम्न प्रकार है- उत्तर-आम रास्ता दक्षिण- कृष्ण कुमार भटनागर पूर्व-विमल गोधा पश्चिम-रफिक सलीम कदीर शरीफ पिता नुर मोहम्मद निवासी बुन्दी | आवासीय व व्यावसायिक निर्माण स्वीकृति |
| 7 | श्रीमती हेमलता अग्रवाल पत्नि अशोक कुमार अग्रवाल निवासी जहाजपुर (भील.) | वार्ड नं.02 शाहपुरा रोड, जहाजपुर स्थित खसरा नं. 4601, 4602, 4603, 4605 में भूखण्ड सं. 03 जिसका नाप 25 X 40 = 1000 वर्गफिट | भूखण्ड के पडौस निम्न प्रकार है- उत्तर-अन्य भूमि दक्षिण- भूखण्ड सं. 04 पूर्व-भूखण्ड सं. 05 पश्चिम-आम रास्ता | आवासीय भूखण्ड नामान्तरण |
| 8 | श्री मुकेश चौधरी पिता जगदीश चन्द्र चोधरी निवासी संतोषनगर जहाजपुर (भील.) | वार्ड नं. 4 शिवजी नगर पार्ट-ए, जहाजपुर स्थित भूखण्ड संख्या 82 जिसका जिसका नाप 20 X 50 = 1000 वर्गफिट | भूखण्ड के पडौस निम्न प्रकार है- उत्तर-भूखण्ड संख्या 81 दक्षिण- भूखण्ड सं. 83 पूर्व-भूखण्ड सं. 74 पश्चिम-आम रास्ता | आवासीय मकान नामान्तरण |
| 9 | श्री संजय बम्ब पिता ताराचन्द बम्ब निवासी जहाजपुर (भील.) | शाहपुरा रोड, जहाजपुर स्थित आराजी संख्या 4796/2, 7452/4796/1, रकबा 1 बिघा 10 बिस्वा में से आवासीय रूपान्तरित भूखण्ड सं. 09 जिसका नाप 21 X 50 = 1050 वर्गफिट | भूखण्ड के पडौस निम्न प्रकार है- उत्तर-20 फिट रास्ता दक्षिण- मैन रोड पूर्व-भूखण्ड सं. 08 पश्चिम-भूखण्ड संख्या 10 | आवासीय मकान निर्माण स्वीकृति |

उक्त नामान्तरण/निर्माण स्वीकृति खांचा भूमि क्रय हेतु आवेदक के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति/वारिसान को कोई आपत्ति हो तो उक्त विज्ञप्ति के प्रकाशन दिनांक के 7 दिवस के भीतर-भीतर मय दस्तावेजों के लिखित रूप में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद गुजरने मियाद उक्त सम्बन्ध में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी व आवेदक के पक्ष में नामान्तरण/निर्माण स्वीकृति/खांचा भूमि क्रय जारी की जाने की कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।
सूचित रहे।

(सुरेन्द्र कुमार मीना)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका जहाजपुर

# सिंधिया और रोमानिया के मेयर के बीच हुई तीखी नोंकझोंक

## रोमानिया के मेयर ने कहा, ''इन बच्चों को खाना-पीना सब हम दे रहे हैं, इधर-उधर की बात मत करो..सीधा ये बताओ की इन्हें लेकर कब जाओगे''

- **दरअसल उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया रोमानिया के एक शहर में ठहराए गए भारतीय बच्चों से मिलने पहुंचे थे। जब वे सरकार के प्रयासों को लेकर छात्रों से बात कर रहे थे तभी सिटी के मेयर ने तल्ख़ लहजे में उन्हें टोक दिया, जिसका वीडियो वायरल हो रहा है।**
- **वीडियो में दिख रहा है कि, रोमानिया के मेयर की बातों पर सिंधिया थोड़ा असहज होते हैं और एक तरह से चिढ़कर कहते हैं कि, ''मैं क्या बोलूंगा यह मैं तय करूंगा''?**

बुखारेस्ट, 3 मार्च। यूक्रेन में फंसे भारतीयों को लाने के लिए रोमानिया पहुंचे केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और रोमानिया के मेयर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। इस वीडियो में सिंधिया और रोमानिया के मेयर के बीच भारतीय छात्रों को लेकर कुछ बात बातचीत होती दिख रही है। बातचीत के दौरान रोमानिया के मेयर और सिंधिया के बीच थोड़ी गर्मागर्मी दिख रही हैं। हालांकि सिंधिया बातचीत के दौरान रोमानिया प्रशासन की ओर से भारतीय छात्रों को लेकर की गई मदद के लिए शुक्रिया कहते दिख रहे हैं।

बताया जा रहा है कि, सिंधिया रोमानिया के एक शहर में ठहराए गए भारतीय बच्चों से मिलने पहुंचे थे। जब वे सरकार के प्रयासों को लेकर छात्रों से बात कर रहे थे तभी सिटी के मेयर तल्ख़ लहजे में उन्हें टोक दिया, जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। रोमानिया के मेयर कहते हैं कि आप सिर्फ अपनी बात कीजिए। वीडियो में दिखता है कि इस पर सिंधिया थोड़ा असहज होते हैं और एक तरह से चिढ़कर कहते हैं कि मैं क्या बोलूंगा यह मैं तय करूंगा? मेयर फिर से उन्हें करारा जवाब देते हुए कहते हैं कि आप अपनी बात कीजिए, हम इन बच्चों के रहने और खाने का प्रबंध कर रहे हैं, आप नहीं। आप इन्हें ये बताईये कि घर कब ले जा रहे हैं। वीडियो में दिखता है कि मेयर की बात पर वहां बैठे छात्र ताली बजाकर उनका समर्थन करते हैं। वीडियो को लेकर सोशल मीडिया पर ज्योतिरादित्य सिंधिया जमकर ट्रोल हो रहे हैं। हालांकि इस बात की पुर्णतः पुष्टि नहीं हो पाई है कि यह वीडियो शत प्रतिशत सही है अथवा नहीं।

रोमानिया के मेयर और ज्योतिरादित्य सिंधिया के बीच तू तू-मैं मैं के इस वीडियो को लेकर कांग्रेस ने कई नेताओं ने ट्वीट कर मोदी सरकार को घेरना शुरू कर दिया है। कांग्रेस नेता सलमान निजामी ने वीडियो ट्वीट करते हुए लिखा कि जुमला भारत में काम करता है लेकिन विदेश की धरती पर नहीं। देखिए राहत शिविर में रोमानिया मेयर ने कैसे ज्योतिरादित्य सिंधिया को पाठ पढ़ाया, कहा कि आप कब यहां से जाओगे। राहत शिविर में जगह और खाना में हम दे रहे हैं, आप नहीं।

## न्यूज़ीलैण्ड में वैक्सिनेशन

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 3 मार्च। न्यूजीलैण्ड में संसद के सामने सैन्टर ऑफ वैलिंगटन पर हजारों प्रदर्शनकारियों ने पिछले तीन हफ्तों से भी अधिक समय से कब्जा जमा रखा है। ये लोग देश की वैक्सीन अनिवार्यताओं के विरूद्ध एक लड़ाई में जानी-मानी हस्तियों को कठोर धमकियां दे रहे हैं।

न्यूयॉर्क टाइम्स कहता है कि पुलिस ने इस सप्ताह इन लोगों के विरूद्ध आक्रामक कार्रवाई शुरू की। उनके टैन्ट, टॉयलैट, एक रसोई व कैम्प के अन्य सामान नष्ट कर दिया गए, तथा उनसे वहां से चले जाने का अनुरोध किया गया। अन्ततः अधिकांश लोग चले गए किन्तु बिना लड़े नहीं।

इसमें कुछेक बार तो खूनी संघर्ष भी हुए। विरोध प्रदर्शन करने वालों ने आग बुझाने के यंत्र, रंग से भरी फेंकने योग्य वस्तुएं, घर की बनी प्लाईवुड शील्ड्स और कांटेदार पंजे अपने हाथों में उठा लिए। कुछ प्रदर्शनकारियों ने अधिकारियों पर पत्थर बरसाए। अन्य लोगों ने गैस से चल रही आग में पत्थर फेंके, जिनमें वह घटना भी शामिल है, जब ऐसा करने से खेल के मैदान में विस्फोट हो गया।

- **वैक्सिनाइज़ेशन के विरोध में आयोजित प्रदर्शन हिंसक भी हुआ।**

करीब 60 लोग गिरफ्तार किए गए और तीन अधिकारियों को अस्पताल ले जाया गया।

लगता है कि वैश्विक महामारी को लेकर देश के अति प्रतिबंधित रूप ने न्यूजीलैण्ड के लोगों के एक छोटे समूह को अलग-अलग कर दिया है और वैक्सीन अनिवार्यताओं का पालन करने से इंकार किए जाने के कारण इनमें में कईयों के पास रोजगार नहीं है।

# रूस ने कहा, नाटो और यूक्रेन ने ही हमें युद्ध के लिए उकसाया

## रूस ने यह भी कहा कि, हमारी यूक्रेन के साथ कुछ शर्तें हैं, ये शर्तें हर हाल में पूरी होनी चाहिये

- **रूस ने कहा है कि, हम चाहें नाटो हो या यूक्रेन और अन्य पश्चिमी देश, हर पक्ष के साथ यूक्रेन के मसले पर बातचीत करने को तैयार हैं।**

मॉस्को, 3 मार्च (वार्ता/स्पूतनिक)। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने गुरुवार को यूक्रेन में संघर्ष के मुद्दे पर समाधान की उम्मीद जताई और कहा कि दोनों पक्षों के बीच सुलह को लेकर जल्द ही बातचीत हो सकती है।लावरोव ने संवाददाताओं से कहा , बेशक, हम कोई उपाय ढूंढ़ लेंगे, इसमें कोई संदेह नहीं है। हमारी कुछ मामूली शर्तें हैं, जिनसे सभी वाकिफ हैं। इन पर यूक्रेनी पक्ष के साथ बात की जाएगी, जो इस वक्त गोमेल में है। इसलिए आज ही बातचीत होगी। उन्होंने कहा कि यूक्रेन संकट पर पश्चिमी देशों में जो गलतफहमियां हैं, वे भी समय के साथ दूर हो जाएंगी।

उन्होंने कहा कि रूस डी-एस्केलेशन की खातिर एस्केलेशन के सिद्धांत पर अपनी नीति नहीं बनाता है, जबकि नाटो देश और यूक्रेन ही परमाणु युद्ध की संभावनाओं के बारे में बातें कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हम डी-एस्केलेशन की खातिर एस्केलेशन को बढ़ावा नहीं देते हैं, जैसा कि पश्चिमी देशों का हम पर आरोप है। परमाणु युद्ध को लेकर भी बातें कही जा रही हैं। मैं आप लोगों से कहूंगा कि दिए गए बयानों पर बारीकी से गौर फरमाएं और उन पर भी जो इन्हें कह रहे हैं।

लावरोव ने कहा कि रूस अब भी पश्चिमी देशों और नाटो के साथ बात करने के लिए तैयार है और यह किसी न किसी वक्त जरूर होगा। उन्होंने कहा कि उन्हें लगता है कि यूक्रेन के मसले पर जो कुछ भी किया जा रहा है, वह सही है। रूस ने यूक्रेन के खिलाफ सैन्य कार्रवाई के बाद दुनियाभर के देशों के साथ संयुक्त राष्ट्र आम सभा की ओर से दी गयी प्रतिक्रियाओं को हास्यास्पद बताया है।

रूस के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया ज़खारोव ने गुरूवार को यू-ट्यूब पर लाइव शो सोलोवयोव पर कहा कि ब्रिटेन,अमेरिका, और संयुक्त राष्ट्र ने जो प्रतिबंध लगाये हैं वह निरर्थक हैं। यह सभी हास्यादस्पद हैं, निरर्थक हैं और बेतुके हैं। ये सभी देश इस तरह के बेतुके प्रतिबंध और लगायेंगे।

## वाहन बीमा प्रमाण-पत्र में मोबाइल नंबर जरूरी

नई दिल्ली, 3 मार्च (वार्ता)। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने मोटर वाहन दुर्घटना संबंधी मामलों के त्वरित निपटान के लिए बीमा प्रमाण-पत्र में मोबाइल नंबर को अनिवार्य कर दिया है। मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि सरकार ने मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण-एमएसीटी द्वारा दावों के त्वरित निपटान के लिए विभिन्न हितधारकों से निर्धारित समय सीमा के साथ-साथ सड़क दुर्घटनाओं की विस्तृत जांच, विस्तृत दुर्घटना रिपोर्ट -डीएआर और इसकी रिपोर्टिंग की प्रक्रिया को अनिवार्य बनाने के लिए 25 फरवरी को अधिसूचना जारी की है। सरकार का यह भी कहना है कि, ऐसे मामलों का समय पर निपटान किया जा सके और इस संबंध में पीड़ित पक्ष से बराबर संपर्क बना रहे इसके लिए बीमा प्रमाण-पत्र में मान्य मोबाइल नंबर को शामिल करना अनिवार्य किया गया है।

# होली पर मुंबई-जोधपुर के बीच चलेंगी दो नई ट्रेन

- **रेलवे ने होली के त्यौहार पर यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए मुंबई-जोधपुर के बीच दो विशेष रेलगाड़ियां चालने का फैसला किया है।**

जोधपुर, 3 मार्च (कासं)। रेलवे की तरफ से होली के त्योहार पर रेलगाड़ियों में पैसेंजर की भीड़ को देखते हुए मुंबई से जयपुर और जोधपुर के लिए दो विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय किया है। ये ट्रेन मुंबई से होते हुए गुजरात विभिन्न शहरों से होकर राजस्थान आएगी। इन ट्रेनों का संचालन 16 से 18 मार्च के बीच होगा।

उत्तर पश्चिम रेलवे ने जारी शेड्यूल के मुताबिक गाडी संख्या 09039 मुम्बई सैंट्रल से 16 मार्च को रात 11:55 बजे जयपुर के लिए चलेगी। जो अगले दिन देर शाम 7.25 बजे जयपुर पहुंचेगी। वापसी में यह गाड़ी जयपुर से 17 मार्च को रात 9.15 बजे मुंबई के बोरीवली के लिए चलेगी। जो अगले दिन दोपहर 3.10 बजे पहुंचेगी। ये ट्रेन फुलेरा, किशनगढ़, अजमेर, ब्यावर, मारवाड़ जंक्शन, फालना, आबूरोड, पालनपुर, मेहसाना, अहमदाबाद, वड़ोदरा, भरूच, सूरत, वापी होते हुए सुबह 11 बजे जयपुर पहुंचेगी। यह ट्रेन अगले दिन सुबह 4 बजे जोधपुर के भगत की कोठी पहुंचेगी। वहीं, वापसी में ये ट्रेन 17 मार्च को भगत की कोठी से सुबह 11.40 बजे मुंबई के लिए चलेगी और 18 मार्च को सुबह सुबह 4.15 बजे बोरीवली पहुंचेगी। ये ट्रेन लूनी, समदड़ी, मोकलसार, जालोर, मोदरान, मारवाड़ भीनमाल, रानीवाड़ा, भीलड़ी, पाटन, मेहसाना, अहमदाबाद, आनन्द, वडोदरा, सूरत, वापी होकर स्टेशनों पर रूकेगी।

## फिटनेस ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पर बाईं तरफ लगाया जायेगा। यह अनिवार्यता सभी चौपहिया वाहनों, ऑटो-रिक्शों, ई-रिक्शों, ई-कार्ट तथा क्वाड्रीसाइकिल के लिये भी लागू होगी। अगर वाहन में विंड-स्क्रीन नहीं है तो यह उस वाहन के सहज रूप से नजर आने वाले हिस्से पर लगाया जायेगा। जहाँ तक मोटर-साइकिल या अन्य दुपहिया वाहनों का प्रश्न है, इसे वाहन के साफ दिखाई देने वाले हिस्से पर लगाया जायेगा। ये प्रस्ताव सैन्ट्रल मोटर विहिकल्स रूल्स के तहत ड्राफ्ट नोटिफिकेशन में जोड़ दिये गये हैं। 28 फरवरी को प्रकाशित हो चुकी इस गजट अधिसूचना में 30 दिन के अंदर आपत्तियाँ एवं सुझाव आमंत्रित किये हैं।

# सात दिनों में यूक्रेन के 10 लाख शरणार्थी दूसरे देशों की शरण में

- **संयुक्त राष्ट्र ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि, ये वही 10 लाख लोग हैं जो बंदूकें तान कर रुस के खिलाफ लड़ रहे थे, उनकी बंदूकें अब शांत होने का समय आ गया है।**

संयुक्त राष्ट्र, 3 मार्च (वार्ता)। संयुक्त राष्ट्र ने गुरुवार को कहा कि रूसी आक्रमण के बीच केवल एक सप्ताह में दस लाख लोग यूक्रेन छोड़कर पड़ोसी देशों में चले गये हैं।

शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र के उच्चायुक्त फिलिपो ग्रांडी ने कहा, हमने केवल सात दिन में यूक्रेन से पड़ोसी देशों में दस लाख शरणार्थियों का पलायन देखा है। यूक्रेन में रह रहे कई लाखों लोगों के लिए बंदूकों के शांत होने का समय आ गया है, ताकि उन्हें जीवन रक्षक मानवीय सहायता प्रदान की जा सके।

द कीव इंडिपेंडेंट के अनुसार, इस बीच, कैनेडा ने रूसी ऊर्जा क्षेत्र के 10 लोगों पर प्रतिबंध लगा दिया है, जिसमें दो ऊर्जा कंपनियों, रोसनेफ्ट और गजप्रोम से संबंधित लोग शामिल हैं।

यूक्रेन में रूसी आक्रमण के आठवें दिन गुरुवार सुबह कीव में चार विस्फोट हुए। अखबार के मुताबिक, मध्य कीव में दो जोरदार धमाकों की आवाज सुनी गई।

## 'मणिपुर सरकार ने उग्रवादी संगठनों को बांटे 17 करोड़ रू.'

नई दिल्ली, 3 मार्च (वार्ता)। कांग्रेस के मणिपुर के प्रभारी महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया है कि राज्य में सत्तारूढ दल ने चुनाव आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन कर कुछ उग्रवादी संगठनों को करीब 17 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। रमेश ने गुरुवार को ट्वीट कर यह जानकारी देते हुए बताया कि यह बेहद चौंकाने वाली बात है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय तथा मणिपुर की भाजपा नीत सरकार ने आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए उग्रवादी संगठनों को शांति बनाए रखने के नाम पर विधानसभा के चुनाव कार्यक्रमों की तारीखों की घोषणा होने के बाद यह रिश्वत दी जो आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। उन्होंने कहा चुनाव आयोग की आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के एक चौंकाने वाले खुलासे में मणिपुर सरकार ने एक फरवरी को यह राशि बांटी गई है।

## पायलट...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

नवगठित ''किसान एग्रो इंड्रस्ट्रीज डवलपमैन्ट बोर्ड में उपाध्यक्ष बनाकर पार्टी हाईकमान व सचिन पायलट ने जो दायित्व सौंपा है, उसका निर्वहन मैं निष्ठापूर्वक करुंगी।''

''मुझे उपाध्यक्ष के रूप पार्टी हाईकमान एवं सचिन पायलट ने मुझे जनसेवा करने का जो राजस्थान सरकार में दायित्व सौंपा है उसका मैं ईमानदारी निष्ठापूर्वक निर्वहन करूंगी, हमारी सोच है कि बाज़ार पर किसान का अपना नियंत्रण स्थापित हो।''

राजनीतिक नियुक्तियों के बाद सदस्य बनाए जाने से नाराज पायलट कैंप के नेता एवं पूर्व प्रदेश सचिव राजेश चौधरी और सुशील आसोपा अपने इस्तीफे दे चुके है, तो घनश्याम मेहर पद स्वीकारने से मना कर चुके हैं। इन नेताओं के पायलट का आभार जताने से स्पष्ट हो गया कि इन्हें जिन कमेटियों, बोर्ड या निगमों में सदस्य बनाया गया है वह उस सदस्यता को अपने अनुरूप मानकर स्वीकार कर चुके हैं।

## 2 जी स्कैम...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जानी चाहिए। बैंच की ओर से जस्टिस डॉ. धनंजय वाय. चन्द्रचूड़ ने 71 पृष्ठों में लिखे एक फैसले में कम्पनी को घपले में शामिल व उसकी लाभार्थी मानते हुए उसे कानूनी सहायता देने से इंकार कर दिया। फैसले में कहा गया कि केन्द्र सरकार की ओर से दायर एक याचिका पर शीर्ष अदालत पहले ही इस तरह का निर्णय कर चुकी है।

वर्ष 2012 के निर्णय का स्मरण करते हुए बैंच ने टिप्पणी की कि कम्पनी की डिपार्टमैंट ऑफ टेलीकॉम (डी.ओ.टी.) के अधिकारियों के साथ ''फर्स्ट कम, फर्स्ट सर्व'' नीति के आपराधिक घोटाले में मिलीभगत थी। इस नीति का उद्देश्य जनता के धन की कीमत पर निजी बोलीदाताओं के एक ग्रुप का फेवर करना था। कम्पनी ने तर्क प्रस्तुत किया था कि वर्ष 2012 के निर्णय में उसे किसी गलत आचरण का दोषी नहीं माना गया था। इस पर बैंच ने कहा कि यह साफ तौर पर गलत है। उसने कहा कि 2 जी स्पैक्ट्रम के आवंटन की प्रक्रिया को मनमाना व संवैधानिक रूप से कमजोर पाया गया था क्योंकि एक खुली एवं पारदर्शी नीलामी प्रक्रिया को अपीलार्थी सहित कुछ चुनिंदा बोलीदाताओं को गैरकानूनी लाभ देने के लिए एक अन्य प्रक्रिया में बदला गया।

कोर्ट ने कहा कि स्पेशल सी.बी.आई. जज द्वारा दोषमुक्त किए जाने पर विश्वास करते हुए इन निष्कर्षों को अनावश्यक बताए जाने की कोशिश की गई। चूंकि पर कहीं बताया गया था कि कम्पनी एस्सार ग्रुप द्वारा नियंत्रित है, इसलिए प्रश्न यह रह गया कि क्या कम्पनी ने डी.ओ.टी. से धोखाधड़ी की है अथवा नहीं। कोर्ट ने कहा कि अभियोजन द्वारा केस को सिद्ध नहीं किए जा सकने के कारण कम्पनी के प्रमोटर्स को इन आपराधिक आरोपों से दोषमुक्त किए जाने से फैसले के निष्कर्ष समाप्त नहीं होते।

## सुप्रीम कोर्ट...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

भवनों एवं दफ्तरों में घुस जाते हैं, लोगों पर हमला बोलते हैं तथा कागज-पत्रों को फाड़ देते हैं। सरकार ने इस क्षेत्र में नोटिस लगा रखे हैं जिनमें लोगों से अनुरोध किया गया है कि वे बंदरों को खाने-पीने की चीजें नहीं दें।

## 'मैं पुतिन को ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सकता हूँ?'' किन्तु इसके साथ ही, वे अपरान्ह काल में इसकी सुनवाई के लिये सहमत हो गये। सी.जे.आई. ने कहा, ''मैंने सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो देखे हैं, जिनमें कहा गया है कि सी.जे.आई. क्या कर रहे हैं। हमें उनसे सहानुभूति तो है, लेकिन अदालत कर क्या सकती हैं।'' पी.आई.एल. के पक्ष में प्रस्तुत वकील ने जब यह कहा, ''लोग रोमानिया की सीमा पर जमे जा रहे हैं। उनका ध्यान रखा जाना चाहिये'', तो सी.जे.आई. बोले, ''कौन ध्यान रखे? सरकार पहले ही सक्रिय है। हम ए.जी. से कहेंगे कि वे वस्तुस्थिति की जानकारी लें।'' बाद में, उन्होंने अटॉर्नी जनरल के के.वेणुगोपाल से मदद माँगते हुये कहा कि वे रोमानिया सीमा के पास फँसे हुये मैडिकल छात्रों को निकालने के मामले में अपने पद का उपयोग करे। वकील ने बैंच, जिसमें न्यायमूर्ति ए.एस. बोपन्ना तथा हिमा कोहली भी शामिल हैं, को बताया, ''हवाई जहाज पोलैंड तथा हंगरी से संचालित हो रहे हैं, रोमानिया से नही। विद्यार्थी, जिनमें बहुत सी लड़कियाँ भी शामिल हैं, सुविधा विहीन स्थिति में वहाँ फंसे हुये हैं।

# पेंशन का टेंशन बताया राज्य बजट...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

फण्ड के भुगतान की जिम्मेदारी राज्य सरकारों पर रही।

लेकिन अशोक गहलोत की सरकार ने न्यू पेंशन स्कीम (एन.पी.एस.) को छोड़कर पुरानी डी.पी.बी.एस. स्कीम को पुनः अपनाने का विवेकहीन राजकोषीय और गैर जिम्मेदाराना वित्तीय भार झेलने का निर्णय लिया है। एन.पी.एस. को छोड़कर पुराने डी.पी.बी.एस. को अपनाया, ऐसा लगता है कि यह कोई लोकलुभावन राजनैतिक निर्णय है। अगले साल राजस्थान विधानसभा के चुनाव होने हैं और 2004 के बाद के राज्य कर्मचारियों को खुश कर उनका वोट प्राप्त करने की एक लोकलुभावन योजना है। इसके अलावा भी अन्य कई कारण है।

राजस्थान सरकार पर राजकोषीय दबाव हमेशा बना रहता है। पेंशन के तहत अवकाश प्राप्त कर्मचारियों के पेंशन भुगतान के अलावा नए कर्मचारियों के एन.पी.एस. में भुगतान का दबाव राज्य सरकार पर आता रहता है और हर वर्ष यह राशि बढ़ती ही जाती है। वर्तमान में राज्य के पेंशन धारियों और पारिवारिक पेंशन प्राप्त करने वालों की संख्या पांच लाख साठ हजार है और नई नौकरियों के कारण यह संख्या प्रत्येक वर्ष 30,000 कर्मचारियों के रूप में वर्ष 2030 तक बढ़ती जाएगी। एन.पी.एस. के अन्तर्गत वर्तमान में 5.60 लाख कर्मचारी लाभान्वित हो रहे हैं। इन कर्मचारियों के पेंशन फण्ड की राशि का भुगतान राज्य सरकार कर रही है। ऐसे कर्मचारियों की संख्या हर साल 30,000 बढ़ती जाएगी। यह 30,000 की संख्या तो उस स्थिति में है, जब केवल अवकाश प्राप्त कर्मचारियों का स्थान भरने के लिए नियुक्तियाँ की जाएगीं।

राज्य सरकार 23,000 करोड़ वर्तमान वित्त वर्ष में पेंशन के तहत खर्च कर चुकी है और इसी वित्त वर्ष में नई पेंशन स्कीम के तहत 29,000 करोड़ अलग से भुगतान कर चुकी है। यह वित्तीय भार हर वर्ष 2030 तक 7.5 प्रतिशत की दर से बढ़ेगा।

इस प्रकार पुरानी पेंशन योजना को अपनाकर राज्य सरकार आगे आने वाली पीढ़ी के लिए निरन्तर बढ़ने वाली देनदारियों का सामान इकट्ठा कर चुकी है। राज्य सरकार अपने वर्तमान के राजकोषीय दबाव को स्थगित कर आगे आने वाले वाली पीढ़ी के लिए वित्तीय बोझ ढोने का भी इंतजाम कर चुकी है। बेहतर होता कि वर्तमान राजकोषीय दबाव को कम करने के लिए राज्य सरकार वित्त आयोग के पास जाकर 0.5 प्रतिशत अतिरिक्त राजकोषीय घाटे की सीमा की माँग करती। आश्चर्य की बात है कि वित्त आयोग ने राज्यों की वित्तीय कठिनाईयों पर अभी तक विचार ही नहीं किया है।

एन.पी.एस. के लाभार्थियों की भी अपनी चिन्ताएं हैं। ऐसे कर्मचारियों को जिन्हें एन.पी.एस. की सुविधा है यह पता नहीं कि अवकाश प्राप्त करने पर उन्हे कितनी राशि बतौर पेंशन मिला करेगी। इसका कारण है कि एन.पी.एस. के अन्तर्गत जिस कोष में यह पैसा जमा होता है उसका उपयोग बाजार में निवेश के रूप में होता है और ऐसे निवेश को बाजार के उलटफेर से होने वाले लाभ-हानि को झेलना पड़ता है।

कर्मचारियों की सबसे बड़ी भय और शंका उनके कोष का निवेश बाजार में करने के कारण हो रहा है। बाजार के रूख पर सब कुछ निर्भर है। एन.पी.एस. के अन्तर्गत लाभार्थियों को नौ प्रतिशत का लाभ दिया जा रहा है जो इ.पी.एफ.ओ., पी.पी.एफ. या फिक्स डिपॉज़िट से अधिक है।

पेंशन फण्ड की अधिकांश निवेश सरकारी बाण्डों पर किया जाता है जो सुरक्षित है और इसके अन्तर्गत बाजार में गिरावट के बावजूद जमा राशि को सुरक्षित रखता है। लेकिन बाजार के उपर चढ़ने पर जो फायदा मिलता है उसका लाभ पेंशनधारी को नहीं नहीं मिलता। लेकिन डी.पी.बी.एस. के अन्तर्गत सबसे बड़ा लाभ यह है कि मँहगाई दर बढ़ने के साथ ही मँहगाई भत्ते के रूप में पेंशन राशि में भी समय-समय पर वृद्धि होती रहती है।

एन.पी.एस. के अन्तर्गत कर्मचारियों को वह लाभ सुलभ नहीं हो पाता जो मृत्यु की अवस्था में पुरानी पेंशन योजना के अन्तर्गत मृतक कर्मचारियों को मिला करता था। इसके लिए ग्रुप इंश्योरेन्स कर एन.पी.एस. के अन्तर्गत कर्मचारियों को पृथक से लाभान्वित किया जा सकता है। राज्य सरकार 29,400 करोड़ के घाटे में है जिसका मतलब है कि ऋण राशि की ब्याज चुकाने के लिए भी उसे ऋण लेना पड़ता है। यह स्थिति 2035 तक चलेगी ही चलेगी। लेकिन वर्ष 2035 के बाद राज्य सरकार को पेंशन की देनदारियों की सुनामी झेलनी पड़ेगी जब एन.पी.एस. के लाभार्थियों को राज्य सरकार को पेंशन भुगतान करना पड़ेगा। राज्य सरकार यह भुगतान कैसे करेगी। टैक्स से कितना पैसा आएगा, अभी बाड़मेर के तेल भण्डारों से रॉयल्टी आती है। लेकिन तब तक तो बाड़मेर के तेल के कुँए भी सूख जाएगें।

वर्तमान में राज्य सरकार 23 हजार करोड़ रू. पेंशन के तहत और 60,293 करोड़ रू. वेतन के मद में खर्च करती है। यह कर और गैर-कर मद से खर्च किया जाता है। इस प्रकार 10 लाख परिवार 56 प्रतिशत राज्य का राजस्व खा जाते हैं।

राज्य सरकार ने अगले वर्ष चुनाव को देखते हुए कर्मचारियों को जो उपहार दिया है उसका बोझ अगले कई वर्षों तक नई पीढ़ियों को उठाना पड़ेगा।




राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा। आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्स:01562-256908